3 | राजधानी
एप्लीकेशन आधारित शिक्षा को प्रमोट करेगा लविवि

6 | अभिमत
भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत

10 | विदेश
पुतिन ने शी का स्वागत किया

11 | राष्ट्रीय
महाराष्ट्र में सरकारी कर्मियों की हड़ताल समाप्त

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 149
लखनऊ, मंगलवार, 21 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नीरज के प्रशिक्षण के लिए धन उपलब्ध करायेगा टॉप्स
स्पोर्ट्स-12

लंदन मिशन में भारतीय ध्वज उतारने की कोशिश का मामला

# भारत ने जताया कड़ा विरोध, सुरक्षा सख्त करेगा ब्रिटेन

- कहा- मिशन में तोड़फोड़ शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य, मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार
- नई दिल्ली ने ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को तलब कर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने पर स्पष्टीकरण मांगा था

**पीएनएस/एजेंसी।** लंदन/नई दिल्ली

**ब्रिटेन** के शीर्ष अधिकारियों ने अलगाववादी खालिस्तानी झंडे लहराने वाले प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ को शर्मनाक और पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार यहां भारतीय मिशन की सुरक्षा को गंभीरता से लेगी। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहीं नई दिल्ली में भारत ने ब्रिटेन से अपने लंदन मिशन में रविवार को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज उतरने से जुड़े मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ अभियोग चलाने को कहा है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्वात्रा ने कहा कि भारत ने इस मामले में कड़ा विरोध जताया है और ब्रिटिश अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बताया है कि भारतीय उच्चायोग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

रविवार की रात दिल्ली में सबसे वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया था और सुरक्षा व्यवस्था के अभाव पर स्पष्टीकरण मांगा था। समझा जाता है कि ब्रिटिश उप उच्चायुक्त क्रिस्टीना स्कॉट को घटना के मद्देनजर विदेश मंत्रालय में तलब किया गया था क्योंकि उच्चायुक्त एलेक्स एलिस दिल्ली से बाहर हैं। गौरतलब है कि खालिस्तानी झंडे लहराते हुए और खालिस्तानी समर्थक नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को रविवार शाम उतारने का प्रयास किया था। घटना के बाद हिंसक उपद्रव के संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उच्चायोग के अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों का यह प्रयास नाकाम रहा और तिरंगा शान से लहरा रहा है। इसके साथ ही इंडिया हाउस में अब एक बड़ा तिरंगा लगाया गया है। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने बताया कि सुरक्षा स्टाफ के दो सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं लेकिन उन्हें अस्पताल ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिसर की अतिरिक्त सुरक्षा के बारे में पूछे जाने पर पुलिस ने कहा कि वह सुरक्षा मामलों पर चर्चा नहीं करेगी। विदेश कार्यालय में मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद ने कहा कि वह स्तब्ध हैं और सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेगी। मिशन तथा उसके कर्मियों की अखंडता के खिलाफ उठाया गया यह कदम पूरी तरह अस्वीकार्य कृत्य है। ब्रिटेन सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को हमेशा गंभीरता से लेगी।

## अमृतपाल से जुड़े पांच लोगों पर लगा रासुका

**पीएनएस/एजेंसी।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस ने कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करते हुए मामले में आईएसआई पहलू होने का संदेह जताया। वहीं अमृतपाल के समूह वारिस पंजाब दे के खिलाफ जारी राज्यव्यापी कार्रवाई के बीच उसके चाचा हरजीत सिंह और वाहन चालक हरप्रीत सिंह ने रविवार मध्यरात्रि को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस बीच, पंजाब सरकार ने मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं पर रोक मंगलवार दोपहर तक बढ़ा दी है। अधिकारियों के अनुसार वारिस पंजाब दे के खातों को संभालने वाला हरजीत सिंह उन पांच लोगों में शामिल है, जिनके खिलाफ रासुका लगाया गया है।



जालंधर में अमृतपाल सिंह मामले को लेकर फ्लैग मार्च करते सुरक्षा बल

- चाचा और वाहन चालक किया आत्मसमर्पण, मामले में आईएसआई पहलू होने का पुलिस ने जताया संदेह

रासुका के तहत ऐसे किसी भी व्यक्ति को एहतियाती तौर पर हिरासत में लेने की अनुमति होती है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा होता है। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि विशेष इकाइयां उपदेशक को पकड़ने के प्रयासों में शामिल हैं, जो शनिवार को जालंधर जिले में एक कार का पीछा करने के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

## सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला


**पीएनएस/एजेंसी।** वाशिंगटन/नई दिल्ली

**खालिस्तान**-समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किया और इसे क्षति पहुंचाई। भारतीय-अमेरिकियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। वहीं भारत ने अमेरिका से कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि वह इस संबंध में उचित कदम उठाये जिससे कि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले को लेकर फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज ने कहा, हम लंदन के साथ-साथ सैन फ्रांसिस्को में भी कानून-व्यवस्था की विफलता से चकित हैं।

## कनाडा में भारतीय राजदूत ने रद्द किया कार्यक्रम

**नई ब्रिटिश** कोलंबिया (कनाडा)। भारत में अमृतपाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई का असर कनाडा में भी दिख रहा है। भारत के राजदूत को ब्रिटिश कोलंबिया में आयोजित एक कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा क्योंकि कथित खालिस्तान समर्थकों ने आयोजन स्थल पर प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया था। बताया जाता है कि कुछ प्रदर्शनकारी तलवारों से लैस थे। एक अन्य घटना में 21 वर्षीय सिख छात्र पर ब्रिटिश कोलंबिया में हमला किया गया। भारतीय राजनयिक से संबंधित घटना रविवार शाम की है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे में फ्रेंड्स ऑफ इंडिया तथा कनाडा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक रिसेप्शन में हिस्सा लेना था।

## भारत-जापान बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी



- मोदी व किशिदा ने हिंद प्रशांत, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और जापान ने सोमवार को क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है। दोनों देशों का यह आपसी सहयोग हिंद-प्रशांत में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देता है। पीएम मोदी ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यापक वार्ता की। मोदी और किशिदा ने जी20 की भारत की अध्यक्षता और जी7 समूह की जापान की अध्यक्षता में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मुख्य तौर पर स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और सैन्य साजोसामान के सह-विकास के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही चीन की बढ़ती सैन्य मुखरता के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के तरीके तलाशने पर जोर दिया।

### जापानी प्रधानमंत्री को भेंट की चंदन से बनी बुद्ध प्रतिमा

**प्रधानमंत्री** मोदी ने फुमियो किशिदा को कदमवुड जाली बॉक्स (कदम्ब की लकड़ी से बना जालीदार बक्सा) में लगी चंदन की बुद्ध की प्रतिमा भी भेंट की। कलाकृति कर्नाटक की समृद्ध विरासत से जुड़ी हुई है। प्रतिमा में बुद्ध बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान मुद्रा में बैठे हैं। ध्यान मुद्रा ध्यान की एक स्थिति है। इसके जरिए आध्यात्मिक दक्षता भी हासिल की जाती है। अधिकारियों ने कहा कि चंदन की नक्काशी की कला एक उत्तम और प्राचीन शिल्प है जो सदियों से दक्षिणी भारतीय राज्य में प्रचलित है और इस शिल्प में सुगंधित चंदन के ब्लॉकों में जटिल डिजाइनों को तराशना, जटिल मूर्तियां, मूर्तियां और अन्य सजावटी सामान बनाना शामिल है।

## संसद में जारी रहा गतिरोध, सत्ता पक्ष एवं विपक्ष अड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से माफी की मांग और कांग्रेस सहित कई अन्य विपक्षी दलों की ओर से अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने में सरकार की विफलता के मुद्दे पर हुए हंगामे की वजह से सोमवार को भी संसद में गतिरोध कायम रहा। उधर एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि राहुल गांधी यदि माफी मांग लेते हैं तो संसद में गतिरोध खत्म हो सकता है। हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर शुरू होने के मात्र कुछ ही मिनट में ही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा में पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल में सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई।

## बीआरएस नेता कविता से ईडी ने 10 घंटे पूछताछ की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत राष्ट्र** समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दूसरे चरण की पूछताछ के लिए सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं और एजेंसी ने उनसे करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हरे रंग की साड़ी पहने हुए कविता सुबह करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय पहुंचीं और उनसे पूछताछ और उनका बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्वाह्न करीब 11 बजे शुरू हुई जो रात करीब पौने नौ बजे तक चली। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं विधान परिषद की सदस्य कविता (44) से इस मामले में सबसे पहले 11 मार्च को करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी। इसके बाद उन्हें 16 मार्च को फिर से तलब किया गया था, लेकिन वह मामले में ईडी की कार्वाई के खिलाफ राहत के अनुरोध को लेकर उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका के लंबित रहने का हवाला देते हुए पेश नहीं हुई थीं। संघीय जांच एजेंसी ने उनके दावों को खारिज कर दिया था और उन्हें 20 मार्च को पेश होने के लिए कहा था। उच्चतम न्यायालय ने 24 मार्च को उनकी याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। ऐसी जानकारी है कि 11 मार्च को ईडी के कार्यालय में करीब नौ घंटे तक पूछताछ के दौरान कविता से हैदराबाद स्थित कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई के बयानों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।



## बांग्लादेश ने भारत को चटगांव सिलहट बंदरगाह का इस्तेमाल करने की पेशकश दी

**ढाका (भाषा)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चटगांवऔर सिलहट में देश के बंदरगाहों का इस्तेमाल करने की भारत को पेशकश करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ेगा। चटगांव बांग्लादेश का एक महत्वपूर्ण बंदरगाह है जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के निकट होने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने प्रधानमंत्री हसीना के हवाले से कहा, यदि भारत चाहे तो वह हमारे चटगांव और सिलहट बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकता है। इंडिया फाउंडेशन के राम माधव ने रविवार को हसीना के आधिकारिक आवास गणभवन में उनसे मुलाकात की थी जिस दौरान प्रधानमंत्री ने यह पेशकश की। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि इस कदम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ेगा। खबर के अनुसार, माधव के साथ बातचीत में हसीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपना शुभकामना संदेश भी भेजा।

## अगले साल 28 फरवरी तक बकाया पेंशन दे केंद्र

ओआरओपी

- सर्वोच्च न्यायालय ने ओआरओपी के तहत बकाया भुगतान पर केंद्र के सीलबंद लिफाफे में जवाब को फिर किया अस्वीकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत पूर्व सैन्य कर्मियों को बकाए का भुगतान करने पर उसके 2022 के आदेश का पालन करने के लिए बाध्य है। अदालत ने कहा कि केंद्र 2019-2022 के बकाये के रूप में 28,000 करोड़ रुपए की राशि अगले साल 28 फरवरी तक दे दे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर ओआरओपी के बकाए के भुगतान पर केंद्र द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए जवाब को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने रक्षा मंत्रालय को पूर्व सैन्य कर्मियों को बकाए का भुगतान करने के लिए समय दिया। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार ओआरओपी योजना के संदर्भ में इस अदालत के फैसले का पालन करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि 25 लाख पेंशनभोगियों में से चार लाख ओआरओपी योजना के योग्य नहीं पाए गए, क्योंकि उन्हें बढ़ी हुई पेंशन मिल रही थी और केंद्र ने 30 अप्रैल 2023 तक बकाए का भुगतान करने का प्रस्ताव दिया था। न्यायालय ने इस समय सीमा को अगले साल 28 फरवरी कर दिया। उसने ओआरओपी योजना के तहत पेंशनभोगियों के विभिन्न समूहों को बकाए के भुगतान के लिए समय दिया। पीठ ने निर्देश दिया कि छह लाख पेंशनभोगी परिवार और वीरता पदक विजेताओं को 30 अप्रैल 2023 तक ओआरओपी के बकाए का भुगतान किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के करीब चार-पांच लाख सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को इस साल 30 जून तक एक या उससे अधिक किस्तों में ओआरओपी के बकाए का भुगतान किया जाए।

पीठ ने कहा कि बाकी के 10-11 लाख पेंशनभोगियों को ओआरओपी के बकाए का भुगतान अगले साल 28 फरवरी तक तीन बराबर किस्तों में किया जाए। इसके साथ ही पीठ ने यह साफ कर दिया कि बकाए का भुगतान पूर्व सैन्य कर्मियों की पेंशन को समान करने की प्रक्रिया पर असर नहीं डालेगा जो 2024 में किया जाना है। सुनवाई शुरू होने पर शीर्ष न्यायालय ने ओआरओपी के बकाए के भुगतान पर केंद्र द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए जवाब को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमें उच्चतम न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में जवाब दिए जाने के चलन पर रोक लगाने की जरूरत है।

## खेड़ा पर दर्ज तीन प्राथमिकी लखनऊ स्थानांतरित

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज तीन प्राथमिकियों को एक साथ मिला दिया और इन्हें उत्तर प्रदेश में लखनऊ के हजरतगंज थाने में स्थानांतरित कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने खेड़ा की अंतरिम जमानत को 10 अप्रैल तक बढ़ा दिया और इस तथ्य पर ध्यान दिया कि कांग्रेस नेता के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। खेड़ा के खिलाफ वाराणसी के छावनी थाने और लखनऊ के हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं जबकि तीसरी प्राथमिकी असम में दर्ज की गई थी। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि तीनों प्राथमिकी को लखनऊ के हजरतगंज थाने में स्थानांतरित कर दिया जाए। खेड़ा को मामले में नियमित जमानत लेने के लिए लखनऊ में सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश होना होगा। शीर्ष अदालत ने पूर्व में भी खेड़ा की अंतरिम जमानत बढ़ा दी थी।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,628 | ↓ 360 | |
| निफ्टी | 16,988 | ↓ 111 | |
| सोना | 60,100 | ↑ 1400 | /10g |
| चांदी | 69,340 | ↑ 1860 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सोना 60,100 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** विदेशों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,400 रुपए की तेजी के साथ 60,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,860 रुपए के उछाल के साथ 69,340 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजार में सोने का हाजिर भाव 1,400 रुपए की तेजी के साथ 60,100 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 2,005 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी का भाव तेजी के साथ 22.55 डॉलर प्रति औंस हो गया। गांधी ने कहा कि एशियाई कारोबार के घंटों में सोमवार को कॉमेक्स में सोने की कीमतों में तेजी रही।

## मोदी की पहल से ऊर्जा में आत्मनिर्भर होगा भारत

- अमेरिकी रिपोर्ट में दावा, कच्चे तेल के आयात को 2047 तक 90 प्रतिशत या 240 अरब डॉलर तक किया जा सकता है कम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की आत्मनिर्भर होने की ललक वैश्विक स्तर पर छाप छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत पहल के कारण स्वच्छ ऊर्जा के जरिए देश 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है। अमेरिका के एक शीर्ष शोध संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में बड़े विस्तार से सरकार को आयात में अरबों डॉलर की बचत होगी। अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित शोध एवं विकास केंद्र लॉरेंस बर्कले नेशनल लैबोरेटरी ने द इंडिया एनर्जी एंड क्लाइमेट सेंटर (आईईसीसी) के साथ मिलकर 'आत्मनिर्भर भारत का रास्ता' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें भारत द्वारा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला गया है।

भारत अपनी कच्चे तेल और कोयले की 80 से 85 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी करता है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में इनकी कीमत और आपूर्ति में उतार-चढ़ाव के कारण भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि स्वच्छ ऊर्जा की कीमतों में हाल ही में नाटकीय ढंग से आई कमी से भारत को अक्षय ऊर्जा, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन में निवेश के माध्यम से ऊर्जा आयात को कम करने का अवसर मिला है।

## बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की बढ़ीं मुश्किलें

- खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों की फसलों के साथ ही आम व आलू भी प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र में भीगकर चौपट हुई गेहूं की फसल

**बेमौसम** बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने गेहूं, सरसों आदि फसलों को काफी बुरी तरह से प्रभावित किया है। उद्यान निदेशक डॉ. आरके तोमर के मुताबिक इस बारिश के साथ यदि तेज हवाएं चल जाती हैं तो यह फसल के लिए बर्बादी का सबब बन जाएगा। कृषि विभाग ने इस बदलते मौसम में किसानों को फसलों को लेकर सतर्कता बरतने को कहा है। जहां सरसों पक गई है वहां फसल की कटाई तत्काल करने की सलाह दी है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. संदीप चौधरी के मुताबिक ओलावृष्टि का गेहूं, सरसों आदि सभी फसलों पर सबसे बुरा असर पड़ेगा। इस बारिश से मक्का, उर्द, मूंग में कम अंकुरण होगा वहीं चना, मटर की खेती में जल जमाव के कारण बीज विस्थापन के कारण खराब अंकुरण हो सकता है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि इस बारिश से हो रहे नुक्सान के आंकलन के लिए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। रिपोर्ट आपदा आयुक्त को मिलते ही जहां कहीं भी किसानों को फसल का नुकसान हुआ है, उन्हें तत्काल मदद प्रदान की जाएगी।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत पूर्वांचल के कई शहरों में सोमवार की सुबह झमाझम बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक यूपी के कई इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवात का असर है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में पूरे दिन बादल छाए रहे। मौसम भी अन्य दिनों कीं अपेक्षा ठंडा रहा। लखनऊ, गोरखपुर सहित कई जिलों में पिछले चार दिनों से बादलों की आवाजाही के बीच तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ में भोर तीन बजे के बाद करीब 20 किलामीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवांए चल रही थीं। तेज हवाओं के बाद आसमान में काले बादल छा गए और गरज के साथ बारिश होने लगी। जो सुबह करीब नौ बजे तक होती रही। मौसम विभाग ने भी पूर्वानुमान के तहत भविष्यवाणी की थी कि अभी यूपी में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। मैंगो ग्रोवर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन इंसराम अली ने बताया कि इस बारिश से आम की बौर पर काफी बुरा प्रभाव पड़ा है। बारिश ने आम की बौर को नुक्सान पहुंचाया है जिसका सीधा असर आम की फसल पर पड़ेगा।

### क्षति का आकलन कर डीएम दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें : राहत आयुक्त

**लखनऊ।** राहत आयुक्त प्रभु एन सिंह ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से बारिश से फसल की क्षति के सम्बन्ध में आकलन कराकर दो दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। राहत आयुक्त ने प्रदेश के समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्तमान में जिस जनपद में वर्षा, ओलावृष्टि हुई है, जिसके कारण जनहानि पशुहानि या मकानक्षति हुई है तो पीड़ित परिवार को राहत अनुदान राशि तत्काल उपलब्ध करा दी जाय। इसके साथ ही यदि कृषकों की फसल क्षति भी हुई है, तो तत्काल टीमें बनाकर फसल क्षति का आकलन करा लिया जाय तथा राहत आयुक्त कार्यालय को सूचना 2 दिवस के अंदर प्रेषित की जाय। उन्होंने कहा ताकि कृषकों को कृषि निवेश अनुदान प्रदान किया जा सके।

# गांवों में निर्मित करें खेल का बेहतर वातावरणः मुख्यमंत्री

● सीएम ने युवक व महिला मंगल दलों को वितरित की खेल प्रोत्साहन सामग्री

● अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षकों को 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर प्रदान किया नियुक्ति पत्र



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'खेलो इण्डिया एवं फिट इण्डिया' अभियान के माध्यम से देश में खेल एवं खेल भावना का विकास किया जा रहा है। आज सांसद खेल महाकुम्भ सभी संसदीय क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं। इनसे युवाओं को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं। देश में खेल के प्रति एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि युवक एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आपसी सौहार्द व समन्वय का एक बेहतरीन केन्द्र बना सकते हैं। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना' को साकार करते हुए युवक एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। सीएम ने कहा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड, वर्ल्ड चैम्पियनशिप इत्यादि में हमारे खिलाड़ी अधिक संख्या में प्रतिभाग कर रहे हैं और पदकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। प्रदेश सरकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करते हुए उन्हें डेढ़ लाख रुपये मासिक मानदेय उपलब्ध कराने की कार्यवाही कर रही है। उन्होंने युवाओं से पठन-पाठन के साथ खेल व अन्य गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवक एवं महिला मंगल दल देश की नींव और समृद्धि का आधार हैं। युवक मंगल दल का गठन 1956 में तथा 1985-86 में महिला मंगल दल का गठन हुआ था। आज इन्हें और विस्तार देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने विगत 5 वर्षों में युवक एवं महिला मंगल दलों को 65 हजार स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी हैं। आज लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में युवक एवं महिला मंगल दलों को 15 हजार स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी जा रही हैं। स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। प्रदेश सरकार आगामी वर्ष तक सभी ग्राम पंचायतों के युवक एवं महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने का सफल प्रयास करेगी। युवक एवं महिला मंगल दल उपलब्ध करायी जा रही स्पोर्ट्स किट को अपने गांव में खेल-कूद की गतिविधियों का आधार बनाएं। गांवों में खेल का एक बेहतर वातावरण निर्मित करें और विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करें। यह मंगल दल युवाओं व बच्चों को नेतृत्व प्रदान करते हुए उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करें। गांवों में खेल का मैदान खेल के साथ विभिन्न मांगलिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल का बेहतरीन माध्यम भी सिद्ध होगा। गांवों को सुन्दर, सुरक्षित, खुशहाल, आत्मनिर्भर व रचनात्मक गतिविधियों का केन्द्र बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सभी गतिविधियों में हमारे गांव स्मार्ट विलेज के रूप में दिखेंए ऐसा हम सबका प्रयास होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, प्रशिक्षकों को 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर खेल प्रशिक्षक का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभाग कर चुके एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एथलेटिक्स खिलाड़ी जसविन्दर सिंह भाटिया को आवासीय एथलेटिक्स छात्रावास वाराणसी का खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। पूर्व ओलम्पियन एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित गोरखपुर की हॉकी खिलाड़ी प्रेम माया को वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर में तथा पूर्व ओलम्पियन एवं ध्यानचन्द पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अली को गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया। एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी श्रीमती रंजना गुप्ता को आवासीय हॉकी बालिका छात्रावास लखनऊ में तथा पूर्व ओलम्पियन हॉकी खिलाड़ी श्री शकील अहमद खान को आवासीय हॉकी छात्रावास वाराणसी, वर्ल्ड कप एवं एशियन गेम्स में प्रतिभाग कर चुके लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी रजनीश कुमार मिश्रा को आवासीय हॉकी छात्रावास लखनऊ में और एशियन गेम्स में प्रतिभाग कर चुके फुटबॉल खिलाड़ी शम्सी रज़ा को आवासीय फुटबॉल छात्रावास वाराणसी में खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही, उन्होंने 26वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में लोक गीत विधा में प्रथम पुरस्कार विजेता जनपद महोबा की महिला मंगल दल की लोक कलाकारों को भी सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दलों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम को खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगलए सचिव युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल सुहास एलवाई, खेल निदेशक आरपी सिंह सहित शासन.प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नवनिर्मित पुलिस लाइन्स को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए

● सीएम के समक्ष पुलिस-पीएसी की योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतिकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष सोमवार को उनके सरकारी आवास पर पुलिस एवं पीएसी की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बनने वाली पुलिस लाइन्स को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। इनमें उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यों एवं उपलब्धियों के सम्बन्ध में एक म्युजियम बनाया जाए। इसके साथ हीए प्रत्येक पुलिस लाइन्स में शहीद स्मारक के निर्माण की कार्यवाही भी की जाए। पुलिस लाइन्स में सेफ सिटी परियोजना के लिए स्थान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित हो रहे उत्तर प्रदेश स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूरा किया जाए। इसे विश्वस्तरीय संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। इस वर्ष इसमें कुछ कोर्सेज की शुरुआत कर दी जाए। इनमें पोस्ट ग्रेजुएट तथा अण्डर ग्रेजुएट कोर्सेज के साथ पीजी डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किए जाएं। इनमें ड्रोन सिक्योरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, टॉक्सिकोलॉजी, डीएनए, जीनोम सिक्वेंसिंग सहित न्यू ऐज कोर्सेज संचालित किए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएसी वाहिनियों में भी म्युजियम तथा शहीद स्मारक की स्थापना की जाए। समस्त पीएसी वाहिनियों में खेलकूद की गतिविधियां होनी चाहिए। पीएसी की विभिन्न वाहिनियों के मध्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन कराया जाए। पीएसी वाहिनियों में जवानों द्वारा श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता आदि से सम्बन्धित गतिविधियां की जानी चाहिए। उन्होंने जनपद गोरखपुरए लखनऊ तथा बदायूं में स्थापित हो रहीं पी0ए0सी0 महिला बटालियन के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पीएसी द्वारा बिजनौर से वाराणसी तक नौकाओं से गंगा यात्रा का आयोजन किया जाए।

राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन प्रासंगिक होगा। इस यात्रा को नमामि गंगे परियोजना से जोड़ते हुए गंगा जी के तटवर्ती क्षेत्रों में साफसफाई के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। प्रथम चैत्र नवरात्रि के दौरान 22 से 29 मार्चए 2023 के दौरान प्रदेश में महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया जाए। यह रैली पूर्व से पश्चिम विन्ध्याचल धाम से जनपद गौतमबुद्धनगर तथा उत्तर से दक्षिण ;देवीपाटन धाम से जनपद ललितपुर के मध्य 02 पहिया वाहनों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा निकाली जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि पीएसी के जवानों के बैरकों एवं आवासीय व्यवस्था में मूलभूत सुधार हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त 03 करोड़ 75 लाख रुपये की धनराशि के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 4 गुना अधिक 14 करोड़ 50 लाख 85 हजार रुपये का अनुदान दिया गया है। इससे पीएसी के जवानों की मूलभूत सुविधाओं में गुणात्मक सुधार हुआ है। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने पर दें विशेष ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नार्को की राज्य स्तरीय समिति की तृतीय बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि नशीले पदार्थों की अवैध खेती व तस्करी रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाये। सीमा सुरक्षा बल से समन्वय कर सीमा क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। नशीले पदार्थों व दवाओं के सेवन करने वाले व्यक्तियों को उपचार के लिए पुनर्वास व नशा मुक्ति केन्द्र भेजा जाये और समय-समय पर अधिकारियों द्वारा इन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाये। प्रत्येक जनपद के अफीम पोस्त की फसल का प्रत्येक वर्ष अनिवार्य रुप से सैटेलाइट मैपिंग की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से निरन्तर निगरानी रखी जाए।

नशीले दवाओं के सेवन एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए 25 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया। शिक्षण संस्थानों व विद्यालयों में नशीले दवाओं के सेवन एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए 'जीवन को हां, ड्रग्स को ना' संबंधी ई-शपथ दिलायी जाये। नुक्कड़ सभाओं, समाचार पत्र, सिनेमा घरों व टेलीविजन आदि विभिन्न प्रचार माध्यमों से भी नशा विरोधी जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जाए। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा गठन के पश्चात 14 प्रकरणों में 28 अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लगभग 15.63 करोड़ रुपए के मूल्य की कुल 966.100 किलो मादक पदार्थों की बरामदगी की गयी है। 2022 में पुलिस द्वारा 12194 अभियोग दर्ज कर 13466 अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा 87143 किलोग्राम मादक पदार्थों की बरामदगी की गयी। फसली वर्ष 2021-2022 की समाप्ति पर 1420 कृषको द्वारा 92.4252 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि पर विनष्टीकरण संयुक्त टीम की निगरानी में सम्पादित किया जा चुका है। एएनटीएफ व जिला पुलिस द्वारा 3 प्रकरणों में 168.5 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी तथा एसीबी व एसटीएफद्वारा 7 प्रकरणों में 2938 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गयी है। राज्य में लखनऊ क्षेत्र में 5, प्रयागराज क्षेत्र में 2, वाराणसी क्षेत्र में 5, मुरादाबाद क्षेत्र में 2, मेरठ क्षेत्र में 6, आगरा व गोरखपुर क्षेत्र में 1-1 कुल 22 पुनर्वास/ नशा मुक्ति केन्द्र क्रियाशील है। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी, एडीजी अपराध एमके बशाल, सचिव गृह बीडी पॉलसन सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना में मुरादाबाद व अयोध्या के लिए 594.95 लाख रुपए मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद एवं अयोध्या में 12 कार्यों के लिए कुल 594.95 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गयी धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों के निवर्तन पर रखी गयी है। इस सम्बन्ध में नियोजन विभाग ने आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार जनपद मुरादाबाद की विधानसभा मुरादाबाद नगर में तीन कार्यों के लिए 304.82 लाख रूपये तथा जनपद अयोध्या की विधानसभा क्षेत्र बीकापुर में 9 कार्यों के लिए 290.13 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

# प्रदेश सरकार ने लघु व सीमांत किसानों को दी राहत

● हर खेत को पानी देने के पुराने आदेश में कई संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी सरकार** ने लघु व सीमांत किसानों को राहत देते हुए लघु सिंचाई विभाग के तहत हर खेत को पानी देने के लिए पुराने आदेश में कई संशोधन किए हैं। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के क्रियान्वयन के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के घटक 'हर खेत को पानी' अभियान के लिए मध्यम गहरे नलकूप व गहरे नलकूप से जुड़े प्रावधानों में सरकार ने बड़े बदलाव किए हैं। मध्यम गहरे नलकूपों में बोरिंग पर अब योगी सरकार 1.75 लाख रुपये प्रदान करेगी। पहले यह राशि महज 75 हजार रुपये थी। गहरे नलकूपों पर बोरिंग में भी यह राशि एक लाख से बढ़ाकर 2.65 लाख रुपये कर दी गई है। योगी सरकार के इस प्रयास से किसानों को आर्थिक रूप से संबल मिलेगा। मध्यम गहरे नलकूप के तहत बोरिंग के लिए अब 1.75 लाख आदेश में किए गए संशोधन के अनुसार योगी सरकार ने मध्यम गहरे नलकूप बोरिंग के तहत किसानों को राहत देने के लिए कई प्रावधानों में बदलाव किया है। इसमें पहले लघु-सीमांत किसानों को बोरिंग के लिए जहां 75 हजार रुपये दिए जाते थे वहीं अब इस राशि को बढ़ाकर 1.75 लाख रुपये कर दिया गया है। जल वितरण प्रणाली के लिए पहले 10 हजार दिये जाते थे जो अब 14 हजार रुपये कर दिया गया है।

नलकूपों पर अलग से विद्युतिकरण के लिए तय राशि अब भी 68 हजार रुपये ही रहेगी। सामान्य श्रेणी के किसानों को नलकूपों की स्थापना के लिए अब 2.57 लाख रुपये मिलेंगे। पहले यह राशि 1.53 लाख थी। अनु. जाति-जनजाति श्रेणी के किसानों का भी योगी सरकार ने पूरा ध्यान रखा है। इनके नलकूपों पर अनिवार्य रूप से पांच हार्सपावर के सौर ऊर्जा चालित पंप की स्थापना पर 3.85 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। अनु. जाति के श्रेणी के किसानों को नलकूपों पर अधिकतम 5.74 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। पहले यह राशि 4.70 लाख रुपये थी। गहरे नलकूपों में बोरिंग के लिए 2.65 लाख गहरे नलकूपों में लघु-सीमांत कृषकों को बोरिंग के लिए अब 2.65 लाख रुपये दिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी ने बताया कि पहले यह राशि एक लाख रुपये थी।

जल वितरण प्रणाली के लिए राशि 10 हजार से बढ़ाकर 14 हजार रुपये की गई है। सामान्य श्रेणी के किसानों के लिए नलकूपों पर विद्युतीकरण के लिए अनुदान राशि पूर्ववर्ती 68 हजार ही रहेगी। सामान्य श्रेणी के नलकूपों पर 3.47 लाख रुपये का अनुदान होगा। यह राशि पहले 1.78 लाख रुपये थी। अनु. जाति-जनजाति के किसानों के नलकूपों पर पांच हार्स पावर के सौर ऊर्जा चालित पंप की स्थापना की जाएगी। 3.85 लाख रुपये का अनुदान होगा। अनु. जाति के श्रेणी के किसानों के नलकूपों पर अधिकतम 6.64 लाख रुपये अनुदान प्राप्त होगा। यह राशि पहले 4.95 लाख रुपये थी। सोलर पंप की खरीदारी यूपी नेडा व पंजीकृत वेंडरों व जेम पोर्टल के जरिए किया जाएगा। योजना में महिला किसानों के चयन को वरीयता भी दी जाएगी।

# मत्स्य पालन मंत्री ने सीएम से मिलकर निषाद जयंती का दिया निमंत्रण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निषाद पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य पालन विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन में मुलाकात की। मंत्री ने चैत्र शुक्ल पंचमी 26 मार्च को महाराजा गुहराज निषाद जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मत्स्य मंत्री ने महाराजा गुह्यराज निषाद जयंती के अवसर पर श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को बतौर मुख्य अतिथि शिकरत करने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान प्रदेश सरकार में वरिष्ठ सहयोगी एवं कैबिनेट मंत्री (पर्यटन विभाग) जयवीर सिंह और संतकबीरनगर के सांसद ई. प्रवीण निषाद भी मौजूद रहे। निषाद ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा जयंती को विशाल एवं भव्य बनाने का निर्देश दिया गया है, जिसे पर्यटन विभाग और निषाद पार्टी एवं बीजेपी सफ्ल बनाने में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार मछुआ समुदाय के हित में जो भी बड़े कदम उठाने होंगे, वे जरूर उठाए जायेंगे, चाहे फिर वो प्रयास निषाद संस्कृति को बचाने के लिए हो या आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक हित के लिए हो। प्रदेश सरकार मछुआ समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है।

# सरकारी भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाएं सभी विभागः मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने नियंत्रणाधीन भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाया जाए, साथ ही भविष्य में निर्मित होने वाले भवनों में भी दिव्यांगजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी सरकारी भवनों में दिव्यांगजनों के लिए शौचालय की भी व्यवस्था की जाए। मुख्य सचिव सोमवार को शासकीय भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाए जाने के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। दिव्यांगजनों को शासकीय भवनों में आवागमन में किसी भी प्रकार असुविधा नहीं होनी चाहिए। दिव्यांगजनों को सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, इसलिए उनकी सुविधा के लिए सरकारी भवनों में रैंप बनावाए जाएं। लोनिवि के माध्यम से सभी निर्माण एजेंसियों को प्रशिक्षण दिलाकर सरकारी भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाने का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाये।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत द्वारा 1, औद्योगिक विकास द्वारा 104, श्रम द्वारा 78, खादी एवं ग्रामोद्योग द्वारा 18, पिछड़ा वर्ग कल्याण द्वारा 113, भाषा विभाग द्वारा 6, न्याय द्वारा 1, युवा कल्याण द्वारा 1 और नगर विकास विभाग द्वारा 664 भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व बाधारहित बनाया जा चुका है। मुख्य सचिव ने कहा कि विभागों के अन्य अवशेष भवनों को भी दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाने का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग हेमन्त राव, विशेष सचिव दिव्यांगजन अजीत कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पायनियर वर्गीकृत

**NOTICE**

I have changed my daughter name Palak Singhal to Fagunee Singhal her DOB 25/02/2012 residing at J-193 Avas Vikas Keshavpuram Kanpur will Known in future.

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है

**श्री बच्चूराम राम स्वरूप सिंह महाविद्यालय अढौली धाता, फतेहपुर (उ.प्र.)**

कालेज कोड – 02006 में परास्नातक कला संकाय हेतु हिन्दी साहित्य, संस्कृत, प्रा.भा. इतिहास तथा भूगोल विषयों में दो-दो सहा. आचार्यों की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी. के मानकानुसार। अन्तिम तिथि – 05/04/2023

**प्रबन्धक**

**मो. 9935406738, 9956054503, 735517079**

# जैविक खेती का हब बन रहा यूपी

● 2015-16 के सापेक्ष 2022-2023 में प्रदेश में जैविक खेती 13 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी सरकार** किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मानव सेहत का भी ध्यान रख रही है। इसके लिए प्रदेश में जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि देश में उत्तर प्रदेश जैविक खेती का हब बन रहा है। आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2015-16 के सापेक्ष 2022-2023 में प्रदेश में जैविक खेती 13 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई हैं। यही नहीं 15 जनपदों में क्रियान्वित जैविक खेती कार्यक्रम अब 63 जिलों में संचालित हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बेहद संजीदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जैविक खेती पर खासा जोर है। सरकार जैविक खेती को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है।

किसानों को तकनीकि की जानकारी देने के साथ ही क्लस्टर्स बनाकर उन्हें जैविक खेती से जोड़ भी रही है। यही नहीं जैविक खेती करने को इच्छुक किसानों को सरकार प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश भी उपलब्ध करा रही है। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार का ज्यादा फोकस गंगा के किनारे के गांवों पर है। गंगा तटों पर स्थित 27 जनपदों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में सरकार हो आधारित जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इससे एक तरफजहां निराश्रित गोवंश की समस्या का समाधान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ किसानों की खेती में आने वाली लागत कम हो रही है। साथ ही रसायनिक खादों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों से भी किसानों का बचाव हो रहा है। लोकभारती के गोपाल के अनुसार योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश में परंपरागत कृषि विकास योजना के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार से अगर तुलना की जाए तो पिछले छह वर्ष में प्रदेश में जैविक खेती का दायरा काफी बढ़ा है।

# कार्यों में लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगीः ए.के. शर्मा

● ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से की अपील, विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नं. 1912 पर सूचित करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर विकास** एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ता हित में निर्देश दिए हैं कि टोल फ्री नं. 1912 को पूरी क्षमता के साथ चौबीस घंटे व सातों दिन संचालित किया जाये। इसमें आने वाली शिकायतों का संज्ञान लेकर त्वरित समाधान के प्रयास किये जाएं। उपभोक्ताओं को विद्युत कर्मियों के कार्यों से संतुष्टि मिले इसकी पूरी कोशिश की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विद्युत कर्मी जनमानस के हितों के दृष्टिगत अपनी कार्य पद्धति में बदलाव लाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। मौसम खराबी से कहीं पर भी विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें आयें, उसका शीघ्र निस्तारण करायें। सभी विद्युत कर्मी अपने कार्य स्थल पर रहकर मुस्तैदी के साथ निष्ठापूर्वक व इमानदारी से कार्य करें। कार्यों को पूर्ण करने में हीलाहवाली, लापरवाही एवं शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को ट्वीट कर बताया कि पूरे प्रदेश में विद्युत कर्मियों की हड़ताल से कहीं-कहीं पर विद्युत व्यवधान की समस्याएं थीं, जिसका समाधान हो चुका है। रात से ही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित है। जहां कहीं पर भी आंधी-पानी के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा होने की शिकायतें मिली थीं उसे भी ठीक करा लिया गया है। फिर भी बेमौसम बरसात, आंधी-पानी से कहीं पर भी विद्युत व्यवधान हुआ हो, या लाइन व पोल क्षतिग्रस्त हुए हों, फाल्ट आएं हों, उसे भी शीघ्र ही ठीक किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु टोल फ्री नं. 1912 पर फोन कर सूचित करें, जिससे कि उन्हें शीघ्र राहत प्रदान की जा सके।

# प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बढ़ेंगे 26346 बेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने कहा है कि रोगियों को बेड के लिए एक से दूसरे अस्पताल में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 26346 बड़े बढ़ाये जायेंगे। इसकी प्रक्रिया अंतिम दौर में है। कई अस्पतालों में अतिरिक्त बेड के लिए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। पाठक सोमवार को अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने संबंधी बैठक कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के 41 जिला अस्पतालों में 1492 बेड बढ़ाये जायेंगे। इससे गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की राह आसान होगी। ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बेड हैं। कई अस्पताल में 50 बेड की मेटरनिटी विंग अलग से बनाई जा रही है। जबकि दूसरे विभागों में भी बेड बढ़ाये जा रहे हैं। प्रदेश की 586 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 11720 बेड बढ़ाये जायेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चार बेड का प्रावधान है। इसमें छह बेड और बढ़ाए जाएंगे। कुल 10 बेड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होंगे। 2184 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 13134 बेड बढ़ाए जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि रोगियों को उच्चकोटि का उपचार उपलब्ध कराने में कोई कसर न छोड़े। रोगियों को निशुल्क दवाएं और जाँच की सुविधा उपलब्ध करायें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बरदाश्त नहीं की जायेगी। डॉक्टर समय पर अस्पताल पहुंचे। नियमित ओपीडी में बैठें और समय-समय पर राउंड लें। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में गंभीर रोगियों को भर्ती करने में आनाकानी न करें। मरीज की सेहत का आंकलन कर उन्हें भर्ती करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# एलडीए ने चार बीघा में अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**● पेट्रोल पम्प, आरएमसी प्लांट व होटल समेत छह अवैध निर्माण सील**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** के प्रवर्तन की टीम ने शहर में अवैध निर्माण पर बड़े स्तर पर अभियान चलाया। गोसाइंगंज में चार बीघा जमीन पर जोनल अधिकारी के निर्देश पर दौरान दो जगहों पर अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। रायबरेली रोड पर मौजा–पुरसैनी में 11750 वर्गमीटर के भूखण्ड पर पेट्रोल के निर्माण को सील किया गया। साथ ही अलग क्षेत्र में आरएमसी प्लांट व होटल समेत छह अवैध निर्माणों को सील किया।

सोमवार को एलडीए की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि जितेन्द्र यादव व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के ग्राम.सराय करोरा में खसरा संख्या.160 एवं 423 पर लगभग चार बीघा जमीन पर अवैध रूप से सड़क, कार्यालय, भवन आदि का निर्माण कराते हुए प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। अवैध प्लांटिंग पर प्रवर्तन टीम ने कार्रवाई की। दूसरी ओर मनोज यादव, प्रमोद यादव, पवन यादव व अन्य द्वारा गोसाईंगंज में सुल्तानपुर रोड पर ग्राम.कुरियानी में लगभग साढ़े चार बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, सुभाष शर्मा व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। जोनल अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रवीन कुमार व सोनी साहू द्वारा गोमती नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या.4/सी.1130 पर लगभग 376.59 वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय उपयोग हेतु स्वीकृत मानचित्र के विपरीत फ्रंट व साइड सेटबैक को आच्छादित करते हुए बेसमेंट के निर्माण के लिए रिटेनिंग वॉल और कॉलम आदि का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अतिरिक्त वीपी सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनीतखण्ड में भूखण्ड संख्या.1/208 पर लगभग 540 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित आवासीय भवन में ओयो होटल एवं सामने एफएसबी में वाहिद बिरयानी रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था।

इन दोनों प्रकरण में अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। आदेश पर प्रवर्तन की टीम ने कार्यवाही करते हुए दोनों स्थलों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन.2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि रमन बंसल पत्नी अजय बंसल व अन्य द्वारा मोहनलालगंज में रायबरेली रोड पर मौजा.पुरसैनी में लगभग 11750 वर्गमीटर के भूखण्ड पर पेट्रोल पम्प का निर्माण कराया जा रहा था।

## आरसीसी कालम के निर्माण को किया सील

न्यू जेल रोड पर प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर आरसीसी कॉलम का निर्माण कराते हुए स्लैब ढ़ालने का कार्य किया जा रहा था। इस निर्माण को एलडीए प्रवर्तन टीम ने सील कर दिया। इसी तरह संजीव सिंह, इन्दर सिंह व अन्य द्वारा उतरेठिया चौराहा अंडरपास के पास शहीद पथ की सर्विस रोड पर ट्रेंडज़ मॉल के बगल में लगभग 1400 वर्गफिट के भूखण्ड पर व्यवसायिक उपयोग के लिए दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मान सिंह, मंजीत सिंह व पारस एसोसिएट द्वारा अहिमामऊ के खसरा संख्या.1108 पर लगभग चार बीघा जमीन पर टीनशेड डालकर सीमेन्ट गो.डाउन व आरएमसी प्लांट का संचालन किया जा रहा था। इन चारों प्रकरण में विहित न्यायालय में अवैध निर्माण के विरूद्ध वाद दर्ज किये गये थे। विपक्षियों द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र एवं अभिलेखीय साक्ष्य व एनओसी आदि प्रस्तुत नहीं किये गये। इन स्थलों को सील किये जाने के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता वाईपी सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता बिजेन्द्र सिंह व उस्मान अली द्वारा सभी स्थलों को सील कर दिया गया।

# वरिष्ठता सूची निर्धारण को लेकर परिषदीय शिक्षकों ने गिनाईं कमियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिषदीय** स्कूलों के सहायक शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची में शिक्षकों ने गड़बड़ी का मामला सामने आया है। शिक्षकों का कहना है कि स्वेच्छा से प्रमोशन छोड़कर अपना तबादला करवा चुके शिक्षकों के भी नाम प्रमोशन सूची में डाल दिये गए हैं। वहीं सूची में कई वरिष्ठ शिक्षकों के नाम भी छूट गए हैं। शिक्षकों की आपत्ति को देखते हुए सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल ने अंतिम वरिष्ठता सूची को लेकर शिक्षकों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए 23 मार्च तक का समय दिया है।

दरअसल प्रदेश के 4.20 लाख शिक्षक कई सालों से प्रमोशन और तबादले का इंतजार कर रहे हैं। पिछले दिनों विभाग ने वरिष्ठता सूची जारी करने का निर्णय लिया था। अंतिम सूची जारी की तो पता चला कि कई शिक्षकों के नाम छूट गये हैं और प्रमोशन छोड़ने वाले शिक्षकों का नाम भी वरिष्ठता सूची में शामिल किया गया है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि प्राथमिक के प्रधानाध्यापक, जूनियर के सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। उनको सूची में शामिल किया गया है। जिन प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक ने पूर्व में पदोन्नति तो छोड़ दी थी, उनका विवरण अंकित नहीं किया गया है और उनको प्रथम वरीयता दी गई है। जो शिक्षक टीईटी प्राथमिक, जूनियर स्तर के पास हैं, उनका उल्लेख नहीं किया गया है। जिन शिक्षकों के प्राथमिक नियुक्ति उनके मूल जनपद में है। उनकी नियुक्ति तिथि, बीएसए के आर्डर जारी करने की तिथि और उनके मेरिट गुणांक के स्थान पर विद्यालय पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि को मौलिक नियुक्ति तिथि के रूप में अंकित करते हुए वरिष्ठता सूची निर्धारित की गई है।

# एप्लीकेशन आधारित शिक्षा को प्रमोट करेगा लविवि

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर राजभवन की तरफ से सभी राज्य विश्वविद्यालयों से मांगे गये दस वर्षीय विजन प्लान के तहत लखनऊ विवि का स्टेटिक्स डिपार्टमेंट अप्लीकेशन आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगा। अभी तक एनालिटिक एंड डेटा साइंस थियरी पर आधारित थे लेकिन समय के साथ विभाग ने इसमें अप्लीकेशन का पार्ट बढ़ाने का निर्णय लिया है। नई शिक्षा नीति के तहत एजूकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा तथा पीएचडी कोर्स का जिक्र किया गया है। विभाग प्रमुख डॉ. मसूद हुसैन सिद्दीकी का कहना है कि टीचिंग एंड लर्निंग में आईसीटी के टूल्स का प्रयोग करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत रिसर्च को अप्लीकेशन के जरिए फोकस किया जायेगा। जिससे डेटा एनालिसिस और एमएसएमई और रूरल एंड कारपोरेट सेक्टर को मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि साफ्टवेयर के अप्लीकेशन से मैथ्स का टूल खत्म हो जाता है। दस वर्षीय विजन प्लान को लेकर उन्होंने बताया कि डिजिटल क्लास रूम के साथ ही सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसल्टी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है। एमएसएमई के जरिए इंटरप्रेन्योर, इंक्यूबेशन और रूरल सेक्टर को सपोर्ट किया जायेगा। विभाग में स्टेटिक्स कम्प्यूटिंग फैसल्टी बढ़ाई जायेगी। विभाग स्तर पर ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किये जायेंगे। जिसमें गर्वमेंट सेक्टर के लोगों के साथ ही कारपोरेट सेक्टर को मदद मिलेगी।

**● सेंट्रल इंस्ट्रमेंटेशन फैसल्टी से डेटा एनालिसिस में होगी आसानी**

# ड्राइवर की हत्या, ट्रक के केबिन में ही मिला शव

**● ट्रक मालिक ने जीपीएस से ट्रैक की गाड़ी की लोकेशन, कंपनी के एक अन्य ड्राइवर ने पुलिस को दी घटना की सूचना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** के पीजीआई इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब क्षेत्र के अमोल कल्ली पश्चिम में नाले के पास सोमवार को एक ट्रक के केबिन में ट्रक चालक की हत्या कर दी गई। खून से लथपथ शव बरामद होने से इलाके मे सनसनी फैल गई। अन्य चालक की सूचना पर स्थानीय पुलिस समेत आला अधिकारी एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव की पहचान कराने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। कंपनी के ही अन्य चालक ओंकार सिंह निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना सहजान नगर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती 14 मार्च को गाजियाबाद से गोदरेज कम्पनी का सामान लादकर चला था 15 मार्च को चालक हरविंदर सिंह था को गोदरेज की गोदाम बिजनौर रोड़ पर करीब 5– 30 बजे आ गये थे। गोदाम में जगह न होने के कारण ओंकार सिंह और हरविंदर सिंह अपनी गाड़ी को लेकर खड़े रहे।

16 मार्च को कम्पनी की एक और गाड़ी 4372 भी आ गयी जिसका चालक अरविंद है वहीं पर गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी कर रुके रहे इसी दौरान 19 मार्च को हरमिन्दर अपनी गाड़ी पर दो कन्डेक्टर बुलाया था जिनको मैं जानता पहचानता नहीं हूं यह भी वहीं पर रात 9.10 बजे तक मेरे जगते समय तक यह लोग वहाँ पर मौजूद थे। उसके बाद ओंकार और दूसरा चालक अरविंद सो गये थे। ओंकार ने बताया कि सोमवार सुबह मालिक ने टेलीफोन किया कि और बताया कि माती रोड पार्क के पास ट्रक खड़ी। मालिक ने मुझे माती पार्क के पास भेजा यहां पर आने पर देखा कि उक्त वाहन सड़क पर खड़ा हैं। गाडी में झांककर देखा तो चालक हरमिंदर के शरीर में खून लगा हुआ था और वह ड्राइवर की सीट के पीछे वाली सीट पर पड़ा था। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिमी अमोल गॉव नाले के पास उत्तराखंड नम्बर प्लेट के ट्रक में चालक का शव मिला है। जिसकी पहचान हरविंदर के रुप मे हुई है। शव को कब्जे मे लेकर जॉच पड़ताल की जा रही है। मौके पर फारेंसिक टीम को बुलाया गया है। कंपनी के ही चालक की तहरीर पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पीजीआई में पहली बार दिया गया कार्डियक नर्सिंग केयर का प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कार्डियक** नर्सिंग केयर को लेकर पीजीआई में पहली बार नर्सिंग कर्मियों को रिफ्रेशर कोर्स के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्डियक नर्सिंग केयर को लेकर विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत कर्मियों को सर्टिफिकेट भी वितरित किये गए। कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य कपूर के नेतृत्व में हाल ही में सभी कार्डियोलॉजी नर्सों के लिए शिक्षण कक्षाओं के लिए क्षमता निर्माण और निरंतर चिकित्सा शिक्षा के लिए व्यापक कार्डियक नर्सिंग देखभाल के लिए पहला रिफ्रेशर कोर्स शुरू किया गया है। इसमें आठ मॉड्यूल पाठ्यक्रम शामिल किये गये हैं। जिनमें हृदय रोग संबंधी नर्सिंग देखभाल के सभी पहलुओं के लिए समर्पित साप्ताहिक सत्र थे। इसमें सीने में दर्द, हार्ट फेल्योर, जन्मजात हृदय रोग, कार्डियक आपातकालीन दवाएं, हेमोडायनामिक निरीक्षण, आईसीयू देखभाल प्रदान करते समय विसंक्रमण तकनीक शामिल हैं।

प्रशिक्षण के दौरान कार्डियोलॉजी नर्स निर्मला, कमलेश, राम कुमार, टेरेसा, निशा, कांता,सुनील, रूबी शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान कार्डियोलॉजी संकाय सदस्य डॉ कमलेश राउत, डॉ अर्पिता कठेरिया और डॉ हर्षित खरे का व्याख्यान शामिल था। प्रशिक्षण के उपरोंत संस्थान के निदेशक प्रो आरके धीमन द्वारा प्रमाणपत्र वितरण किया गया। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर आदित्य कपूर, प्रोफेसर सत्येंद्र तिवारी, प्रोफेसर सुदीप कुमार, डॉ अंकित साहू और डॉ कमलेश राउत और एमआईसीयू, कार्डियोलॉजी वार्ड व कैथ लैब की प्रभारी के साथ मुख्य नर्सिंग अधिकारी लिज़सम्मा कालिब भी शामिल थीं।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के नाम पर हजारों की ठगी

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने अब मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के नाम पर भी ठगी शुरू कर दी है। महानगर के विवेकानंदपुरी स्थित कल्पना अपार्टमेंट में रहने वाली फरीन हुसैन से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ग्रेनाइट का शिलापट्ट लगाने व अन्य कार्यों में खर्च करने के नाम पर ठगी की गई। पीड़िता ने केस दर्ज कराया है।प्रभारी निरीक्षक महानगर प्रशांत मिश्रा के मुताबिक फरीन ने बताया कि प्रोग्रेसिव सेल्स के नाम से उनकी कंपनी है। इसके जरिए सरकारी कार्यक्रम के आयोजन व ग्रेनाइट पत्थर का काम करती हैं और रजिस्टर्ड ठेकेदार हैं। 18 मार्च को एक नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को सचिन कुमार बताया और कहा कि 19 मार्च को शिलान्यास कार्यक्रम है। इसमें मुख्यमंत्री शिलान्यास करेंगे। इसमें दो ग्रेनाइट पत्थरों की जरूरत है। यह कार्य आपकी फर्म को दिया गया है। इसका भुगतान तत्काल कर दिया जाएगा। दो पत्थरों को बताए समय पर तैयार कर लिया। आरोपी ने सिक्योरिटी मनी के नाम पर 86 हजार रुपये जमा करने को कहा। सचिन के बताये खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़िता ने बताया कि कर्मचारियों के जरिए दोनों पत्थर महानगर थाने पहुंचा दिए। इसके बाद कॉल की तो सचिन ने कहा कि एक लाख रुपये और दो तब पत्थर लेंगे। धमकाया कि ऐसा नहीं किया तो रुपये भी नहीं लौटाएंगे और पत्थर भी रख लिया जाएगा। इस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

# सॉल्वर व मूल अभ्यर्थी सहित चार गिरफ्तार

**● रेलवे ग्रुप सी लेवल-1 की डॉक्यूमेंट्स वेरीफिकेशन प्रक्रिया में धांधली**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**एसटीएफ** की प्रयागराज फील्ड इकाई ने रेलवे रिक्रूटमेंट ग्रुप सी लेवल 01 की डॉक्यूमेन्ट्स वेरीफिकेशन की प्रक्रिया के दौरान एक मूल अभ्यर्थी व प्रॉक्सी कन्डीडेट सहित 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से कूटरचित प्रपत्र व आई–20 कार बरामद हुई। एसटीएफ के अनुसार रेलवे रिक्रूटमेंट सेल नार्थ सेंट्रल रेलवे जनवरी 2019 की ग्रुप सी लेवल 01 की डॉक्यूमेन्ट्स वेरीफिकेशन की प्रक्रिया रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ कार्यालय बाल्मीकि चौराहा नवाब यूसुफ रोड सिविल लाइन प्रयागराज में संचालित की जा रही है। जहॉ डॉक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन में अभ्यर्थी अतुल कुमार रोल नं–134194170063542 रजिस्ट्रेशन नं–1150468620 की जगह दूसरा व्यक्ति दीपेन्द्र कुमार सिंह, अतुल कुमार की जगह परीक्षा देकर डॉक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन कराने आया है।

प्राप्त सूचना के आधार पर भौतिक सत्यापन के उपरान्त सूचना सत्य पायी गयी तथा एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मुख्य कार्यालय अधीक्षक राजकुमार व उनके सहयोगी के साथ चेकिंग कर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया तथा मौके से चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से कूटरचित दस्तावेज व आई–20 कार बरामद की गई। जिनसे गहन पूँछताछ व अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए व्यक्तियों का नाम अतुल सिंह निवासी ग्राम बन्ना पोस्ट मोहम्मदाबाद थाना टुण्डला जनपद फिरोजाबाद (मूल अभ्यर्थी), दीपेन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम ठैनुआ थाना सुरीर मथुरा (प्रॉक्सी कण्डीडेट), पंकज कुमार निवासी नावलीहार बलारपुर भिंड मध्यप्रदेश। (नकल माफिया गैंग का सक्रिय सदस्य) और बाल किशन उर्फ आकाश शर्मा उर्फ रिंकू फरारी निवासी नगला जवार पोस्ट रेलवे स्टेशन थाना सिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद (नकल माफिया गैंग का सक्रिय सदस्य) है।

# दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लोगों से ठगी

**लखनऊ।** जालसाजों ने दुबई में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 1.89 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। कानपुर के अनवरगंज दलेलपुरवा निवासी मो अलीम के मुताबिक उन्होंने विदेश में नौकरी के लिए ठाकुरगंज स्थित अलजान टूर एण्ड ट्रेवल्स के मालिक नूर मोहम्मद से संपर्क किया था। जालसाज नूर मोहम्मद व उसके भाई वाहिद अली ने दुबई में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। जालसाजों ने बीते 12 जून को 25 हजार एडवांस और पासपोर्ट जमा करवा लिया। साथ ही 1.54 लाख रुपये बताए खाते में भेज दिए। एक सप्ताह बाद मेडिकल के नाम पर 10 हजार रुपये और जमा करवा लिया। कुल 1–89 लाख रुपये लेने के बाद दोनों ने वीजा जॉब लेटर और दुबई का टिकट उसे थमा दिया। जिस दिन उसे फ्लाइट पकड़नी थी उसके पांच दिन पहले ही आरोपियों ने टिकट कैंसिल करवा दी। टिकट कैंसिल होने का मैसेज देख वह ठाकुरगंज स्थित कार्यालय पहुंचा तो वहां ताला लगा था। दोनों का फोन भी स्विच ऑफ जा रहा था। जांच पड़ताल की तो पता लगा कि वीजा और जॉब लेटर फर्जी है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विकास राय के मुताबिक शनिवार को मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**● नकली वीजा थमाकर भेजा एयरपोर्ट, पहुंचने पर टिकट कैंसिल का आया मैसेज**

# धोखाधड़ी से प्लाट आवंटित कराने में पांच वर्ष की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** धोखाधड़ी व कुटरचित दस्तावेजों के जरिए किसी दूसरे का प्लाट खुद के नाम पर आवंटित कराने के मामले में दोषी करार दी गई मुल्जिमा रत्ना श्रीवास्तव को अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष जज रेखा शर्मा ने 28 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील लक्ष्मी पांडेय के मुताबिक प्लाट आवंटन का यह मामला वर्ष 1991 का है। इस मामले में उप्र आवास विकास परिषद के तत्कालीन सम्पति प्रबंध अधिकारी इमदाद अली हैदरी के विरुद्ध भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था। विचारण के दौरान इनकी मौत हो चुकी है जबकि अन्य मुल्जिम राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार अग्रवाल, राजाराम व कृपानाथ मिश्र को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। वर्ष 2003 में इस मामले की एफआईआर विजिलेंस के निरीक्षक महिमा राय ने थाना गाजीपुर में दर्ज कराई थी।

## मिलावटी शराब बनाने वाले को आठ वर्ष की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** मिलावटी कच्ची शराब बनाने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम अरविन्द कुमार लोधी को सत्र अदालत ने आठ वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने इस पर आठ हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील कृष्ण कुमार साहू के मुताबिक दो जनवरी 2011 को इसे कच्ची शराब बनाते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया था। इसके पास से महुआ व यूरिया आदि भी बरामद हुआ था। इस मामले की एफ्आईआर थाना सरोजननीनगर में दर्ज हुई थी। विवेचना के पश्चात इसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 व 63 के साथ ही आईपीसी की धारा 272 में आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

# भाषा विवि व ब्रेकथ्रू ट्रस्ट के बीच एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ख्वाजा** मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं ब्रेकथ्रू ट्रस्ट के बीच सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो एनबी सिंह ने कहा कि आज के इस दौर में यह एमओयू विशेष भूमिका रखता है। इससे छात्राओं को तो लाभ होगा ही साथ ही छात्रों की भी लिंगात्मक समझ में वृद्धि होगी।

प्रो. सिंह ने बताया कि ब्रेकथ्रू ट्रस्ट के साथ मिलकर विवि क्षमता निर्माण, जेंडर सेंसेटाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विभिन्न कार्यशालाओं एवं शिविरों का आयोजन करेगा। जिससे विद्यार्थिओं में लिंगात्मक भेदभाव के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी। इस मौके पर भाषा विश्वविद्यालय की नोडल एमओयूए डॉ तनु डंग ने जानकारी दी कि पूर्व में ब्रेकथ्रू ट्रस्ट के साथ विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर प्रतिभाग किया था और उत्साहित करने वाले परिणाम सामने आये थे। इस एमओयू के अंतर्गत ब्रेकथ्रू ट्रस्ट द्वारा 130 विद्यार्थियों को बाईस्टैंडर इंटरवेंशन पर विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से अजय कृष्ण यादव, कुलसचिव भाषा विश्वविद्यालय तथा ब्रेकथ्रू ट्रस्ट की ओर से सुनील कुमार, कम्युनिटी मैनेजर ब्रेकथ्रू ने हस्ताक्षर किये। भाषा विश्वविद्यालय से डॉ अमीना हुसैन, सहायक आचार्य अग्रेंजी विभाग तथा ब्रेकथ्रू ट्रस्ट से शुभम सिंह चौहान, कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन इस एमओयू के समन्वयक रहेंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के पीजीआई इलाके में एक मजदूर का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से सम्भवता मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीजीआई पुलिस को सूचना मिली कि डलौना इलाके में रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव पड़ा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास के लोगों को बुलाकर मृतक की शिनाख्त कराई तो उसकी शिनाख्त बरावन कलां पीजीआई निवासी मृतक के बड़े भाई संतोष ने सोनू 31 के रुप में की। इन्होंने बताया कि मृतक अविवाहित था और मेहनत मजदूरी कर अपना पालन पोषण करता था।

# राजभवन की पेंटिंग बढ़ाएंगी टैगोर लाइब्रेरी की खूबसूरती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजभवन** में एतिहासिक धरोहर के रूप में कैनवास पर उकेरी गई कुछ कलाकृतियां लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर लाइब्रेरी की शोभा बढ़ाएंगी। राजभवन की तरफ से विवि के घटक के रूप में स्थापित कला एवं शिल्प महाविद्यालय को पांच पेंटिंग भेंट की गयी है। इन पेंटिंग को संरक्षित कराकर टैगोर लाइब्रेरी में रखने को कहा गया है।

राजभवन से कला एवं शिल्प महाविद्यालय पहुॅची इन कलाकृतियों के संरक्षण पर कुल 16.5 लाख रुपए के खर्च होने की संभावना जताई गई है। इन कलाकृतियों को संरक्षण के उपरांत टैगोर पुस्तकालय में धरोहर के रूप में रखा जायेगा।



## यह है इनका इतिहास

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलाकृतियों में कैनवास पर उकेरी गई एक पेंटिंग किंग जार्ज पंचम की पत्नी मैरी ने प्रथम विश्व युद्ध और उसके बाद ब्रिटेन का नेतृत्व करने में किंग जार्ज पंचम की काफी मदद की। 1936 में किंग जार्ज की मौत के बाद मैरी अपने शेष जीवन के लिए राजशाही की वफादार बनी रहीं।

1952 में अपनी असामयिक मृत्यु तक किंग जॉर्ज छठें की रानी माँ के रूप में सेवा की और अपनी पोती एलिजाबेथ के सिंहासन पर बैठने के लिए काफी समय तक जीवित रहीं। एक अन्य पेंटिंग जूडिथ विथ द हेड आफ होलोफर्नेस की है। यह पेंटिंग 1610 से 1612 के बीच फ्लोरेंटाइन कलाकार क्रिस्टोफानी एलोरी की सबसे प्रसिद्ध पेंटिंग है। यह पेंटिंग किवदंतियों के अनुसार बाइबिल की नायिका जूडिथ से संबंधित है। तीसरी पेंटिंग हॉउस आफ विंडसर से संबंधित है। जिसमें यूके क्वींस के राज्याभिषेक से संबंधित है।

# किसी भी योजना में भ्रष्टाचार पाए जाने पर की जाए कठोर कार्रवाई : डिप्टी सीएम

## ● दिसंबर 23 तक बनाए जाएंगे 3 लाख नए स्वयं सहायता समूह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता व अपात्रता की शर्तें व मानको को पंचायत भवनों, विकास खंडों व सार्वजनिक स्थलों पर वाल राइटिंग करके दर्शाया जाना सुनिश्चित करें ताकि लोगों के मन में कोई भ्रम की स्थिति ना रहे। ग्राम चौपालों पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश देते हुए मौर्य ने कहा कि ग्राम चौपालों का 2 माह का एडवांस रोस्टर सभी जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए उन्हें चौपालों में आमंत्रित किया जाए। खंड विकास अधिकारी रोस्टर की प्रति सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं तथा उन्हें मुख्यालय से भी मेल किया जाए व व्हाट्सएप पर भी अवगत कराया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह भविष्य में मंडल स्तर पर सभी सीडीओ व बीडीओ की बैठक करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने यह निर्देश सोमवार को विधान भवन में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि दिसंबर 2023 तक 3 लाख नए स्वयं सहायता समूह गठित किये जांय। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर व विकासखंड स्तर पर कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं का हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी प्रत्येक माह सभी खंड विकास अधिकारियों व ब्लॉक प्रमुखों की बैठक आयोजित करें तथा उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह ब्लॉक प्रमुखों की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में सभी प्रधानों व ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक आयोजित करें जिसमें एक जिला स्तरीय अधिकारी की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कहा कि ब्लाक प्रमुखों और खंड विकास अधिकारी के बीच संवादहीनता की स्थिति ना रहे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ग्राम चौपालों की सूचना रूरल सॉफ्ट पर उसी दिन अनिवार्य रूप से फीड कराई जाए। बैठक में प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग हिमांशु कुमार, ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी, यूपीआरआरडी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक सी. इंदुमती सहित अन्य उच्चाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सभी मंदिरों व मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई कराए सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** उद्योग किसान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रसपा के पूर्व प्रदेश प्रमुख महासचिव पूर्व मेयर प्रत्याशी लखनऊ अजय त्रिपाठी मुन्ना ने 22 मार्च से प्रारंभ हो रहे नवरात्र एवं 24 मार्च से प्रारंभ हो रमजान को देखते हुए राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी मंदिर और मस्जिद के आसपास साफ-सफाई और चूने का छिड़काव करने की प्रदेश सरकार से मांग की। इस संबंध में उन्होंने एक मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र लिखा है।

# हज यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय में की जाएं

## ● ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार केन्द्र को भेजेगी पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि हज यात्रा के संबंध में समस्त प्रबंधकीय व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूर्ण की जाएं। इसके साथ ही हज आवेदकों द्वारा आवेदन की तिथि बढ़ाये जाने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए हज 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 20 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च 2023 करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया जाये।



इसके साथ ही प्रदेश के समस्त ज़िलों के हज यात्रियों के लिए स्थानीय स्तर पर कोविड 19 टीकाकरण व आरटीपीसीआर कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये। मंत्री धर्मपाल ने सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आहूत उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हज यात्रियों को हज हाउस में सऊदी रियाल क्रय करने के लिए सरकारी बैंक का काउण्टर भी स्थापित कराया जाये। हज हाउस में उड़ानों के समय गर्मी रहने के दृष्टिगत एयरकंडीशन, बिजली, पानी की बेहतर व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं जिससे कि हज यात्रियों को सुविधा हो सके। हज हाउस में उड़ानों के समय हज यात्रियों के लिए आवासीय व बैगेज चेक.इन आदि की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाये।

इस मौके पर मौजूद अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने कहा कि हज यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का बेहतर इंतजाम किया जाये और इस बात का ध्यान रखा जाये कि किसी भी हज यात्री को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और हज यात्रा के सुचारू संपादन के लिए हज समिति के सदस्यों के बीच कार्यों का निर्धारण भी सुनिश्चित कर दिया जाए।

# मरम्मत हुई सड़कों की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश

## ● सीडीओ ने की जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान सीडीओ द्वारा मानसून से पहले ग्रामीण क्षेत्र की सभी सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभी तक मरम्मत हुई सड़कों की पीडब्लूडी से गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए गए। सोमवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जनपद मे 53 परियोजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि मानसून से पहले समस्त सड़कों की मरम्मत करा दी जाये। मरम्मत कराई गई सड़को की पीडब्लूडी द्वारा गुणवत्ता सम्बन्धी जांच कराई जाये। इसके अतिरिक्त मेनपावर एवं मशीनरी में वृद्धि करते हुये निर्धारित समयान्तर्गत कार्यों को पूर्ण कराया जाये। बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, टीम लीडर टीपीआई, जिला समन्वयक डीपीएमयू, कार्यदायी फर्म एनसीसी के महाप्रबन्धक और अन्य अभियन्ता उपस्थित रहे।

# 28-29 मार्च को रिवरफ्रंट पर होगा ईट राइट मिलेट्स मेले का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खाद्य** सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 28 से 29 मार्च 2023 को मिलेट्स मेले का आयोजन गोमतीनगर के रिवरफ्रंट में किया जायेगा। ईट राईट मिलेट्स मेले कर मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में मिलेट्स (सुपर फूड)के उपोग को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है। मिलट्स मेला के तहत विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को मेले के माध्यम से आम.जनमानस को खादय् सुरक्षा के सभी पहलुओं से अवगत कराना एवं सुरक्षित एवं स्वच्छ खान.पान के तहत जागरूक करना। खाद्य सुरक्षा एव औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में भी ईट राइट मेला व फूड कॉर्निवाल का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष ईट राईट मेल को ईट राइट




लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहाहै। कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री चिकित्सा से कराया जाएगा। वहीं बैठक में एफएसडीए द्वारा वर्ष में 989 नमूने, न्यायालयों में मिलावट खोरो के विरूद्ध 566 दायर किए जाने का विवरण दिया गया है। साथ ही मिलावटखोरों पर 90 लाख रूपये अर्थदण्ड लगाया गया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंवार की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने 28 एवं 29 मार्च 2023 को आयोजित ईट राईट मिलेट्स मेले में आम जनमानस में मिलेट्स (श्रीअन्न/सुपर फूड) के उपयोग को लोकप्रिय बनाने एवं प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालयों एवं विभागों में विशेष कार्यक्रम किया जाना है, इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा सम्पूर्ण भारत में ईट राइट मिलेट मेला आयोजित मिलेट्स मेला के रूप में मनाया जाए और ईट राईट इण्डिया स्टॉल नामक पवेलियन में मिलेट्स की रेसिपी पर आधारित विशेष स्टॉल लगवाये जाए। ईट राइट मिलेट मेला का शुभारम्भ 28 मार्च 2023 को किया जायेगा। शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष दयाशंकर मिश्रा दयालु और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेगें। 28 व 29 मार्च को आयोजित होने वाले मिलेट मेले के शुरुआत सुबह 7 बजे से 8 बजे के मध्य वाकाथान के लिए एनसीसी, होमगार्ड पीएससी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी के जवानों की टोलीमय बैण्ड सहित, स्कूली विद्यार्थियो एवं व्यावसायियों प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित किया गया जिससे वाकॉथान का भव्य आयोजन कराया जा सके।

# पेपर-कॉपी लेकर जा रही गाड़ी टकराई, चालक की मौत

## ● सीतापुर में रेउसा के समीप थम्बौर में हुई घटना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सेमेस्टर** परीक्षा के बीच सीतापुर पेपर व कॉपी लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय का एक वाहन सोमवार भोर में सीतापुर जनपद के रेउसा के समीप थम्बौर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के बाद चालक की मौत हो गयी। जबकि वाहन में सवार एक कर्मचारी घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुॅचे कालेज प्रबंधन ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायल व्यक्ति को इलाज के लिए हास्पिटल पहुॅचाया। इस बीच सूचना मिलने के बाद विवि प्रशासन ने आनन-फानन में कालेज प्रबंधन के साथ वार्ता कर किसी तरह से परीक्षा सम्पन्न कराया।

इस बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि परीक्षा की कापियां व पेपर लेकर एक वाहन सीतापुर की तरफ रवाना हुआ था। वाहन जैसे ही थम्बौर के पास पहुॅचा, वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। हादसे में चालक रामू की मौत हो गयी। चालक किसी एजेंसी के अंतर्गत विवि में परीक्षा ड्यूटी पर था। जबकि दूसरा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दयाशंकर घायल हो गया।

घटना के बाद दयाशंकर ने किसी तरह से इसकी जानकारी सीतापुर में बने नोडल सेंटर को दी। जिसके बाद नोडल सेंटर के कर्मियों ने मौके पर पहुॅच कर पुलिस को सूचना देने के साथ ही उसे अस्पताल भिजवाया। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी विवि को दी। जिसके बाद आनन-फानन में वार्ता कर विवि प्रशासन ने किसी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर पेपर व कापियां भिजवा कर परीक्षा सम्पन्न कराई।

### बगैर सुरक्षा के भेजे जा रहे वाहन

**विवि** के परीक्षा विभाग द्वारा कालेजों को पेपर व कापियां लेकर भेजे जा रहे वाहन बगैर किसी सुरक्षा के भेजे जा रहे हैं। इन वाहनों पर न तो किसी तृतीय श्रेणी के कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जा रही है और न ही कोई सुरक्षाकर्मी की ड्यूटी लगाई जा रही है। ऐसे में विवि के परीक्षाओं की शुचिता भगवान के भरोसे है।

# पहले ही दिन अव्यवस्था की भेंट चढ़ी परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा विभाग की सोमवार से शुरू हुई परीक्षाएं पहले ही दिन अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक की परीक्षा को लेकर विभाग ने न कापी खरीदने के लिए पैसा दिया और ना ही पर्चा भेजा। इस बीच शिक्षकों को परीक्षा कराने का निर्देश दे दिया। यह स्थिति प्रदेश की राजधानी लखनऊ की हैए तो अन्य जिलों के हालात क्या होंगे इसका अंदाजा बखुबी लगाया जा सकता है।

आज सुबह की पाली में कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक मौखिक परीक्षा थी। साथ ही कक्षा छह से लेकर आठ तक लिखित परीक्षा थी। पहली पॉली में बेसिक क्राफ्टए सम्बन्धित कलाए कृषि व गृह शिल्प विषय और दूसरी पॉली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा के साथ स्काउटिंग की परीक्षा हुई है। पहली पॉली में सुबह व्हाटसअप पर कहा गया कि बीआरसी से प्रश्नपत्र ले ले। बारिश के बीच किसी तरह शिक्षक पर्चे लेने पहुंचे।

लम्बी लाइन की वजह देर से प्रश्नपत्र मिलेए वह भी पूरे नहीं मिले। लिहाजा पहली पॉली की परीक्षा देर से शुरू हो पाई। इसके अलावा दूसरी पॉली में तो प्रश्न पत्र मिले ही नहीं। परीक्षा शुरू होने के कुछ देर पहले ही स्कूल के प्रधानाध्यापक को व्हाटसअप पर बताया गया कि स्कूल पर ही प्रश्न पत्र तैयार कर बच्चों की परीक्षा कराई जाए। इसके बाद आनन.फानन में शिक्षकों ने प्रश्न पत्र बनाया। फिर ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न पत्र लिखकर जैसे तैसे परीक्षा कराने का अपने कर्तव्य को पूरा किया।

वही परीक्षाओं को लेकर प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशनएउत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष विनय सिंह का कहना है कि एक दिन पहले सभी विद्यालयों में पेपर पहुंच जाने चाहिए थेएआज सुबह 8 बजे ब्लॉक में पानी मे भीगते हुए शिक्षकों ने पेपर प्राप्त किएए जूनियर में द्वितीय पाली का पेपर भी नही आयाए और शिक्षक कॉपी कहा और किस मद से लेंगेए इसके लिए भी कोई दिशा निर्देश जारी नही किया गया।

वहीं बीएसए अरुण कुमार का कहना है कि प्रश्न पत्र समय से भेजे गए हैं। हां कुछ विषयों के प्रश्न पत्र कम पड़ गए थे। कॉपियों को खरीदने के लिए शिक्षकों से कंपोजिट ग्रांट का उपयोग करने को कहा गया था। किसी भी शिक्षक को अपने जेब से पैसा खर्चे करने की जरुरत नहीं है।

### 18 को मिल जाना चाहिए था प्रश्न पत्र

बेसिक शिक्षा विभागा ने परीक्षा की तैयारी के लिए 26 फरवरी को जो कार्यक्रम जारी किया है। उसके अनुसार 15 मार्च तक जनपद स्तर तक प्रश्न पत्र छप जाना था और खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रश्न पत्र 18 मार्च को विद्यालय स्तर पर वितरित करना था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हालांकि शिक्षकों का कहना था कि कम से कम एक दिन पहले प्रश्न पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भेजा विद्यालय को दे दिया जाता है, पर पहले दिन प्रश्न पत्र नहीं आया।

### शिक्षकों ने अपने जेब से खरीदी कॉपियां

उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा के लिए जरुरी कॉपी के लिए विभाग हर स्कूल को बजट जारी करता है। इससे ही कॉपी खरीदी जाती हैएलेकिन मौजूदा समय में उन्हें बजट नहीं मिला है। नौकरी करनी है तो अपनी जेब से कॉपी खरीद कर परीक्षा करा रहे हैं।

## विषम सेमेस्टर परीक्षा के दूसरे दिन 1528 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षा के दूसरे दिन सोमवार को 1528 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में जहां 1104 तो दूसरी पाली में 424 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 63977 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पाली पाली में जहां 43854 तो दूसरी पाली में 20123 अभ्यर्थी बैठे। वही दोनों पालियो के दौरान 36 अभ्यर्थी नकल करते हुए पकड़े गए। नकलविहीन परीक्षा के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी लगाये गये हैं। वहीं हर केंद्र पर दो ऑब्जर्वर की भी तैनाती की गयी है। जिससे कि परीक्षा की शुचिता बनी रहे है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय भी परीक्षा पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की गहन चेंकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया गया। बता दें कि परीक्षा के लिए 43 जनपदों में 128 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा में करीब 2 लाख 40 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। यह परीक्षा छह अप्रैल तक चलेगी।

# सपा यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराएगी: राजेंद्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केन्द्र से भाजपा के सफाए का किया गया है आह्वान

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि कोलकाता में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 17 से 19 मार्च तक हुई जिसने राजनीति और समाज को नई दिशा देने के साथ सन् 2024 में केन्द्र से भाजपा का सफाया करने का आह्वान किया गया है। इसके साथ समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी पहल कर दी है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी ने किसानों के साथ हो रहे अन्याय, नौजवानों की बेरोजगारी, जातीय जनगणना, बढ़ती महंगाई, कानून व्यवस्था, आम के उत्पीड़न के मुद्दों को लेकर अपनी चुनावी रणनीति को धार देने का इरादा कर लिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कोलकाता में संपन्न अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में यह भी तय किया है कि लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन के सहयोगियों का साथ लेकर उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराएगी। उन्होंने कहा कि सपा का मानना है कि केंद्र सरकार भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे राजनीतिक दलों पर प्रतिशोध के तहत ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों से छापे डलवा कर परेशान और छवि खराब करने का प्रयास कर रही है।

देश की जनता जानती है कि जो लोग भाजपा में शामिल हो जाते हैंए भाजपा की वैक्सीन ले लेते हैंए तब वह सीबीआई और ईडी से मुक्त हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी ने अपने राजनीतिक प्रस्ताव में कहा है कि सन् 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती और ताकत के साथ मैदान में उतरेगी और भाजपा के मंसूबों को परास्त करेगी। भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना हमारा कर्तव्य भी है।

# उचित मुआवजा व मृतकों के परिजनों को 50 लाख की राशि दे सरकारः अनिल दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि कई दिनों से किसानों की बर्बादी और तबाही की तस्वीरें आ रही है। बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने किसानों की पकी पकायी फसलों को तबाह और बर्बाद कर दिया है लेकिन केन्द्र और राज्य दोनो सरकारों ने अभी तक किसानों के लिए न तो किसी राहत और न ही किसी मुआवजे का ऐलान किया है। लगता है कि डबल इंजन सरकार ने किसानों को भगवान के भरोसे छोड दिया है। दुबे ने कहा कि सरकार किसानों के लिए विशेष योजना के तहत किसानों को राहत देने की घोषणा करें।

# सीएमएस का मेधावी छात्र पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएमएस** कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस द्वारा आयोजित मेधावी छात्र स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने किया।

डा. गांधी ने कहा कि छात्र ही विश्व का भविष्य हैं। अत: बच्चों को सजाना, संवारना, उन्हें भौतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा देना हम सबका कर्तव्य है। इस कार्य में विद्यालय, अभिभावक व समाज तीनों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत के माध्यम से ईश्वरीय एकता का ऐसा आलोक बिखेरा कि दर्शकों की तालियों से ऑडिटोरियम गूंज उठा। छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष न सिर्फ अपने ज्ञान-विज्ञान का अपितु गीत, संगीत व नृत्य द्वारा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया, साथ ही विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही नैतिक, चारित्रिक व आध्यात्मिक शिक्षा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा-3 से 11 तक के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. चौक कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अदिति शर्मा ने अभिभावको को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मातृ शक्ति की आदर्श समाज के निर्माण में अहम भूमिकाः गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएमएस** महानगर कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में किया गया। कान्फ्रेन्स का उद्घाटन सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी व सी.एम.एस. की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डा. गांधी ने कहा कि यदि समाज में सार्थक और स्थायी परिवर्तन लाना है तो शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़ना ही होगा। इस महत्वपूर्ण कार्य में मातृ शक्ति अपनी अहम भूमिका निभा सकती है। मातायें ही बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभा व क्षमताओं को विकसित कर सकती हैं। डा.



गांधी ने सभी माताओं का आह्वान किया कि वह बच्चों में शुरू से ही सर्वधर्म समभाव, नैतिकता व चारित्रिकता के विचार डालें, जिससे बच्चे आदर्श नागरिक बन सकें।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत की ऐसी अनुपम छटा बिखेरी कि बच्चों के माता-पिता व दादा-दादी, नाना-नानी अभिभूत हो गये।

समारोह में छात्रों के माता-पिता के साथ दादा-दादी व नाना-नानी को विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था। समारोह का शुभारम्भ सर्व-धर्म एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने विश्व संसद के माध्यम से विश्व की ज्वलन्त समस्याओं एवं उनके शान्तिपूर्ण समाधान पर अपने विचार व्यक्त किये। तदुपरान्त विद्यालय के कक्षा-3 से 5 तक के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सी.एम.एस. महानगर कैम्पस की प्रधानाचार्या डा. कल्पना त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बेमौसम बारिश : सरसों और गेहूं चौपट होने का सता रहा डर, चिन्ता में डूबे किसान

## ● बर्बादी की कगार पर पहुंची खेतों में पड़ी सरसों, पक कर तैयार गेहूं पर भी बुरा असर

संवाददाता। मोहनलालगंज

**बेमौसम** बारिश ने किसानों को गहरी चिन्ता में डाल दिया है। बूंदाबांदी में भीगकर गेहूं और सरसों की फसल चौपट होने का डर किसानों को सता रहा है। कुदरत के कहर से फसल के बेहतर उत्पादन का स्वप्न देख रहे किसानों की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है।

मोहनलालगंज में रविवार की रात अचानक शुरू हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज बूंदाबांदी से खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल भीगकर बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। वहीं खेतों में पककर खड़ी सरसों की फसल पर भी बारिश का काफी बुरा असर पड़ रहा है।

ऐसे में सरसों के बेहतर उत्पादन से आमदनी की उम्मीद लगाए बैठे किसानों का मनोबल टूटने लगा है। यही नही खेतों में पककर तैयार गेहूं की फसल को भी बारिश नुकसान पहुंचा रही है। गेहूं के दाने भीगने से उन पर बुरा असर पड़ रहा है। जबकि खेतों में फसल गिरने से उत्पादन बुरी



तरह प्रभावित होने की आशंका है। किसानों की मानें तो अगर बारिश जारी रहती है तो गेहूं की फसल चौपट होना तय है। लिहाजा इन सब चिंताओं से किसानों के माथे पर बल पड़ रहे हैं। उड़द और टमाटर की खेती कर रहे किसानों के लिए भी बेमौसम बारिश अशुभ संकेत लेकर आई है। बारिश से जहां उड़द की बुवाई पिछड़ सकती है। वहीं टमाटर की फसल भीगने से चौपट होने की नौबत आ सकती है।

# एडीओ ने 155 किसानों को वितरित की मुफ्त बीज किट



**मोहनलालगंज।** दहलनी फसल को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को मुफ्त बीज वितरण का अभियान शुरू किया है। सोमवार को मोहनलालगंज के मऊ धनुवासांड़ दहियर दयालपुर भद्दी सिर्स सिसेण्डी डेबरिया भरोसवा मंगटइया कुशमौरा जबरौली उत्तरगांव सल्सामऊ हिल्गी मरुई परेहा और डेहवा समेत दर्जनों गांव के 155 किसानों को एडीओ कृषि वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी टीए एटीएम बीटीएम के साथ उड़द के बीज की मिनी किट वितरित की। एडीओ ने ट्राइकोडर्मा देकर किसानों को बुवाई से पूर्व खेतों में इसे डालकर उपजाऊ क्षमता बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। सभी टीए ने उपस्थित ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से दलहनी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित करने की अपील की।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 21 मार्च 2023



# प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व सीएम योगी एयरपोर्ट पर मोदी का करेंगे स्वागत





- नवरात्र के तीसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पांच घंटे का रहेगा काशी में कार्यक्रम
- पीएम करीब 1800 करोड़ की 29 परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे
- नौ परियोजनाओं का शिलान्यास और 20 का लोकार्पण करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन 24 मार्च को पांच घंटे के प्रवास पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आएंगे। इस दौरान पीएम मोदी करीब 1800 करोड़ रुपये की 29 परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे। नौ परियोजनाओं का शिलान्यास और 20 का लोकार्पण करेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। इसके साथ ही कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया के बीच रोपवे का काम शुरू हो जाएगा। यह परियोजना 644.49 करोड़ रुपये की है। कैंट से गोदौलिया तक पांच स्टेशन बनेंगे।

**संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में होगी जनसभा**–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मार्च को सुबह 9:30 बजे विशेष विमान से वाराणसी आएंगे। सबसे पहले कन्वेंशन सेंटर में होने वाले क्षय रोग की अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में हिस्सा लेंगे, फिर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय जाएंगे। विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में ही विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर ढाई बजे तक वाराणसी में रहेंगे, फिर विशेष विमान से रवाना दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री 1781 करोड़ 90 लाख रुपये की 29 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। विकास परियोजनाओं की सूची बन गई है। इसका ब्योरा शासन को भी उपलब्ध करा दिया गया है। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर नया एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) भवन बन गया है। इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। इसके बाद नए एटीसी भवन से ही हवाई सेवाओं का संचालन किया जाएगा।प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर स्थित मैदान में लोकार्पण व शिलान्यास समारोह की तैयारियां चल रही हैं। तीन जर्मन हैंगर लगाए जा रहे हैं। इनमें करीब 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। मैदान के दूसरे हिस्से में भी 20 हजार लोग बैठक सकते हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए मजबूत मंच भी बनाया जा रहा है। मंच पर 50 से ज्यादा लोग बैठ सकते हैं, लेकिन कुछ प्रमुख लोगों को ही बैठने को मिलेगा।

प्रधानमंत्री की आगमन को देखते हुए मंच के आसपास पांच सेफहाउस भी बनाए जा रहे हैं। एक सेफहाउस प्रधानमंत्री, दूसरा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, तीसरा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चौथा पीएमओ व पांचवां प्रधानमंत्री का लोगों से संवाद के लिए रहेगा। प्रधानमंत्री शहर के 50 बुद्धिजीवियों से संवाद करेंगे। खेलो बनारस में हिस्सा लेकर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुछ खिलाड़ियों से भी मिलेंगे। राज्यापल और मुख्यमंत्री भी रहेंगे। प्रधानमंत्री के मंच पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे। राज्यपाल, मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भी फाइनल हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सहित कुछ स्थानीय नेताओं को भी प्रधानमंत्री के मंच पर जगह मिल सकती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा भी करेंगे। इसकी तैयारियों में भाजपा की क्षेत्रीय, जिला व महानगर इकाइयां जुटी हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि जिले में आठ विधानसभा क्षेत्र हैं। हर क्षेत्र से छह से सात हजार लोगों को बुलाया गया है। इसकी जिम्मेदारी भी अलग-अलग पदाधिकारियों को दी गई है। जिले के प्रभारी व कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक जिले में डेरा डाले हैं। वह पार्टी की क्षेत्रीय, जिला व महानगर इकाई के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री के आने से पहले 21 से 23 मार्च के बीच स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। हर वार्ड में सफाई होगी। इसमें पार्टी नेता व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 24 मार्च को पांच घंटे के प्रवास पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आएंगे। इस दौरान पीएम मोदी करीब 1800 करोड़ रुपये की 29 परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे। इसमें से प्रमुख वाराणसी में देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे।

## डीएम ने आला अफसरों संग कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

- देर शाम एसपीजी अधिकारियों की टीम सम्पूर्णानंद मैदान में पहुंची



डॉ0 सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान पर पीएम मोदी की जनसभा एवं शहर के 50 व्यक्तियों के साथ संवाद कार्यक्रम, कार्यक्रम स्थल को देखने काशी जोन के डीसीपी आर एस गौतम एवं अन्य एलआईयू अधिकारी मौके पर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के आगमन व उनकी सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम सहित अन्य कई अधिकारियों ने मोदी के सभास्थल का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा को परखा। सायं काल के बाद स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के अधिकारियों का पहला दल सोमवार को वाराणसी पहुंचा। पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन एवं अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ एसपीजी के अफसर प्रधानमंत्री के रूट और कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को जॉचा 23 मार्च को एसपीजी के आईजी सहित पुलिस के सभी बड़े तमाम अधिकारियों के साथ बाबतपुर से लेकर रिहर्सल का अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री का सुरक्षा घेरा पांच स्तरीय रहता है। एसपीजी के अलावा उनकी सुरक्षा में एनएसजी के कमांडो, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अफसर, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, एटीएस के कमांडो, स्थानीय पुलिस और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के कर्मी तैनात रहते हैं।काशी आगमन के दौरान प्रधानमंत्री के बाह्य सुरक्षा घेरे में 15 आईपीएस और 10 हजार से ज्यादा पुलिस-पीएसी व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे। प्रधानमंत्री की आवाजाही के रूट पर रूफटॉप फोर्स तैनात की जाएगी। कार्यक्रम स्थल सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। आयोजन संपन्न होने तक कार्यक्रम स्थल नो फ्लाइंग जोन रहेंगे।

## महिला की धारदार हथियार से हत्या

**अमेठी।** जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में सोमवार को एक महिला की धारदार हथियार से हत?या कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार मुंशीगंज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में माया देवी (55) का घर के अंदर खून से लथपथ शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि किसी ने धारदार हथियार से माया की हत?या कर दी थी। अमेठी के पुलिस अधीक्षक इलामारन ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे पुलिस को महिला की हत्या की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बीएचयू के तीन विद्यार्थी यूनिक्लो के तहत जाएंगे जापान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय के दो छात्र व एक छात्रा यूनिक्लो - फास्ट रिटेलिंग, जापान, के वैश्विक प्रबंधन कार्यक्रम के लिए चयनित हुए हैं। फास्ट रिटेलिंग जापान का एक प्रमुख रिटेल समूह है तथा विश्व की तीसरी बड़ी वस्त्र कंपनी है। कंपनी का पांच दिवसीय वैश्विक प्रबंधन कार्यक्रम एक ऐसी पहल है जिसके तहत चयनित विद्यार्थियों को वैश्विक बाज़ार के विशेषज्ञों से संवाद का अवसर प्राप्त होता है और वे अंतरराष्ट्रीय उद्योग व व्यापार की बारीकियों के बारे में अपनी समझ बेहतर कर पाते हैं। इस कार्यक्रम के लिए बीएचयू के तीनों विद्यार्थियों के जापान प्रवास के लिए आने जाने, रहने तथा अन्य खर्च कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, कार्यक्रम में प्रतिभाग के बारे में उनके उद्देश्य तथा यूनिक्लो के साक्षात्कार बोर्ड के साथ संवाद के आधार पर किया गया। चयनित विद्यार्थी हैं दृ पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान से ऋचिक मुखर्जी तथा प्रबंध शास्त्र संस्थान से रितु कुमार एवं सुप्रिया पाण्डे। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वैश्विक व्यापार के विषयों पर काम करने का अवसर मिलेगा।

# अमेठी में लगी पहली गौ कास्ट बनाने वाली मशीन

- गो आश्रय स्थल को आत्म निर्भर बनाने की ओर एक कदम।
- गौ कास्ट से बनी लकड़ी का प्रयोग शव को जलाने व हवन में किया जा सकता है ।

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी

**सिंहपुर** क्षेत्र के गो आश्रय स्थल जैतपुर को स्वावलंबी बनाने की ओर एक कदम बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत ने गोबर से लकड़ी बनाने की मशीन स्थापित की है। सिंहपुर क्षेत्र के जैतपुर ग्राम पंचायत में स्थित गो आश्रय स्थल पर सोमवार को गाय के गोबर से गोकास्ट लकड़ी बनाने की मशीन स्थापित की गई।इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि गो आश्रय स्थल को स्वावलंबी बनाने के लिए यह एक अहम कदम है इस मशीन से निर्मित गोकाष्ट लकड़ी को बेचकर यह गोशाला आय अर्जित करेगी। जैतपुर ग्राम पंचायत के सकतपुर राजस्व गांव स्थित गौशाला में गौकास्ट (गोबर से कंडे) बनाने वाली मशीन के लगने पर बहुत लोग देखने के लिए इकट्ठा हुए।सचिव जे बी सिंह ने बताया कि इस मशीन से तीन प्रकार के कंडे निकाले जा सकते हैं । मशीन पूरी तरह से इलेक्ट्रिक सिस्टम से चलती है । मशीन एक घंटे में तकरीबन 5 कुंतल गोबर के कंडे बना सकती है । मशीन को पंजाब के पटियाला जिले से मंगाया गया है ।

मशीन का उद्घाटन खंडविकास अधिकारी विजय कुमार अस्थाना ने स्वास्तिक बना कर किया । मौके पर मौजूद ग्रामविकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर ने बताया कि सरकार की पॉलिसी ज्यादा से ज्यादा लोगों को आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ाना है । मशीन से गोबर की लकड़ी बनाई जाएगी जिससे गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। और भविष्य में गौशाला का खर्च भी इस मशीन से निकल सकता है । जितेंद्र बहादुर ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि इस मशीन से बनी हुई लकड़ी का प्रयोग मिट्टी के बर्तन पकाने में,भोजन बनाने के साथ ही शव दाह में भी प्रयोग किया जा सकता है।जिससे पेड़ों के कटान में कमी आयेगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा । इसके साथ - साथ इस मशीन से बनी पतली लकड़ी से आप हवन भी कर सकते हैं जिससे पर्यावरण में उपस्थित तमाम तरह के बैक्टीरिया नष्ट होंगे । उद्घाटन के अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि सरजू ,चंदी, रामलखन, देवनारायण, धर्मराज, अयोध्या प्रसाद, मनोज, संदीप, बाबूलाल आदि केयर टेकर के साथ - साथ ग्रामीण जगजीवन, परमेश्वर, सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं ने पेश की सशक्तीकरण की मिसाल

**संवाददाता।** सोनभद्र



**हिण्डाल्को** ग्रामीण विकास विभाग, रेणुकूट द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलॉजी पार्क में स्थानीय ग्रामीण महिलाओं एवं हिण्डाल्कोमें कार्यरत महिला कर्मचारियों का समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक महिलाओं से प्रतिभाग किया। जहां महिला सशक्तिकरण विषय पर महिलाओं ने अपने विचार बेहद मजबूती से रखे।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति हिण्डाल्कोके मुखिया एन. नागेश अपनी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह अपनी धर्म पत्नी सीमा सिंह के साथ शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं बभनी ब्लॉक महिलाओं द्वारा स्वागत गीत के साथ हुआ। वहीं इसके पूर्व ग्रामीण महिलाओं द्वारा हिण्डाल्को महिला कर्मचारियों को अंगवस्त्र देकर एवं तिलक कर उनका स्वागत किया गया।

## बीजपुर थानें में पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

**बीजपुर/सोनभद्र।** हिन्दू व मुस्लिम के आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर सोमवार को बीजपुर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों के पीस कमेटी की बैठक शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न की गई। नवरात्रि व राम नवमी एवं मुस्लिमों के त्योहार पवित्र माह रमजान के बावत विस्तारपूवक चर्चा की गई। त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने लोगों से कहा कि यदि कोई भी अराजक तत्व इन त्योहारों में खलल डालने की कोशिश करेगा तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 100वीं रैक के साथ एनटीपीसी ने बनाया नया कीर्तिमान

**संवाददाता।** बीजपुर/सोनभद्र



**राख** उपयोगिता को बढ़ाने के लिए एनटीपीसी रिहंद सदैव ही राख उपयोगिता की नई विधाओं के विकास एवं परियोजना में उसके कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में एनटीपीसी रिहंद ने बीटीएपी रेल डब्बों के माध्यम से विभिन सीमेंट सायंत्रों को राख की 100 वीं रेक भेजकर राज उपयोगिता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एनटीपीसी रिहंद और भारतीय रेलवे के संयुक्त प्रयासों से बीटीएपी वैगन की 100 वीं रेक 17 मार्च को भेजी गयी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कमल किशोर सिन्हा ने एनटीपीसी रिहंद की पहल बीटीएपी वैगनों के माध्यम से फ्लाई ऐश परिवहन के लिए एनटीपीसी रिहंद की प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि रेलवे निकट भविष्य में भी वैगनों के माध्यम से राख की उपयोगिता को बढ़ाने के लिए एनटीपीसी को आवश्यक समर्थन देगा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि कमल किशोर सिन्हा डीआरएम ईसीआर अपने सह अतिथियों प्रवीण सक्सेना आरईडी उत्तर संदीप घोष एमडी एवं सीईओ एमपी बिरला समूह आशीष कुमार झा अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रचालन अभिषेक विशाल मंडल यातायात प्रबंधक चोपन भारतीय रेलवे एमपी बिड़ला और एनटीपीसी लिमिटेड कॉरपोरेट सेंटर एनआरएचक्यू और रिहंद स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारीगणों के साथ हरी झंडी दिखाकर एनटीपीसी रिहंद से 100वें बीटीएपी रैक को रवाना किया।

## नवरात्रि व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**तिलोई,अमेठी।** शिवरतन गंज थाना प्रांगण में सोमवार को आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों,सम्भ्रांत नागरिकों व आम नागरिकों के साथ कोरोना महामारी के चलते शाशन की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाये जाने की अपील की है।और कहा कि त्यौहार जितना शांति पूर्वक होता है उतना ही अच्छा त्यौहार की खुशी मिलती है।

थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि नवरात्रि व राम नवमी और रमजान के त्यौहार को आप सब अपने घर पर ही सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से परंपरा के अनुसार मनायें और किसी प्रकार की नई परंपरा न डालें।

## सुरेंद्र वर्मा को पूर्व मा.शिक्षक संघ का पुनः जिलापाध्यक्ष बनाए जाने से खुशी की लहर



**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक भवानीगढ़ में तैनात वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र कुमार वर्मा को पुनः पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिक्षक साथियों ने सुरेंद्र कुमार वर्मा को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। सुरेंद्र कुमार वर्मा लंबे समय से अटेवा शिवगढ़ के संरक्षक रहने के साथ ही इससे पूर्व भी पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष थे।

सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सुरेंद्र कुमार वर्मा हमेशा शिक्षकों के हक की लड़ाई लड़ने के साथ ही सभी सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं।

शिक्षक मुकेश प्रताप, दिनेश वर्मा, सरला वर्मा, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, शाखा प्रबंधक आसेन्द पटेल, संजय सिंह, भानु प्रकाश पटेल, गीता बिष्ट,अनिता, संतोषी तिवारी, अनिल कुमार, बीके वर्मा आदि शिक्षकों ने सुरेंद्र कुमार वर्मा को ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

## क्विक न्यूज

### थ्रेसर की चपेट में आया किसान का हाथ

**ऊंचाहार।** सरसों की मड़ाई करते समय थ्रेसर की चपेट में आकर अधेड़ किसान का दाहिना हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला क्षेत्र के गांव अकोढ़िया का है, जहां गांव निवासी किसान घनश्याम 52 वर्ष सोमवार की दोपहर बाद खेतों में थ्रेसर से सरसों की मड़ाई कर रहा था, उसी दौरान उसका दाहिना हाथ थ्रेसर की चपेट में आने जख्मी हो गया, परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### बेहतरीन अनुभव प्रदान करने में यकीन

**वाराणसी।** फ्लोशील्ड पाईप्स एंड फिटिंग्स के साथ पाईप निर्माण के क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है पर्ल प्रिसिशन प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड के अग्रणी ब्रांड, स्पर्श पर्ल ने।वाराणसी के बाजार में हलचल मचाते हुए फ्लोशील्ड शहर में सबसे बड़े वितरक, एस.के ट्रेडर्स के साथ काम कर रहा है। फ्लोशील्ड यूपीवीसी प्लंबिंग सिस्टम (ठंडे पानी), सीपीवीसी प्लंबिंग सिस्टम (गर्म व ठंडे पानी), और एग्री प्लंबिंग सिस्टम (पेयजल के लिए पीवीसी पाईपिंग सिस्टम) उपलब्ध कराएगा। नरेश कुमार गर्ग, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, पर्ल प्रिसिशन ने कहा, ''हमारे पास सर्वश्रेष्ठ आयातित कच्चे माल के साथ इन-हाउस इटैलियन और जर्मन सीएनसी एक्सट्रुडर हैं, जो पाईप्स का उत्पादन परफेक्ट एक्युरेसी के साथ करने के लिए जरूरी होते हैं।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को बनाएं सफल : डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की आध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल तक एवं दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक, 2023 चलाया जायेगा, इस दौरान जिलाधिकारी ने चलने वाले अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में भी समीक्षा की जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में जिन विभागों के जो भी जिम्मेदारियां दी गयी है, वह उसका निर्धारित समय के अन्तर्गत पालन कराना सुनिश्चित करेंगें।

### प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 25 मार्च तक करें आवेदन

**रायबरेली।** सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के अधीन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के अप्रैल-2023 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में निःशुल्क एक वर्षीय ''कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण'' कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उक्त प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (01 अप्रैल 2023) को होनी चाहिए। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत आशुलिपि, टंकण, हिन्दी, अंग्रेजी भाषा, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित, तर्कशक्ति सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग, एवं एकाउटेंसी, कम्प्यूटर परिचालन आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्रमाणित फोटो एवं प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित विलम्बतम् 25 मार्च 2023 तक जमा कर सकते हैं उक्त वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी।

### जिलाधिकारी ने अमेठी तहसील का किया वार्षिक निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज तहसील अमेठी का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तहसील अमेठी में मतदाता पंजीकरण केंद्र, माल बाबू कार्यालय, न्यायालय तहसीलदार, भूलेख अनुभाग, भूलेख अभिलेखागार, न्यायालय नायब तहसीलदार, संग्रह अनुभाग सहित सहित अन्य अनुभागों का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अलमारियां व फर्नीचर काफी पुराना पाया गया जिसको जिलाधिकारी ने बदल कर नया खरीदने के निर्देश उप जिला अधिकारी व तहसीलदार को दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक व आरसी वसूली के लंबित मामलों को देखा एवं समस्त अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

# सकलडीहा में सत्यप्रकाश और सलेमपुर हरेन्द्र बने अध्यक्ष

**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली



**विकास** खंड के तेरह न्याय पंचायत अर्न्तगत साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर रविवार को निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान समर्थकों ने मालाफूल पहनाकर स्वागत किया।

साधन सहकारी समिति सकलडीहा से सत्यप्रकाश यादव पुत्तुल को निर्विरोध अध्यक्ष व इन्द्रा पांडेय को उपाध्यक्ष चुना गया। सलेमपुर में हरेन्द्र प्रताप सिंह को दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष और सदानंद को उपाध्यक्ष चुना गया। धरहरा से निर्विरोध अध्यक्ष बृजेश पांडेय और त्रिलोकी यादव को उपाध्यक्ष चुनाव गया। तेन्दुई साधन सहकारी समिति पर निर्विरोध नंदलाल कुशवाहा अध्यक्ष और मीना कुमारी उपाध्यक्ष चुनी गयी। दिघवट में अरविंद सिंह अध्यक्ष और दामवंती देवी उपाध्यक्ष चुनी गयी। भोजापुर में हरेन्द्र नारायण अध्यक्ष और चन्द्रशेखर आजाद को उपाध्यक्ष चुना गया। बढ़वलडीह में सहेन्द्र राय अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दिनेश यादव चुने गये। गोकुलपुर में राजपति अध्यक्ष और निर्मला देवी उपाध्यक्ष चुनी गयी। बथावर में अध्यक्ष अमित सिंह और उपाध्यक्ष अजीत सिंह चुने गये। घूस में अध्यक्ष बलवंत मौर्या और योगेन्द्र उपाध्यक्ष बने। डिग्धी में अध्यक्ष सुभाष और मनीष उपाध्यक्ष चुने गये। नोनार साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र बहादूर सिंह और रामकुमार राय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। संघती में अध्यक्ष सुमन और राजेश सिंह उपाध्यक्ष बने। अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मालाफूल से समर्थकों ने सम्मानित किया।

## संस्था प्रबन्धक को मिला अवार्ड

**मिर्जापुर।** प्रदेश व केन्द्र की सरकार को महिलाओं को आगे बढ़ाने व प्रोसाहित करने का लगातार कार्य कर रही है। रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को सुषमा स्वराज एवार्ड से सम्मानित किया। नगर में जीएसबी सेवा समिति के प्रबन्धक फारिहा खान को भी सुषमास्वराज एवार्ड से सम्मानित किया गया है जिससे महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। संस्था के प्रबन्धक को पिछले माह भी प्रशस्ति पत्र. देकर सम्मानित किया जा चुका है। इनकी संस्था महिलाओं व बच्चों के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। इनके अच्छे कार्यो को देखते हुए हर माह किसी न किसी योजना के तहत लगातार सम्मानित किया जा रहा है। संस्था प्रबन्धक फारिहा खान ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से महिलाओं में कार्य करने के प्रति जागरूकता पैदा होती है मेरा यही हमेशा से यही लक्ष्य रहा है कि जिले की हर महिला व बच्चों को मजबूती के साथ खड़े हर जगह मिले महिला किसी भी मामले में पुरूषो से कम नही है वे आज हर क्षेत्र में कार्य कर रही है और दिन प्रतिदिन उनकी संख्या में अच्छा खासा इलाफा देखा जा रहा है जो एक खुशी की बात है।



## संरक्षक प्रेमचंद अग्रहरि का निधन अग्रहरि समाज के लिए अपूरणीय क्षतिः शैलेंद्र अग्रहरि

**मिर्जापुर।** अग्रहरि वैश्य समाज मिर्जापुर के संरक्षक एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रहरि के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर के महुवरिया स्थित ठाकुर प्रसाद लान मे रविवार को सायं किया गया। समाज के लोगो ने उनके व्यक्तित्त्व कृतित्व और सामाजिक सरोकार कार्यो पर चर्चा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

बैठक को संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक एवं राष्टीय मंत्री शैलेंद्र अग्रहरि ने कहाकि दशकों से समाज के लिए कार्य करने वाले संरक्षक प्रेमचंद अग्रहरि जी का 16 मार्च को उनके आवास पुरानी दशमी पर हृदय गति रूकने से निधन हो गया। उनके निधन से हम सब बेहद दुखी है। वे जनपद के जब तक अध्यक्ष रहे समाज को जागृत करने के लिए काम करते रहे। संरक्षक शोभनाथ अग्रहरि ने कहाकि समाज की ओर से कार्यक्रम से लेकर धर्मशाला विकास एवं समाज को संगठित करने से लेकर हर मोड़ पर उनका नाम सदैव याद किया जाएगा।

## एक समुदाय जो एक साथ खाता है, एकजुट रहता है : अनुप्रिया पटेल

**मीरजापुर।** नगर के महंत शिवाला स्थित यशोदा निकुंज मैरेज हाल में बरनवाल सेवा समिति मीरजापुर के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी एवं समाज के अध्यक्ष ई0 विवेक बरनवाल, मंत्री पवन बरनवाल जी के द्वारा बरनवाल समाज के आदि पुरुष अहिबरन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम में महिला समिति की अध्यक्षता रेनुका बरनवाल, मंत्री अनुराधा बरनवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने अहिबरन गीत गाकर महाराज अहिबरन को श्रद्धांजलि अर्पित की। माननीय केंद्रीय मंत्री जी ने कहा की बरनवाल समाज सदैव राष्ट्रहित एवं राष्ट्र सुरक्षा के प्रति सजक रहती हैं और बरनवाल समाज के लोग हमेशा तन मन धन से समाज सेवा एवं समाज उत्थान का कार्य करते रहते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर विधायक पंडित श्री रत्नाकर मिश्रा जी ने आमंत्रण के लिए सभी को धन्यवाद दिया तथा कहा बरनवाल समाज के लोग हर समुदाय के साथ मिल जुलकर रहते हैं और माननीय प्रधानमंत्री जी के विचारधारा 卐सबका साथ,सबका विश्वास और सबका विश्वास卐 के साथ राष्ट के उत्थान में कार्य करते रहते हैं। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष ई0 विवेक बरनवाल ने कहा की ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज अपनी एकजुटता दिखाती हैं और यह समाज के सदस्यों का कर्तव्य हैं कि समाज के युवा पीढ़ी को राष्ट्रवाद के प्रति जागरूक करें।

## हिंदी फिल्म

### नार्वे की आपत्ति

**नार्वे** के राजदूत ने उचित ही हिंदी फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेज नार्वे' पर आपत्ति की है। आमतौर से राजदूत हिंदी फिल्मों पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, पर नार्वे के राजदूत ने ऐसा किया है। भारत में नार्वे के राजदूत हैंस जैकब फ्राइडेनलुंड ने पिछले सप्ताह रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेस् नार्वे' पर आपत्ति करते हुए कहा कि इसमे 'तथ्यात्मक गलतियां' हैं तथा यह 'नार्वे को एक लापरवाह देश की तरह' पेश करती है। यह फिल्म 2011 की उस असली घटना पर आधारित है जब एक भारतीय आप्रवासी युगल के दो बच्चों को नार्वे की 'पालक व्यवस्था' ने अलग कर दिया था जिसका कारण संभवत: संस्कृति में अंतर था। फ्राइडेनलुंड ने स्पष्ट किया कि ऐसा उनके देश में नहीं होता है। उन्होंने 'स्पष्ट रूप से इनकार किया कि हाथों से खिलाने तथा एक ही बिस्तर में सोने के कारण ही बच्चों को वैकल्पिक देखभाल के लिए अलग नहीं किया गया था।' अखबार में प्रकाशित एक लेख में उन्होंने लिखा कि वे स्वयं अपने बच्चों को हाथों से खिलाते थे और उनको अपने ही बिस्तर में सुलाते थे। नार्वे दूतावास ने भी एक बयान में कहा, 'बच्चों को कभी सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण उनके परिवारों से अलग नहीं किया जाता है, जैसा कि बताया गया है। बच्चों को अपने हाथों से खिलाना या उनको अपने साथ बिस्तर में सुलाना बच्चों के लिए हानिकारक व्यवहार नहीं माने जाते हैं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि चाहे जो हो यह नार्वे में असामान्य बात नहीं है।' मुख्य मुद्दा यह था कि क्या भारतीय पश्चिमी देशों और केवल पश्चिमी देशों से अत्यधिक व अतार्किक



उम्मीदें रखते हैं? उदाहरणार्थ, गैर-मुसलमानों को सऊदी अरब में पूजा की अनुमति नहीं है, लेकिन क्या किसी फिल्म निर्माता ने इस पर प्रतिक्रिया की है? यहां कुछ बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। किसी भी देश को अपनी परंपराओं, प्रथाओं, व्यवहारों व संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार है। कितने भारतीय प्रवासी नार्वेवासियों, जर्मनों, आदि को हरिद्वार, वाराणसी या ऋषिकेश में धूप सेंकते देख कर प्रसन्न होंगे? इसी प्रकार क्या पाकिस्तानी कराची के समुद्र तटों पर ऐसे दृश्य देखना पसंद करेंगे? यदि भारत और पाकिस्तान के अधिकारी समुद्र तटों पर खास 'ड्रेस कोड' लागू करते हैं तो उनको 'नस्लवादी' नहीं कहा जा सकता है। इसी प्रकार यदि यूरोपीय देश रात भर चलने वाले भगवती जागरणों, भजनों में लाउडस्पीकरों के प्रयोग से पूरी बस्ती की नींद हराम करने या लाउडस्पीकरों पर अजान को प्रतिबंधित करते हैं तो उनकी भी 'नस्लवादी', असहिष्णु या ईश्वर-विरोधी कह कर निन्दा नहीं की जानी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि हर सुविधा के लिए कुछ कीमत चुकानी पड़ती है। भारतीय अक्सर स्कैंडिनेवियन देशों की शानदार सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हैं। उनको यह भी समझना चाहिए कि इसकी एक वित्तीय तथा अन्य प्रकार से कीमत होती है। अनेक प्रकार की खैरातों का अर्थ होता है कि लोगों पर भारी टैक्स लगाया जाता है तथा इसके साथ ही राज्य की भूमिका बढ़ जाती है। इसका नतीजा गतिरोध हो सकता है। स्वीडेन ने इसका सामना 1994 में किया और इसके बाद उसने अपनी आर्थिक नीति में आमूल परिवर्तन किया। इसके साथ ही अन्य प्रकार के खामियाजे भी भुगतने पड़ सकते हैं। 'बिग स्टेट' या राज्य की बढ़ती भूमिका का अर्थ न केवल अर्थव्यवस्था, बल्कि लोगों के जीवन में भी काफी हस्तक्षेप होता है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड ने कहा था, 'आपको आपकी इच्छानुसार सब कुछ देने वाली सरकार इतनी बड़ी होती है कि वह अपनी इच्छा से आपका सब कुछ छीन भी सकती है।' भारतीयों को ये तथ्य अनदेखे नहीं करने चाहिए।

# भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत

भारतीय फिल्म के लिए आस्कर तथा पिछले एक दशक में भारतीय बैंकों के शानदार प्रदर्शन से भारत की मजबूत स्थिति स्पष्ट होती है।

**विकास नारायण मिश्र**
(लेखक, पूर्व बैंकर हैं)





लगभग एक महीने पहले हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के कारण अनेक लोगों ने भारतीय बैंकों व एक खास बिजनेस हाउस से उनके संबंधों को लेकर अपनी चिन्तायें व आशंकायें प्रकट की थीं। इस कारण भारत के मजबूत ढांचे तथा भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की हालिया उपलब्धियां स्वाभाविक रूप से प्रकाश में आईं। पहले कभी नियामक ने एक बयान जारी कर यह नहीं कहा था कि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का आकार तथा उसकी जीवन्तता इतनी विशाल व मजबूत है कि उस पर एक घटना का असर नहीं पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने भी कहा है कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत है तथा उनके अनेक आयाम, जैसे पूंजी की उपलब्धता, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, तरलता, प्राविधानों की कवरेज व मुनाफा स्वस्थ स्थिति में हैं। पूरे देश ने राहत की सांस ली कि हमारे बैंक सुरक्षित हैं। लेकिन इस प्रकरण पर धूल ठीक से बैठी भी नहीं थी कि 8000 किलोमीटर दूर सिलिकान वैली में गंभीर गड़बड़ियों की खबर मिली। 40 साल पुराना तथा अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी ध्वस्त हो गया। इसके बाद एक और सिंडीकेट बैंक-एसबी का भी पतन हो गया। जैसे इतना काफी न रहा हो, एक और संकट सामने आ गया। आजकल स्विटजरलैंड के ज्यूरिक में वैश्विक निवेश बैंक व वित्तीय सेवायें प्रदान करने वाला क्रेडिट स्विस खबरों में है। उसके शेयरों का मूल्य 15 मार्च को 30 प्रतिशत से अधिक गिर गया।

हमें इन घटनाओं को किस तरह देखना चाहिए? तथ्य यह है कि एसवीबी व एसबी का तेजी से पतन हुआ। अमेरिकी बैंकिंग इतिहास में तीन बड़े बैंकों में से इन दो के पतन के साथ ही 2008 में तीसरा पतन वाशिंगटन म्यूचुअल का हुआ था। बैंकों में 8 प्रकार के प्रमुख जोखिम हैं जिनमें क्रेडिट, ब्याज बाजार, तरलता, आपरेशनल, कंप्लायेंस, प्रशासन व साख शामिल हैं। एसवीबी की विफलता का कारण ब्याज व तरलता संकट था। थोड़े समय में ब्याज दरों में तेजी से वृद्धि से बैंक पर संकट आ सकता है, अमेरिका में मार्च, 2022 से यही हुआ है। फेडरल रिजर्व आक्रामक रूप से ब्याज दरें बढ़ा रहा है। उसने इसमें 4.5 प्रतिशत की वृद्धि की जो अब 4.75 प्रतिशत है और देश में मुद्रास्फीति घटाने के लिए जल्द ही 6 प्रतिशत पहुंच सकता है। इससे कर्ज पर आय बढ़ी है। सिक्यूरिटी पर आय बढ़ने से कीमतें नीचे आई हैं। एसवीबी ने अपनी परिसंपत्तियों का बहुत बड़ा 55 प्रतिशत निश्चित आय सिक्यूरिटीज़ में लगाया है। ब्याज दर बढ़ने से बाजार में बांडों की कीमतें घटती हैं, लेकिन यह यह उस समय तक चिन्ता का कारण नहीं बनता है जब तक स्वामी उसे परिपक्वता तक धारण-एचटीएम कर सकता है। उस बिंदु पर वह बिना किसी नुकसान के मूल कीमत प्राप्त कर सकता है। होने वाला नुकसान बैंक की बैलेंसशीट में छिपा रहता है और समय बीतने के साथ गायब हो जाता है। लेकिन यदि स्वामी बाजार मूल्य कम होने पर सिक्यूरिटीज़ बेचता है तो यह वास्तविक नुकसान में बदल जाता है। एसवीबी को इस स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि ग्राहक अपना पैसा निकालने पर जोर दे रहे थे। इस कारण एसवीबी को भारी घाटे पर अपने काफी बांड बेचने पड़े। इससे तरलता का संकट पैदा हुआ जो ब्याज दर जोखिम के बाद पड़ने वाला प्रभाव है।

तरलता संकट का अर्थ है कि बैंक आवश्यकता पड़ने पर बिना नुकसान के अपना दायित्व निभाने में विफल हो जाए। एसवीबी के ग्राहक तेजी से अपना पैसा निकाल रहे थे जिसका भुगतान सुरक्षित नकदी से नहीं हो सकता था। इसलिए बैंक ने 21 बिलियन डाल की सिक्यूरिटीज़ 1.8 बिलियन डालर के नुकसान पर बेचने का निर्णय किया। शेयर बाजार में गिरावट के कारण कर्जदाता को नई पूंजी के रूप में 2 बिलियन डालर एकत्र करना पड़ा। इससे शेयर बाजार में घबराहट फैली तथा बैंक की साख गिर गई। इससे और ज्यादा लोग पैसा निकालने लगे। इस प्रकार की स्थितियों में कोई स्वस्थ बैंक भी दीवालिया हो सकता है। भारत में भी यह एक-दो बार हो चुका है। डिजिटल युग में लोग अपने घरों से पैसा निकाल सकते हैं, इसलिए ऐसी घटना की संभावना बढ़ जाती है। सिग्नेचर बैंक को भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा। तरलता संकट के कारण लोग इस बैंक से भी पैसा निकालने लगे।

एसवीबी व एसबी की जमा 90 प्रतिशत तक बीमा के बाहर थी जो पूरे मुद्दे में एक और खतरनाक आयाम था। एसवीबी का बिजनेस माडल भारतीय बैंकों से अलग है क्योंकि इसका संसाधन कार्पोरेट क्षेत्र है, जबकि भारत में खुदरा व्यापारी व परिवार बैंकिंग व्यवस्था में ज्यादा जमा करते हैं जो लगभग 63 प्रतिशत है। उनकी जमा 6 महीने से पांच साल तक के लिए होती है तथा लोग सरकारी सिक्यूरिटी-जीसेक पसंद नहीं करते हैं। परिसंपत्तियों के मामले में गौर करें तो 65 प्रतिशत परिसंपत्तियां तथा 25 प्रतिशत निवेश होता है। निजी बैंकों-पीवीबी में 18 प्रतिशत तथा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी में 22 प्रतिशत जीसेक हैं। निवेश का पैटर्न भी अलग है। भारत में बैंकों में निवेश हर 100 रुपये में से 65 रुपये कर्ज में तथा 25 रुपये बांडों में व अन्य कर्ज में जाते हैं। एसवीबी का निवेश बांडों व दीर्घकालीन सिक्यूरिटीज़ में 55 प्रतिशत था।

15 मार्च को क्रेडिट स्विस के शेयर सबसे निचले स्तर पर आ गए जिससे दुनिया भर के बाजारों में काफी बेचैनी फैल गई। लेकिन स्विस नेशनल बैंक ने 54.5 बिलियन डालर की लाइफलाइन क्रेडिट स्विस को दे दी जिससे उसके शेयर फिर पुरानी स्थिति में आ गए। स्विस सेंट्रल बैंक का यह कदम अमेरिकी नियामकों द्वारा एसवीबी व एसबी का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के कुछ ही दिन बाद सामने आया। एचएसबीसी ने एसवीबी की ब्रिटिश शाखा को नाममात्र के पैसे में अधिग्रहीत कर लिया। ये वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में उथलपुथल के संकेत हैं। वित्तीय व्यवस्थाओं में दरारें दिखने लगी हैं और ऐसे में यह सवाल है कि क्या वे उसी तरह व्यापक विस्फोट को जन्म देंगी जैसा 15 साल पहले हुआ था?

प्रख्यात अर्थशास्त्री नोरियल रूबिनी को उनकी आमतौर से निराशाजनक, लेकिन सटीक पूर्वानुमानों के लिए 'डा. डूम' कहा जाता है। उन्होंने कहा है कि क्रेडिट स्विस की दशा लेहमैन ब्रदर्स वाली हो सकती है। वह इतना बड़ा है कि उसे बचाया नहीं जा सकता है। दुनिया के सबसे बड़े परिसंपत्ति प्रबंधक 'ब्लैकराक' के संस्थापक लैरी फिंक ने कहा था कि हम 'धीरे-धीरे एक संकट की ओर बढ़ रहे हैं जहां सैकड़ों छोटे बैंक अमेरिका की तरह डूब जाएंगे जैसा कि 1980 के दशक में बचत व कर्ज संकट के दौरान दिखाई पड़ा था।' लेकिन एक चीज स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय नियामकों ने पिछले संकट से सबक सीखा है। इसके अनुसार गति मूल चीज है।

अमेरिकी फेडरल तथा बैंक आफ इंग्लैंड ने वास्तव में समाधान खोजने के लिए तेजी से काम किया है। बार-बार अस्थिरता की इन घटनाओं से स्पष्ट है कि जब आप लगभग 15 साल से जारी करीब शून्य ब्याज दर की व्यवस्था को उलटते हैं, जैसा कि अमेरिका व ब्रिटेन में हुआ है तो अचानक चीजें टूटमी हैं जो एसवीबी व एसबी के पतन से स्पष्ट है। लेकिन हमेशा सेंट्रल बैंक फौरन सहायता नहीं करते हैं, फिर चाहे वह पश्चिम में हो या पूरब में। एसवीबी का पतन परिसंपत्तियों व दायित्वों में असंतुलन का उदाहरण है जहां अल्पकालीन रूप से प्राप्त पैसे को दीर्घकालीन कर्ज में लगा दिया जाता है। आईएलएंडएफएस संकट के बाद भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग में यही हुआ था, जब विभिन्न दीर्घकालीन कर्ज योजनाओं में अल्पकालीन समय के लिए प्राप्त पैसा लगाया गया था। विफल ग्लोबल ट्रस्ट बैंक का 2004 में पीएसबी में विलय किया गया था जो शेयर बाजार में बहुत उत्साह से तथा नियामकों द्वारा निर्धारित सीमा से आगे बढ़ कर भाग ले रहा था।

वह 2001 के शेयर बाजार घोटाले में भी शामिल था। भारतीय बैंक आज आकर्षण का केन्द्र हैं और पिछले दशक में उनका सर्वोत्तम प्रदर्शन सामने आ रहा है। 2023 में हमारे गवर्नर को अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन सेंट्रल बैंकिंग द्वारा 'गवर्नर आफ द इयर' से सम्मानित किया गया है। ऐसे में समय आ गया है कि हम नियामकों की त्वरित कार्रवाई के साथ ही ज्यादा विनियमनों के साथ उदारीकरण की ओर आगे बढ़ें।

# आत्मविश्वास बढ़ाते हैं सामाजिक त्यौहार

> "सामाजिक उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने में काफी मददगार होते हैं।"

**पूजा हरलालका**
(लेखिका सामाजिक-भावात्मक लर्निंग से जुड़ी हैं)



सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। इस लेख में, हम कुछ तरीकों पर गौर करेंगे कि ये आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल को बनाने में कैसे मदद करते हैं।

सामाजिक त्योहारों और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अक्सर बच्चों के बीच टीम वर्क और सहयोग की आवश्यकता होती है। इन आयोजनों के दौरान, बच्चों को अपने स्वयं के और विभिन्न स्कूलों और पृष्ठभूमियों सहित कई लोगों और टीमों के साथ सहयोग करने की आवश्यकता होती है। घटनाओं के लिए योजना बनाते समय और फिर घटना के दौरान भी सहयोग अलग-अलग और समय की अवधि में होता है। एक सामान्य लक्ष्य के लिए एक साथ काम करके, बच्चे प्रभावी ढंग से संवाद करना, विचारों को साझा करना और रचनात्मक तरीके से संघर्षों को हल करना सीखते हैं। इन पारस्परिक कौशलों को विकसित करने से भी बच्चे सफल महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक जागरूकता : सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक कर सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। बच्चे नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो उन्हें अपने समुदाय



से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे बच्चों को एक साथ लाते हैं, विभिन्न स्कूलों और पृष्ठभूमि से मज़ेदार, संबंधित तरीके से, एक साथ काम करते हैं और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये विशेष बातचीत और अनुभव बच्चों को विविधता और मतभेदों की अधिक सराहना करना और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं। ये आयोजन अपने साथ बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रतिनिधि बनने, इसे दूसरों के साथ साझा करने और इसके बारे में सिखाने की क्षमता लाते हैं।

रचनात्मकता और कौशल- सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनी दैनिक कक्षाओं से परे अपने कौशल और प्रतिभा का दोहन, विकास और प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। ये आम तौर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न श्रेणियों के व्यापक स्पेक्ट्रम पर और अधिक, सार्वजनिक बोलने, नृत्य, संगीत और ट्रिविया तक सीमित नहीं हैं, जो दर्शकों के सामने प्रदर्शित होते हैं। यह अनुभव बच्चों के लिए अविश्वसनीय रूप से सशक्त हो सकता है, क्योंकि इससे उन्हें अपनी क्षमताओं में गर्व और उपलब्धि की भावना विकसित करने में मदद मिलती है।

दूसरों के सामने प्रदर्शन करने के लिए भी साहस, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान की आवश्यकता होती है। उनके प्रयास, कौशल और प्रतिभा के लिए पहचाने जाने से बच्चों को मूल्यवान और सराहना महसूस करने में मदद मिलेगी। सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने से उनके आत्म-सम्मान को बढ़ावा मिल सकता है और उन्हें खुद पर और अपनी क्षमताओं में अधिक आत्मविश्वास महसूस करने में मदद मिल सकती है और साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा सकता है। इन सामाजिक अंत:क्रियाओं में, बच्चे न केवल सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं, बल्कि यह उनके लिए दूसरों की सराहना करने और सकारात्मक प्रतिक्रिया देने में सक्षम होने के लिए मंच भी तैयार करता है।

ये सामाजिक त्यौहार और इंटर-स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं जहां उनके पास अपने स्कूल और विभिन्न स्कूलों के साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करने, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। . स्कूलों और समुदायों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे इन आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी को समर्थन और प्रोत्साहित करें, क्योंकि ये बच्चे के विकास और कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

ये कौशल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा होते हैं और अक्सर हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं के मूल में होते हैं। इसलिए, अपने बच्चों को आकार देने के लिए जगह बनाकर उन्हें सशक्त बनाना, उनके पूरे जीवन में उनकी अच्छी सेवा करेगा।

## आप की बात

### अमृतपाल पर शिकंजा

**अमृतपाल** ने पंजाब में खालिस्तान के नाम पर युवाओं का एक बहुत बड़ा गुट तैयार कर लिया है जिसके लिए उसे पाकिस्तान कनाडा सहित कई देशों में रहने वाले भारत-विरोधी तत्वों से धन, समर्थन व हथियार प्राप्त हो रहे हैं। खुशी की बात है कि केंद्र सरकार ने इस मामले में बिना देर किए योजना बनाकर तत्काल कार्यवाही को अंजाम दिया अन्यथा भिंडरावाले की तरह यह एक नया खालिस्तानी आतंकवादी न जाने देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता था। लेकिन पुलिस की 20 टीमें लगने के बाद भी उसका छुपा रहना यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर उससे भयभीत लोग उसे चाहे अनचाहे पनाह दे रहे हैं। मगर उसका नेटवर्क तोड़ देने से अब अधिक दिन तक कानून के हाथों से बचकर नहीं रह पाएगा। केंद्र व राज्य सरकारों को देश के खिलाफ उठने वाली ऐसी हर आवाज को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। हम बाहरी दुश्मनों से निपटने में सक्षम है मगर भीतरी दुश्मन स्थानीय जनता व कभी-कभी धर्मग्रंथों की आड़ लेकर खुद को बचाने में कामयाब हो रहे हैं। इन्हें समर्थन देने वालों को भी सख्त सजा मिलनी चाहिए। देश की जनता अमृतपाल जैसे देश-विरोधी तत्वों के खिलाफ हर प्रकार की कठोरतम कार्रवाई का समर्थन करती है।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### संस्थानों पर सवाल

**एक** साल से अधिक समय हो गया रुस-यूक्रेन युद्ध के चलते। दोनों ओर के हजारों सैनिक और नागरिक शहीद हो गए। घर के घर क्या शहर के शहर वीरान हो गए। बहुतों ने पलायन कर दूसरे देशों में शरण पाकर जान बचाई। लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ भी नहीं कर पाया। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय न्यायलय ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेनी बच्चों के अपहरण, देशनिकाला और युद्ध-अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। चीन की वुहान लैब से दुनिया में फैले कोरोना वायरस से लाखों लोग शिकार हुए व करोड़ों बीमार साथ ही आम लोगों से लेकर दुनिया के देशों तक की अर्थव्यवस्था भी गड़बड़ाई किन्तु बारम्बार जाँच हेतु प्रतिनिधि भेजने के बाद भी अभी तक विश्व स्वास्थ संगठन चीन को दोषी प्रमाणित नहीं कर पाया। विश्व स्तर पर बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई और हो रही है जिसके समाधान व रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों का गठन किया गया है किन्तु वे केवल बयान व उपदेश तक ही सीमित रह पा रही हैं। अंतराष्ट्रीय संस्थानों के पुनर्गठन तथा उनमें भारत समेत दुनिया के अन्य देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाना जरूरी हो गया है।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर


### भारत-विरोधी तत्व

**ऑस्ट्रेलिया** स्थित भारतीय राजदूत नवदीप सूरी ने स्थिति का सटीक विवेचन कर इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया है कि ऑस्ट्रेलिया कनाडा या अन्य देशों में जो भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं, हिंदू मंदिरों पर जो नारे लिखे जा रहे हैं, उनमें घुसपैठ की जा रही है, तोड़फोड़ की जा रही है या भारतीयों का आने से रोका जा रहा है, ऐसे मामले में विदेशों में रहने वाले आप्रवासी सिखों का एक बड़ा हिस्सा इन सब मामलों से दूर है। चंद सिख ही इन सब वारदातों में शामिल और सक्रिय हैं। इसके लिए भी उन्हें आईएसआई व अन्य भारत-विरोधी संस्थाओं से भरपूर पैसा व समर्थन मिल रहा है। खालिस्तानी आंदोलन की जड़ें काटने के लिए सबसे पहले इस सपोर्ट को खत्म करना होगा। देश के भीतर विशेष तौर से पंजाब की पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर अधिक सख्ती व गुप्तचरों का जाल बिछाना होगा। राज्य सरकारों तथा खासकर पंजाब सरकार व सभी राजनीतिक दलों को देश-विरोधी व खालिस्तान-समर्थक तत्वों का सफाया करने पर पूर्ण राजनीतिक सहमति विकसित करनी बहुत जरूरी है।

**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**भारत**-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के अंतरराष्ट्रीय शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है।

\- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यह** टारगेट करने और परेशान करने की कोशिश है। वे डरा-धमकाकर हमें कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन हम न डरेंगे और न कमजोर होंगे।

\- **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष





**नई** दिल्ली के साथ टोक्यो का आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है जो न केवल भारत के विकास में सहायक होगा बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर पैदा करेगा।

\- **फ्यूमियो किशिदा**
जापान के पीएम"

# प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के लिए सज-धज कर तैयार हुई अयोध्या

● नव संवत्सर से ब्रह्मर्षि वेदांती सहित दर्जनों विद्वान राम नगरी में कहेंगे श्री राम कथा

**संवाददाता।** अयोध्या



**चैत्र** मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से अयोध्या में नौ दिवसीय प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव महोत्सव का शुभारंभ हो जाता है जिसकी तैयारी अयोध्या के मंदिरों में महीनों पहले से होने लगती है और इसी के साथ साथ देश के कोने कोने से राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान अयोध्या में प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर कथा श्रवण कराने के लिए तैयारियां करने लगते हैं इस वर्ष भी अयोध्या में लगभग 1 दर्जन से अधिक स्थानों पर विद्वान अपनी अमृत माई कथा द्वारा अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे इसी क्रम में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित हिंदू धर्म में ब्रह्मर्षि वेदांती जी महाराज 22 मार्च से 30 मार्च तक शाम पांच बजे से 8 बजे तक सुंदरकांड की श्री राम कथा कहेंगे।

श्री राम कथा के संयोजक वेदांती जी महाराज के शिष्य वशिष्ठ पीठाधीश्वर महंत डॉ राघवेश दास वेदांती ने बताया कि ब्रह्मर्षि वेदांती महाराज ने 2003 से 2019ए 16 वर्षों तक श्री रामनवमी के उपलक्ष में नौ दिवसीय श्रीराम कथा मंदिर निर्माण के लिए समर्पित और संकल्पित हो करके कहा रहे थे जिसका परिणाम 2019 में आया और भगवान श्री राम लला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और 24 में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान भी हो जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कोरोना के 3 वर्षों तक कथा स्थगित रही लेकिन 2023 से यह पुनः अनवरत प्रारंभ हुई है 2019 तक 16 वर्षों में श्री महाराज जी ने किष्किंधा कांड तक की कथा कही थी इस वर्ष सुंदरकांड की कथा प्रारंभ होगी जो आने वाले 12 वर्षों में संपन्न होगी।

## परीक्षा में दस टॉप छात्रों ने पाई सफलता

**प्रयागराज।** नीट पीजी दो हजार तेईस परीक्षा के टॉप पांच एआईआर रैंक में प्रेपलैडर के लर्नर्स ने टॉप टेन रैंक होल्डर्स में से आठ प्रेपलैडर के लर्नर्स ने जगह बनाई है। प्रेपलैडर जो कि भारत की एक लीडिंग ऑनलाइन मेडिकल की तैयारी कराने वाले प्लेटफॉर्म में से एक है। इसने घोषणा की है कि हाल ही में संपन्न हुई नीट पीजी दो हजार तेईस की परीक्षा में टॉप दस एआईआर रैंक होल्डर्स में से आठ प्रेपलैडर से हैं। टॉप आठ रैंक होल्डर्स शामिल हैं। नीट पीजी की परीक्षा को एनबीई नेशनल बोर्ड ऑफएग्जामिनेशन द्वारा आयोजित किया जाता है। जो कि देश में गवर्नमेंट सरकारी एवं प्राइवेट मेडिकल इंस्टिट्यूट्स निजी चिकित्सा संस्थानों में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करने के इच्छुक एमबीबीएस ग्रेजुएट्स के लिए एक नेशनल लेवल की क्वालीफाइंग तथा रैंकिंग परीक्षा है। जिन्होंने आयोजित परीक्षा में टॉप दस एआईआर रैंक तथा सात से अधिक अंक हासिल किए है। इसके अलावा अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद तीस से अधिक लर्नर्स ने एआईआर सौ के तहत टॉप रैंक हासिल की है। प्रेपलैडर के टॉप स्कोरर्स में जयपुर की डॉ आरुषि नरवानी एआईआर एक ने सात सौ पच्चीस अंक हासिल किये।

# डीएम ने बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर ध्यान दिये जाने के दिए निर्देश

● जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय घूरपुर जसरा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित नव निर्मित आरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** प्रयागराज



**जिलाधिकारी** संजय कुमार खत्री ने सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय घूरपुर जसरा एवं करस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय घूरपुर जसरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता की जांच करते हुए बच्चों से पहाड़ा गुणा एवं अंग्रेजी के शब्दों की मीनिंग पूछा तथा अध्यापकों से कहा कि और मेहनत करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसरा का निरीक्षण किया तथा वहां पर उन्होंने साफ सफाई भोजनालय बच्चों के खेलने तथा जो बच्चों को खिलाया जाता है। उसकी गुणवत्ता की जानकारी ली और छात्रावास का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने बच्चों की पढ़ाई पुस्तकें बैज तथा खाने आदि की जानकारी लेते हुए कहां कि बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या न आये वहां पर मीनू के अनुसार ही भोजन दिया जाये। इसका विशेष ध्यान दिया जाये। बायोमैट्रिक मशीन की क्रियाशीलता को भी चेक किया। व्यवस्थाएं ठीक पायी गयी। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने नैनी में सम्भागीय परिवहन की नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने लाइसेंस कक्ष का निरीक्षण करते हुए औसत प्रतिदिन कितने लाइसेंस बनाये जाते है कि जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि लाइसेंस तथा परिवहन से सम्बंधित कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखा जाये। इसस में बिचैलियों का हस्तक्षेप न होने पाये। उन्होंने वहां पर साफसफाई रखने तथा खाली स्थानों पर वृक्षारोपण भी किये जाने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर आरटीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मविश्वास की कमी जैसी चुनौतियों का करना पड़ता है सामना : शिवम

**प्रयागराज।** देश में लगभग बीस करोड़ वयस्क आबादी है। जो वजन कम होने की समस्या से परेशान है। इन लोगों को खराब कॉन्सेंट्रेशन स्टैमिना की कमी कम प्रतिरक्षा के साथ साथ आत्मविश्वास की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें अपने आसपास के सभी लोगों से वजन बढ़ाने के बारे में अनचाही सलाहें मिलती रहती हैं। यह सलाह कभी खत्म नहीं होती और आमतौर पर अप्रभावी होती है। इस समस्या का समाधान उतना ही सरल है। जितना कि एक एक्सपर्ट सॉल्यूशन का होना चाहिए जो सिप्ला हेल्थ के वेट गेनिंग एक्सपर्ट एंडुरा मास द्वारा प्रदान किया जाता है। सिप्ला हेल्थ लिमिटेड ने भारत की एक लीडिंग क्रिएटिव एजेंसि लोव लिंटास को एंडुरा मास द वेट गेन एक्सपर्ट के लिए अपने लेटेस्ट कैम्पेन के लिए ऑनबोर्ड किया है। सिप्ला हेल्थ के सीईओ शिवम पुरी ने कहा जुलाई दो हजार बाइस में एंडूरा मास का रणनीतिक अधिग्रहण सीएचएल के पोर्टफोलियो को वेट गेनिंग की एक नई कैटेगरी में विस्तारित करने की दृष्टि से था। जिससे हमारे विशेष कंज्यूमर की एक बहुत ही विशिष्ट पोषण संबंधी आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

# अराजकतत्वों ने तोड़ी अंबेडकर की मूर्ति पुलिस प्रशासन ने लगवाई नई प्रतिमा

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या

**मिल्कीपुर** के खंडासा थाना क्षेत्र के कुरावन गांव में रविवार की रात अराजक तत्वों ने बाबा साहब डॉण् भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ दी। गांव के लोग जब सुबह खेतों की तरफगए तो क्षतिग्रस्त प्रतिमा को देख भड़क गए। आनन.फानन में इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव पुलिस पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी कंदई कला क्षेत्र के कुरावन गांव के बाहर अंबेडकर पार्क में कई वर्षों से संविधान निर्माता डॉण् भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। रविवार रात कुछ अराजक तत्वों ने इस प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जाता है कि प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के लोगों ने ही प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर माहौल खराब करने का प्रयास किया होगा । सूत्रों की मानें तो कुरावन गांव के सुरेंद्र कुमार ने पुलिस चौकी कन्दाई कला को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि किसी के द्वारा ना तो पुलिस चौकी पर कोई तहरीर दी गई है और ना ही थाने पर एफ्लिहाल कमेटी के सदस्यों से वार्ता करने के बाद दूसरी मूर्ति स्थापित करा दी गई है। मौजूदा समय में किसी प्रकार का आक्रोश जनता में नहीं है।

## उ.प्र. मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ धरना देगे आज

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अभय कुमार चौधरी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 20 मार्च को अपराहन 2 बजे कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर बैठक कर रणनीति बनाई गई। बैठक में नेशनल ज्वाइन्ट कौसिंल ऑफएक्शन के तत्वावधान में गठित पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (केन्द्रीय/राज्य कर्मचारियों के साझा कार्यक्रम) द्वारा आन्दोलनात्मक कार्यक्रमों की तिथिवार तय योजना पर रणनीति तैयार की जायेगी। जिसमें कार्यालयों में गेट मीटिंग के माध्यम से कर्मियों को जागरूक करना, जिला स्तरीय मशाल जुलूस जिसमें कर्मियों की परिवारजन शामिल हो।

# शुआट्स विवि के रजिस्ट्रार का कैंसर से निधन

● धर्मांतरण, फर्जी नियुक्ति और 24 करोड़ के एक्सिस बैंक घोटाले के आरोपी थे रोबिन एल प्रसाद, पत्नी हैं कार्यवाहक कुलपति

**संवाददाता।** प्रयागराज



फाइल फोटो।

**प्रयागराज** के नैनी स्थित शुआट्स कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रॉबिन एल प्रसाद का आज निधन हो गया। वह पिछले काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर विश्वविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। वर्तमान में उनकी पत्नी रानू प्रसाद शुआट्स की कार्यवाहक कुलपति के तौर पर कार्यरत हैं।धर्मांतरण से लेकर भर्ती घोटाले तक के प्रकरण में चर्चा का विषय बने शुआट्स कृषि विश्वविद्यालय पर पिछले महीने एसटीएफ प्रयागराज की ओर से नैनी कोतवाली में 59 लोगों की फर्जी तरीके से नियुक्ति करने की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एसटीएफ के द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर वित्तीय अनियमितता और शिक्षक भर्ती घोटाले दोनों एफआईआर में लाल बंधुओं के साथ रजिस्ट्रार रोबिन एल प्रसाद का भी नाम था। इसके अलावा सामूहिक धर्मांतरण प्रकरण फतेहपुर में भी गवाहों के बयानों में उनका नाम आरोपी के रूप में था। आरबी लाल के सबसे करीबी माने जाने वाले राबिन एल प्रसाद कई आरोप लग चुके थे। शुआट्स यूनिवर्सिटी में प्रवेश में धांधली और मनी लांड्रिंग जैसे आरोपों में भी इनका नाम उजागर हुआ था। 24 करोड़ रुपए के एक्सिस बैंक घोटाले में भी रॉबिन एल प्रसाद आरोपी थे। इधर जब से फतेहपुर सामूहिक धर्मांतरण मामले में शुआट्स का कनेक्शन जब सामने आया तब से वह पुलिस रिकार्ड में फरार चल रहे थे। बाद में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती होने की खबर मिली थी। बताते हैं कि कई सालों से वह कैंसर की बीमारी से ग्रस्त थे। पिछले कुछ दिनों से तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। जिससे उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले एक सप्ताह से वेंटिलेटर पर थे। बीस मार्च को उनका देहांत हो गया।

## क्विक न्यूज

### 25 को मोटर दुर्घटना वाद निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत



**संतकबीरनगर।** 25 मार्च को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी आशीष जैन अध्यक्षता में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। श्री जैन द्वारा बताया गया कि पक्षकारों को नोटिस तामिला कराई जा रही है एवं दुर्घटना वादों से संबंधित समस्त मामले आगामी विशेष लोक अदालत 25 मार्च 2023 को लगाए जाएंगे। पक्षकारों से अपील है कि लोक अदालत में मामलों का निस्तारण करायें जोकि समाधान का सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है।

### विशेष कार्यक्रम को लेकर बनाई गई रूपरेखा

**प्रयागराज।** ढेर सारे कार्यक्रम को लेकर योजना बनायी गयी है। प्रमुख कंज?यूमर ड्यूरेबल ब्रैंड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने एलजी ऑब्जेट कलेक्शन पोज के ओएलडी टीवी लांच किया। एजी ओब्जेक्ट कलेक्शन लक्स वन पोज पोज के ओलेड़ टीवी एजी स्टोल पर कांस्ज़ुमेक्स एक्जीबिशन सभी के लिए स्थान के पी कॉलेज ग्राउंड सिविल लाइन्स प्रयागराज में लगाया है। प्रॉडक्ट के नए लाइनअप में विशाल प्रोसेसर भी शामिल हैं। जिससे दर्शकों को टीवी देखते समय सिनेमाहॉल जैसा अनुभव मिलता है। एलजी ऑब्जेट की डिजाइन बेहद आकर्षक है। जो कमरे के इंटीरियर्स के साथ बखूबी मेल खाकर उसकी खबसूरती में चार चांद लगाता है। नया प्रॉडक?ट लाइनअप गोल किनारों और नाजुक कारीगरी के डिजाइन के साथ मिलता है। जिससे यह हर घर के लिए परफेक्ट बन जाते हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया में वाराणसी के ब्रांच मैनेजर धर्मेन्द्र सिंह ने इस मौके पर यह जानकारी दी।

### दस्तक अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से

**अयोध्या।** शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 के अभियानों की भांति माह अप्रैल 2023 में संचालित किये जाने वाले संचारी एवं दस्तक अभियान संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तकद्ध में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रत्येक मकान पर क्षय रोग के संभावित रोगियों के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगी तथा क्षय रोग के लक्षणों वाले किसी व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण एक लाइन लिस्टिंग फारमेट में अंकित कर क्षेत्रीय ए0एन0एम0 के माध्यम से ब्लाक मुख्यालय पर उपलब्ध करायेंगी।

### किशोरी से दुराचार का प्रयास

**मिल्कीपुर अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए निकली 13 वर्षीय दलित किशोरी से पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के थाना बल्दीराय के एक गांव का युवक द्वारा छेड़खानी करते हुए दुराचार का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता ने कुमारगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की है। हालांकि बालिका के पिता की तहरीर पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव बालक ने आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़खानी एससी एसटी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव के 13 वर्षीय बालिका शौच के लिए जंगल की ओर जा रही थी, उसी बीच पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के थाना बल्दीराय क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बालिका से छेड़छाड़ करने लगा चिल्लाने पर जब गांव के लोग दौड़े तो वह मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने उसको पकड़ कर मारा पीटा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंचे युवक के परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां पर डॉकरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पीड़िता बालिका के पिता ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है कि मेरी बेटी जंगल की ओर शौच के लिए जा रही थी, उसी समय पड़ोसी गांव का युवक दुष्कर्म करने के नियत से छेड़छाड़ करने लगे चिल्लाने पर जब लोग दौड़े तो वह भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 504, 354 क, 354 ख आईपीसी एवं 7द्8 पास्को एक्ट व 3 ;2द्ध5 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी आरोपी युवक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्रभारी निरीक्षक शिव बालक ने बताया कि आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### पराली जलाने की समस्या से निपटने को अभियान का विस्तार

कानपुर । पेप्सीको इंडिया ने अपने पायलट फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम, बायोचार अभियान का विस्तार पंजाब के फतेहपुर और लुधियाना जिलों में किया है। यह अभियान उत्तरी राज्यों में पराली जलाने की गंभीर समस्या का समाधान प्रदान करेगा। यह अभियान पंजाब में और ज्यादा किसानों के साथ जारी रहेगा ताकि रिटॉर्ट भट्टी नाम की इन भट्टियों में फसल के अवशेष को जलाकर पायरोलिसिस प्रक्रिया द्वारा बायोचार फर्टिलाईज़र बनाया जा सके। अनुकूल जोशीए डायरेक्टर . एग्रोए पेप्सीको ने कहा,ष्बायोचार की मदद से मिट्टी के स्वास्थ्य और कार्य में सुधार करने से कृषि आउटपुट बढ़ेगा और पोषक तत्वों एवं पर्यावरण के प्रभावों से संबंधित खर्चों में कमी आएगी।

### आरेडिका में 80वाँ अखिल भारतीय रेलवे हॉकी (मेन्स) चैंपियनशिप का आयोजन



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 20 से 25 मार्च तक 80वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। जिसमें विभिन्न रेलवे जोन के 10 हॉकी टीमों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम की शु रूआत मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पीके मिश्रा, विशेष अतिथि भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी पदम्श्री रानी रामपाल एवं आरेड़िका की विशेष खेलकूद अधिकारी पदम्श्री सुधा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। महाप्रबंधक पी के मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया सभी खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना देते हुए चैंपियननशिप को प्रारम्भ करने की आज्ञा प्रदान की। चैंपियनशिप पहला हॉकी मैच ईस्ट कोस्ट रेलवे और मध्य रेलवे की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें ईस्ट कोस्ट रेलवे 3.2 से विजय हुई। इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगताओं में प्रतिभाग कर चुके खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं एवं वे इस चैंपियनशिप का मुख्य आकर्षक रहेंग।

# निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरण तुरंत निपटाएं: डीएम

● जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में उद्यमियों ने रखी समस्या

**संवाददाता।** संतकबीरनगर




**जिलाधिकारी** संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक में उपायुक्त उद्योग/सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की सूची विभागवार प्रस्तुत किया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को निवेश सारथी ऐप/निवेश मित्र पोर्टल/नई औद्योगिक नीति एमएसएमई-2022 के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में अब तक जनपद में कुल 65 निवेशको द्वारा रू0 5931.3 करोड़ का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिनके उद्योग स्थापनार्थ प्रयास किया जा रहा है। जिस पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी के साथ करते हुये उद्योग स्थापित कराये। इसी क्रम में बैठक में उपस्थित विभिन्न औद्योगिक संगठनों/व्यापारी संगठनों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद द्वारा कूड़े की डम्पिंग एवं कूड़ा निस्तारित न होने एवं छूट्टा पशु के कारण हो रही समस्या का प्रकरण उठाया गया। जिस पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद की साफ-सफाई नियमित रूप से कराते हुये कूड़े का निस्तारण प्राथमिकता पर कराये, तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि छूट्टा पशुओं को नियमित रूप से पकड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही करायें।

# कोरियाई गणराज्य का शिष्ट मण्डल श्रावस्ती में

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**दक्षिण** कोरिया के 200 सदस्यीय शिष्ट मण्डल का दल सोमवार को बौद्ध स्थली श्रावस्ती पहुंचा। जहां पर माननीय विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला प्रशासन के तरफ से उपजिलाधिकारी रोहित एवं उपजिलाधिकारी आशुतोष एवं स्थानीय जनता ने अगुवानी कर स्वागत किया तथा भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा एवं अंगवस्त्र भेंटकर शिष्ट मण्डल का सम्मान भी किया गया। कोरिया गणराज्य के शिष्ट मण्डल में शामिल बौद्ध भिक्षुओं ने भगवान बुद्ध के द्वारा दिए गए संदेश पर प्रकाश डालते हुए विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए प्रार्थना किया। जेतवन के गंधकुटी पर पर विशेष पूजा अर्चना किया फूल मालाओं से गंद कुटी को आकर्षक ढंग से सजाया गया।

बौद्ध भिक्षुओं के गुरू बौद्ध भिक्षु ने कहा कि भगवान बुद्ध ने भारत से ही पूरे विश्व को शांति व सच्चाई का संदेश दिया। भगवान बुद्ध की बौद्ध स्थली श्रावस्ती की धरती पूजनीय है। इस यात्रा से भारत और कोरिया के बीच संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। वही इसमें दोनों देश के सभ्यता एवं संस्कृति का आदान.प्रदान होगा। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मैत्री संबंध के 50 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व शांति का संदेश लेकर पदयात्रा पर निकले बौद्ध भिक्षुओं का दल 43 दिन में 1167 किलोमिटर की यात्रा सारनाथ से शुरु किया है जो बोधगया, राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुंबिनी से कपिलवस्तु, ओझाझार बलरामपुर होते हुए गौतम बुद्ध भगवान की तपोस्थली कटरा श्रावस्ती पहुंचा है।

## सर्विलांस सेल ने 66 गुमशुदा स्मार्टफोन किया बरामद

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा गुमशुदा मोबाइल के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना.पत्रों के निस्तारणध्मोबाइल बरामदगी हेतु सर्विलांस सेल, जनपद श्रावस्ती निर्देशित किया गया था तथा खोये हुए मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी कर उनके मालिको को सुपुर्द करने के निर्देश सर्विलांसध्स्वाट टीम को दिए थे। जिसके अनुक्रम में सर्विलांसध्स्वाट टीम ने खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर जनपद के विभिन्न स्थानों से गुमशुदा मोबाइलों को बरामद किया गया।

सर्विलांस स्वाट टीम द्वारा खोये हुए मोबाइलो की बरामदगी के लिए किये गए प्रयासों के फलस्वरूप कुल.66 खोये हुए विभिन्न कम्पनियों जैसे. वीवों, रेडमी, ओप्पो, सैमसंग रियलमी आदि मोबाइल बरामद करने पर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने पुलिस कार्यालय में मोबाइल मालिको को बुलाकर सुपुर्द किया। बरामद किए गए समस्त मोबाइलों की अनुमानित मूल्य लगभग 9 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा उपस्थित सभी मोबाइल स्वामियों को साइबर क्राइम से बचने हेतु टिप्स एवं साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया।

# कृषि विवि : निगाहें कुलपति की ताजपोशी पर

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या

**आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति का कार्यकाल 25 मार्च को समाप्त होगाए ऐसे में निगाहें कुलपति की ताजपोशी पर होना स्वाभाविक हैं। इस पद के लिए राजभवन द्वारा दी गई विज्ञप्ति में अब तक कई पूर्व आईसीएआर के डायरेक्टर,पूर्व कुलपति तथा विश्वविद्यालय के दर्जनभर प्रोफेसर सहित सूत्रों के अनुसार लगभग 100 से अधिक दावेदार कुलपति पद की दौड़ में हैं।

संज्ञान में आया है कि अभी तक सर्च कमेटी की बैठक नहीं हो पाई, ऐसे में विश्वविद्यालय के किसी वरिष्ठ वैज्ञानिक को ही कार्यभार मिलना स्वाभाविक है।

पूर्व में कुलपति का चयन बोर्ड करता था, जिसमें प्रायरू विवाद बना रहता था तो सरकार ने चारों कृषि विश्वविद्यालयों में कुलपति के चयन हेतु 3 सदस्यीय सर्च कमेटी का गठन कर दिया है। विश्वविद्यालय में परंपरा रही है कि कुलपति का कार्यभार कुलसचिव को दिया जाता रहा है जिसके चलते दो बार विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ही कुलपति का कार्यभार दिया गया। चयनित कुलसचिव के न होने की स्थिति में तीन बार मंडलायुक्त को भी कार्यभार दिया गया। पूर्व में डाण् कीर्ति सिंह, प्रोफेसर बीऽबीऽ सिंह, डाऽ रूम सिंह तथा डाऽपीके गुप्ता को टेक्निकल के रूप में वरिष्ठतम होने के नाते कुलपति बनाया गया जो कि सफल कुलपति भी रहे। प्राप्त रिज्यूम की भले ही स्क्रीनिंग कर के टॉप टेन सूची बनाई गई हो पर बैठक ;विमर्शद्ध के अभाव में तीन नामों के चयन पर अंतिम मुहर राजभवन की ही होगी। सर्च कमेटी में एग्रीकल्चर बोर्ड मेंबर की हैसियत से कृषि उत्पादन आयुक्त ;एपीसीद्ध मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर मुख्य सचिव कृषि डाऽ देवेश चतुर्वेदी तथा टेक्निकल मेंबर के रूप में मंगला राय पूर्व महा निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली तीन नामों को अंतिम रूप देंगे।

सर्च कमेटी की बैठक ना होने की स्थिति में ऐसा नहीं लगता कि नियमित नियुक्ति हो पाएगी। वर्तमान में विश्व वद्यालय में नियमित कुलसचिव के ना होने के चलते यदि परंपरा का पालन होता है,और पूर्व में की गई नियुक्तियों को आधार माना जाता है तो विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर को ही कुलपति का प्रभार मिलना तय है। अंतिम निर्णय तो राजभवन का ही होगा ऐसे में अब निगाहें राजभवन की ओर ही हैं।

## डीएम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**अयोध्या।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में काव्यांजलि. 2023 अभिनव पर्व नवाचार एवं टी0एल0एम0 मेला और कला उत्सव में जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। जिलाधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा विभिन्न स्टालों का अवलोकन करते हुये बच्चों के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने कहा कि शिक्षा में सबसे महत्वपूर्ण है कि कैसे आप विशेष प्रयास के द्वारा कैसे आप बच्चों को कैसे आप बेहतर शिक्षा प्रदान करते है। मैंने यहां प्रस्तुतीकरण देखा जो हमारी शिक्षिकायें है लोकगीत में बहुत पारंगत है जिन्होंने बहुत अच्छा प्रस्तुतीकरण दिया, जिस प्रकार आप लोगों ने बेहतर प्रस्तुतीकरण किया उसी प्रकार शिक्षण में भी अपना बेहतर करेंगे ऐसा विश्वास है। प्राथमिक शिक्षा व्यक्ति के जीवन की नींव है, जो सबसे महत्वपूर्ण है। सभी शिक्षक अपनी पूर्ण योग्यता के साथ शिक्षण कार्य कर व्यक्ति के जीवन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें सकते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया।

# लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने जिले को दी पुल की सौगात

● शाहजहांपुर में 12 करोड़ रूपए की लागत से बनेगा



**शाहजहांपुर।** सोमवार को जिले को लोकनिर्माण निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने 12 करोड़ रुपए की लागत गर्रा नदी पर बनने वाले पुल की सौगात दी इस मौके पर लोकनिर्माण निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के साथ भूमि पूजन और शिलान्यास किया। गर्रा नदी पर 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 106 मीटर लंबा पुल दूसरे जिलों से इस जिले से जोड़ेगा। जितिन प्रसाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विकासनिति का जिक्र करते हुए सरकार को सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास करने वाली सरकार बताया कि विभाग के अधिकारियों को सचेत किया कि, गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गर्रा नदी पर 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 106 मीटर लंबा पुल दूसरे जिलों से जुड़ने पर विकास की धारा को एक सिरे से दूसरी ओर ले जाने वाली बताते हुए इसे जनता की लिए एक तोहफा करार दिया। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, 2019 में भी गठबंधन बने थे, तो उसका नतीजा क्या हुआ था। जनता स्थाई सरकार चाहती है। मोदी के कद के बराबर कोई नेता नहीं है। इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए। 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई गई थी। उनको बहुत बड़ा बहुमत मिला था। उनसे वो संभाला नहीं पाए। जनता को सबकुछ याद है, अभी भूली नहीं है। सपा में जिस तरह से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दिया गया। पूरे प्रदेश में ही सपा के समय में असमाजिक तत्वों का शासन था। लोग उसी को याद कर लेते हैं। किसी तरह से जनता ऐसे लोगो के हाथ में सत्ता नहीं सौंप सकती।

## खेती में घाटे से परेशान किसान ने की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** तहसील पुवायां के खुटार में खेती में लगातार घाटा होने और बेटी की शादी को लेकर परेशान किसान ने आत्महत्या कर ली। बताया जाता है मृतक किसान छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने गया था। देर रात किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। खुटार के गांव रजमना के एक किसान महानंद कुशवाहा (50) का शव खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने बताया कि लगातार दो साल से खेती में घाटा हो रहा था। बेटी की शादी भी तय कर दी थी। रुपयों की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। किसान पर ढाई लाख रुपये से अधिक बैंक का कर्ज भी था। इससे वह परेशान थे। इसी के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी। महानंद रविवार रात खेत पर खड़ी गेहूं की फसल को छुट्टा पशुओं से रखवाली करने के लिए गए थे। देर रात तक उनके घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई। तलाश करने पर महानंद खेत से थोड़ी दूरी पर गांव ढकना मलिका संपर्क मार्ग के किनारे पेड़ से उसका शव फंदे से लटका मिला।

# एमओयू को धरातल पर लाने को उद्यमियों से मंत्रणा

**शाहजहांपुर।** सीडीओ एसबी सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हस्ताक्षरित एमओयू को धरातल पर लाने हेतु उद्यमियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। उद्यम स्थापित करने हेतु उद्यमियों को आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। सीडीओ एसबी सिंह ने कहा कि हस्ताक्षरित किये गये एमओयू को धरातल पर लाना शासन की उच्च प्राथमिकता में है, जिसके लिए उच्च स्तर से समीक्षा भी प्रारम्भ कर दी गयी है। आगामी 06 माह में शासन द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया जाना है। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। उद्यमियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने हेतु भी उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव को निर्देशित किया, उद्यमी अपनी समस्या को व्हाट्सएप ग्रुप में अवगत करा सके।





उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने जानकारी देते हुये बताया कि 14.03.2023 तक 192 एमओयू शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुये है, 66386/- करोड़ का निवेश समाहित है। उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, लखनऊ में दिनांक 10-12 फरवरी 2023 तथा जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ भी उक्त दिनांक में सम्पन्न हो चुका है। शासन द्वारा निवेशकों की सुविधा हेतु निवेश सारथी पोर्टल पर इच्छा पत्र आमंत्रित किये गये और एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। अलग-अलग विभागों के एमओयू किये गये है एमएसएमई विभाग में धनराशि 1087.57 करोड़ के कुल 92 हस्ताक्षरित एमओयू है। नेडा विभाग में धनराशि 3563 करोड़ के कुल 13 हस्ताक्षरित एमओयू है। दुग्ध विकास विभाग में धनराशि 452 करोड के कुल 23 हस्ताक्षरित एमओयू है। उद्यान विभाग में धनराशि 182.62 करोड़ के कुल 16 हस्ताक्षरित एमओयू है। हाउसिंग विभाग (डूडा) में धनराशि 479.75 करोड़ के कुल 11 हस्ताक्षरित एमओयू है। वन विभाग में धनराशि 162 करोड़ कुल 11 हस्ताक्षरित एमओयू है। हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग के कुल 05 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 42.75 करोड़ समाहित है। पर्यटन विभाग के कुल 04 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 20.07 करोड़ समाहित है। पशु पालन विभाग के कुल 04 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 580 करोड़ समाहित है। कृषि विभाग के कुल 3 हस्ताक्षरित एमओयू धनराशि 12.2 करोड़ समाहित है। 11-स्वास्थ्य विभाग के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 13.99 करोड़ समाहित है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग (डिप्टी आरएमओ) के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 13 करोड़ समाहित है। बेसिक शिक्षा विभाग के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 13 करोड़ समाहित है। तकनीकी शिक्षा विभाग (राजकीय पॉलिटेक्निक) के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 3.7 करोड़ समाहित है। उच्च शिक्षा विभाग के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 58200 करोड़ समाहित है। सीडीओ एसबी सिंह ने उद्यमियों को आश्वासन देते हुये कहा कि उद्यम स्थापित करने में किसी भी प्रकार की समस्या नही आयेगी। जिन उद्यमियों के द्वारा जनपद में उद्यम स्थापित करने हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किये गये उन्हें जल्द धरातल पर लाकर इकाइयों को स्थापित किया जायेगा। एलडीएम दीपक चन्द्रा, आईआईए के चेप्टर चेयरमैन सहित उद्यमि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने मोटर साईकिल गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर आधा दर्जन चोरी की बाईकें, फर्जी नंबर प्लेट और असलहा बरामद किए पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त राह चलते ग्राहकों को फोटो दिखाकर बाइके बेचने का काम को अंजाम देते थे। एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया थाना रौजा और एसओजी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर रोजा क्षेत्र के पुल के पास से बीती रात दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए अभियुक्त सलमान व कल्लू दोनों युवक आपस में दोस्त हैं और एक ही मकान में रहते हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही से एक मकान से चोरी की आधा दर्जन बाइकें बरामद की हैं। साथ ही पुलिस ने उनके पास असलहा और कारतूस भी बरामद किए हैं।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, दोनों लोग सिंधौली थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। दोनों लोग मिलकर पहले शराब पीते हैं। उसके बाद भीड़भाड़ वाले इलाकों से बाईकें चोरी करते हैं। आरोपी सुधीर के घर कोई रहता नही हैं। इसलिए सुधीर और सुलेमान मिलकर बाइक चोरी कर सुधीर के मकान में खड़ी कर देते हैं। उसके बाद बेचने के लिए एक सूनसान जगह पर ले आते हैं। उसके फोटो खींचकर राह चलते ग्राहकों को ढूंढकर फोटो दिखाकर बेचने की कोशिश करते हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



## दवा लेने जा रहे ग्रामीण को ट्रक ने कुचला

**बरेली।** साइकिल से दवा लेने के लिए जा रहे एक ग्रामीण को तेजी सारे ट्रक ने कुचल दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जरेल मबई निवासी 60 वर्षीय श्यामाचरण पुत्र बालक राम की आज दोपहर घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के परिजनों ने बताया कि श्यामाचरण आज दोपहर साइकिल से गांव से कुछ दूरी पर स्थित डॉक्टर के क्लीनिक पर दवा लेने के लिए जा रहे थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक और उसके चालक को पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नेमबती है ।

# रमजान के पर्वो के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएः जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी नवरात्रि एवं रमजान के पर्वो के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि समय से सभी समस्त तैयारियां पूर्ण करा ली जाए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नवरात्रि के दृष्टिगत मंदिरों के आसपास की सफाई चूना छिड़काव इत्यादि का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन रास्तों से जुलूस अथवा शोभायात्रा निकाली जानी है, उन मार्गो पर स्थित ट्रांसफार्मर के आसपास बैरीकेटिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित सड़को को ठीक करा लिया जाए तथा सड़कों पर किसी प्रकार से गड्ढे ना हो। सभी नगरीय निकायों के अधिशासी



अधिकारी विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण अवश्य करें। जुलूस अथवा शोभायात्रा निकालते समय विद्युत टीम को अवश्य साथ में रखा जाए। मंदिरों को जाने वाले रास्तों में किसी प्रकार का अतिक्रमण ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। रमजान के दृष्टिगत डीएम ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

डीएम ने शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक चौत्र नवरात्रि/ राम नवमी के अवसर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु भी निर्देशित किया। सभी कार्यक्रम शासनादेश में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए पूरी भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित कराये जाए। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिरों के आसपास एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। सोशल मीडिया की निरन्तर निगरानी की जायेगी एवं पुलिस की टीमें निरन्तर भ्रमणशील रहेगी जिससे गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## क्विक न्यूज

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**निघासन.खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश साहा द्वारा जिले में संचालित वारंटी वांछित तथा संदिग्ध व्यक्तियों के गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा नवागत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन प्रभातेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम में निरुद्ध एक जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस अभियुक्त के समाज विरोधी क्रिया कलापों को संज्ञान में लेते हुए गत 30 जनवरी को न्यायालय ने 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया था। नवागत प्रभारी निरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नसीम पुत्र रहीमुल्लाह निवासी सोठियाना को माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### मेडिकल कॉलेज के आईसीयू चार्ज ने फांसी लगाकर दी जान

**बरेली।** एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के आईसीयू चार्ज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। फरीदपुर थाना क्षेत्र मे स्थित एक मेडिकल कॉलेज के आईसीयू चार्ज बदायूं के गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी 24 वर्षीय मुनीश यादव पुत्र मनोहर सिंह यादव ने बीती रात कॉलेज परिसर में स्थित अपने कमरे की छत से लटक कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मनीष यादव का विवाह 2 साल पूर्व हुआ था और वह लगभग 3 सालों से मेडिकल कॉलेज में आईसीयू चार्ज के पद पर तैनात था वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान रहता था उसकी पत्नी के कोई भी बच्चा नहीं था बताया जाता है इसी के चलते वह तनावग्रस्त रहता था और आज उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पर्सनल तरह साथी कर्मचारियों नहीं उसको फांसी पर लटका देखा और घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को दी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के घर वालों को सूचना दे दी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।

### बंद मकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

**बरेली।** एक बंद मकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक मकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। सीबीगंज क्षेत्र के गांव मथुरापुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद आसिक मंसूरी पुत्र मोहम्मद सदीक ने बताया कि उनके बेटे आरिस की कई दिनों से तबीयत खराब है और वह महानगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती है वह सपरिवार अस्पताल गए हुए थे बाकी परिजन अलग अलग कमरों में सो हो रहे थे और कमरा बंद था इसी दौरान घर में लगे बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे फ्रिज, पंखा, फर्नीचर, सोने चांदी के आभूषण शादी में मिले दहेज का सारा सामान जलकर राख हो गया बताया जाता है कि कमरा बंद होने के कारण मकान की छत व दीवारों में दरार पड़ गई है घर से उठती लपटें देख पड़ोस में रह रहे कपिल अहमद ने घरवालों को सूचित किया तो घर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया ग्रामीणों की मदद से आग पर पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक घर में रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया था पीड़ित ने नुकसान की कीमत लगभग छह से सात लाख रुपये बताई है ।

### कार की टक्कर से घायल वृद्ध की जान गई

**बरेली।** सड़क पर जा रहे एक वृद्ध को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र की केसर कॉलोनी निवासी 73 वर्षीय राजकुमार सक्सेना की बीती रात एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के दामाद विकास सक्सेना ने बताया कि वह होली के बाद 8 मार्च को केसर कॉलोनी स्थित अपनी ससुराल गया था जहां से वापस लौटते समय उसके ससुर राजकुमार उसके साथ सड़क तक आए थे लेकिन इसी दौरान तेजी से आ रही कार ने राजकुमार को टक्कर मार दी कार का चालक नशे की हालत में था टक्कर के बाद राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से कल रात को उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया मृतक 5 बच्चों के पिता थे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### घायल अवस्था में मिले युवक की मौत

**बरेली।** सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले एक युवक की इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव कजियापुर निवासी वीरेंद्र कुमार के 20 वर्षीय बेटे दिलीप कि बीती रात नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद दिलीप के घर वालों ने बताया कि वह नवाबगंज थाने के गांव गरेंम निवासी अपने मौसा कृष्ण कुमार के साथ रहता था और वहीं पर एक हेयर कटिंग की दुकान पर काम करता था कल शाम को लगभग 7 बजे वह बिना बताए घर से बाहर गया था, कुछ देर इंतजार करने के बाद मौसा ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला रात के समय लोगों ने उसे हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव सेथल रेलवे फाटक के पास घायल अवस्था में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया और उसके घर वालों को सूचना दे दी जो उसे इलाज के लिए रात में भी जिला अस्पताल लाए लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया उसकी मां का नाम माया देवी है वह तीन भाई थे

### बाथम वैश्य समाज का होली मिलन सम्पन्न

**सीतापुर।** बाथम वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सीतापुर के एआरटीओ प्रवर्तन संजय गुप्ता इसके मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम संरक्षक पूर्व विधायक अनूप गुप्ता जिलाध्यक्ष गोविंद सहाय गुप्ता, महामंत्री सहज गुप्ता आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। सत्य प्रकाश गुप्ता, राजू भय्या, बृजेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, देवेश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता चंदन, अनुज कुमार गुप्ता, रविकाश गुप्ता, संजीव गुप्ता बंटू, अभिषेक गुप्ता कुंवरजी, अनूप गुप्ता, अतुल गुप्ता, रिंकू, कपिल गुप्ता, मन्ना गुप्ता, सागर गुप्ता, अर्पित गुप्ता, पिंकू भैय्या, महेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### राष्ट्रपति अभिभाषण संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** शक्ति केंद्र मिरदही टोला पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर सांसद राजेश वर्मा और उत्तरप्रदेश सरकार में नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे।

### नैमिष में 22 मार्च को होगा बसंतीय नवरात्र महोत्सव

**सीतापुर।** नैमिष तीर्थ स्थित ललिता आश्रम राधा कृष्ण मंदिर पर श्री ललिता महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ 22 मार्च से 29 मार्च के मध्य आयोजित होगा। आश्रम संचालक और मंदिर के प्रधान पुजारी लाल बिहारी द्वारा इस संबंध में दी गई सूचना के अनुसार गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम पूर्ण वैदिक विधि विधान के अनुसार आयोजित किया जाएगा।

# लालची पति ने कर दी पत्नी की हत्या

**बरेली।** जायदाद के लालची अधेड़ पति ने पत्नी की सिर कुचलकर हत्या कर दी घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना कैंट के ठिरिया निजावत खां निवासी शराफत अली ने पहली पत्नी शाहिदा बानों के बच्चे न होने पर 20 साल पहले नगीना नाम की महिला से शादी कर ली थी नगीना से उसके तीन बच्चे हुए मृतका के भाई मतलूब अली ने बताया शराफत अली को शक था कि उसकी पहली पत्नी शाहिदा बानों उसकी मौत के बाद उसकी संपत्ति अपने मायके वालों के नाम कर देगी जिसके चलते बुधवार की रात उसने शाहिदा बानों का सिर पत्थर से कुचल कर उसे घायल कर दिया पता चलने पर मायके वालों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज उपचार के दौरान शाहिदा बानों की मौत हो गई घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया वहीं आरोपी पति व उसके परिवार के लोग मौका पाकर फरार हो गए। मृतका शाहिदा बानों के भाई मतलूब अली ने शराफत अली, नगीना (दूसरी पत्नी), रियासत अली जेठ व कल्लू और राशीद के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी

### एसएसपी ने किक मारकर फुटबॉल मैच का किया उद्घाटन

बरेली। पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड पर 71 वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक फुटवाल प्रतियोगिता का सोमवार को आयोजन किया गयाद्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फुटबॉल को किक मार कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया इसमें पुरुष वर्ग में 11 टीम व महिला वर्ग में 8 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रतियोगिता का पहला मैच पुरुष वर्ग में पी ए सी पश्चिमी जोन व मेरठ जोन के मध्य खेला जा रहा है। यहां पर पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक यातायात राम मोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकार गण ,पृतिसार निरीक्षक नरोत्तम सिंह के अलावा जोनों से आए टीम मैनेजर, उपनिरीक्षक, सशस्त्र पुलिस, पीटीआई प्रदीप कसाना , उद्घोषक जगदीश सिंह पाटनी मौजूद रहे।

# हमारा आँगन-हमारे बच्चे व पोषण पखवारा

**लखीमपुर.खीरी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक स्तर के अध्यापकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन एवं उन्मुखीकरण के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को जीआईसी ग्राउंड में जनपदीय हमारा आँगन.हमारे बच्चे, समारोह, पोषण पखवारा का कार्यक्रम का आगाज हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व उनके सम्मुख दीप जलाकर कर किया। विधायक, डीएम, सीडीओ ने बाल वाटिका संबंधी निपुण तालिका व विद्याप्रवेश मॉड्यूल का लांचिंग करते हुए विमोचन किया। कार्यक्रम में पोषण पखवाड़े से सम्बंधित गोदभराई व अन्नप्राशन संस्कार भी हुए। विभिन्न ब्लाकों से आये शिक्षको, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने वेस्ट मटेरियल से बनी रोचक शिक्षण सामग्री व शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कियाए जिसे काफी सराहना मिली।कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए सदर विधायक योगेश वर्मा ने समारोह के आयोजन के लिए बीएसए और डीपीओ को बधाई दी और सरकार की योजनाओ को पूर्ण ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारने की अपील की। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने पोषण और शिक्षा को बच्चो के लिये अपरिहार्य बताते हुए शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि वह समूची ऊर्जा के साथ नौनिहालों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करें। बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी और बताया कि यह बच्चों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम कितना आवश्यक है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिशा-निर्देश जारी

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार की देर शाम को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुईए जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थितिए प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने.अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। अनडाइट फंड का नियमानुसार सदुपयोग करेंए जहां इस फंड का इस्तेमाल नहीं हुआ तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। सभी पोर्टल्स पर फीडिंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत.शत सुनिश्चित की जाए। ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की, प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत.पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग, कवच एप्लीकेशन से परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की।

# एक अप्रैल से होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

● डीएम ने ली विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान की जनपदीय अन्तर विभागीय बैठक



**लखीमपुर खीरी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जिले में एक अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही 17 अप्रैल से दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक का संचालन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया। सोमवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत जनपदीय अन्तर विभागीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज व सहयोग के लिए जिले में एक माह तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता व विशेष सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसको सफल बनाने के लिये आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर दिमागी लोगों को बुखार, खांसी, जुकाम सहित विभिन्न संचारी रोगों से बचाव के लिए सर्वे भी किया जाएगा। पूरे अभियान की मानिटरिंग, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण करते हुए विश्लेषण किया जाए।

डीएम ने बताया कि कहा कि जिले में एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 17 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्वास्थ्य से संबंधित अधिकारियों को अभियान में उनके उत्तरदायित्व बताते हुए जरूरी निर्देश दिए। साथ ही सभी सीएचसी अधीक्षकोए डीपीआरओ व डीपीओ को भी निर्देशित किया। ईओ व डीपीआरओ संचारी रोग को लेकर सफाईए सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, जलभराव, उथले हैंडपंपों का चिन्हीकरण करा कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराएंगे। साथ ही खुली नालियों को ढकने, नालियों की सफाई व जलभराव वाले स्थानों पर चूना का छिड़काव कराया जाएगा।

# नवभारत साक्षरता अभियान में सीतापुर में 3982 ने दी परीक्षा



**सीतापुर।** नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत सीतापुर में साक्षर किए 15 वर्ष से अधिक के लोगों की साक्षरता परीक्षा जिले के 305 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। सीतापुर के सभी 19 विकास खंडों में हुई इस परीक्षा में कुल 3 हजार 982 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। लहरपुर के 24 परीक्षा केंद्रों पर 488, कसमंडा के 15 केंद्रों पर 486, सिधौली के 32 केंद्रों पर 343, मछरेहटा के 15 केंद्रों पर 301, महमूदाबाद के 12 केंद्रों पर 268, खैराबाद के 10 केंद्रों पर 215, हरगांव के 19 केंद्रों पर 192, रामपुर मथुरा के 9 केंद्रों पर 184, ऐलिया के 14 केंद्रों पर 177, पिसावा के 12 केंद्रों पर 171, परसेंडी के 20 केंद्रों पर 157, बिसवां के 16 केंद्रों पर 145,पहला के 12 केंद्रों पर 137, बेहटा के 11 केंद्रों पर 128, महोली के 11 केंद्रों पर 122, मिश्रिख के 10 केंद्रों पर 119, गोंदलामऊ के 14 परीक्षा केंद्रों पर 112, सकरन के 27 परीक्षा केंद्रों पर 108, रेउसा के 12 परीक्षा केंद्रों पर 108 एवम नगर क्षेत्र खैराबाद, बिसवां, मिश्रिख व सीतापुर के 10 परीक्षा केंद्रों पर 21 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। साक्षरता के नोडल अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रताप ने बताया कि ऐसे लोग जो 15 वर्ष के ऊपर हैं और निरक्षर हैं उनके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाना है।

## भाजपा नेता व वरिष्ठ पत्रकार की माता स्व. संतोष मिश्रा ने किया नेत्रदान

**सीतापुर।** सीतापुर में नेत्रदानियों का काफिला लगातार बड़ा होता जा रहा है। अब इस कड़ी में स्वर्गीय संतोष मिश्रा का नाम भी जुड़ गया है। स्टेट बैंक कालोनी निवासी भाजपा नेता व वरिष्ठ पत्रकार राहुल मिश्रा की 73 वर्षीय माता संतोष मिश्रा का शनिवार को देहावसान हो गया था। पुत्र राहुल मिश्रा ने अपनी मां का नेत्रदान कराने का मन बनाया और इसे लेकर रोहित बाजपेई के सामने अपनी इच्छा जाहिर की। सांसद राजेश वर्मा, सांसद रेखा वर्मा सांसद अशोक रावत, मंत्री राकेश राठौर गुरु, मंत्री सुरेश राही, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक मनीष रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक शशांक त्रिवेदी, विधायक आशा मौर्य, एमएलसी जसमीर अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार आशीष बाजपेयी, हरिओम अवस्थी, तुषार मिश्रा, मोहित मिश्रा आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का हर हाल में 15 अप्रैल तक कराएं निर्माण

## ●रुर्बन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी ने की प्रगति समीक्षा



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने रूर्बन मिशन के तहत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में पर्यटन विकास कार्य, मल्टीपरपज ऑडिटोरियम, पर्यटन सुविधा केन्द्र, टीएचआर, बारात घर का निर्माण, सामुदायिक भवन, यात्री सुविधा केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण व मऊ एवं कसहाई क्लस्टर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण तेजी से कार्य कराये जायें। किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य करायें। एक्सईएन आरईएस से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण 15 अप्रैल तक हर दशा में पूरा हो जाये। जननी सुरक्षा वार्ड मऊ का कार्य पूरा होने पर उसे हैंडओवर करायें। एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ से कहा कि उद्यमिता विकास केंद्र खोह व जिन सड़कों का निर्माण पूरा हो गया है, उन्हें हैंडओवर करायें। परियोजना निदेशक से कहा कि दोनों क्लस्टर के कार्यों की बचत निकालकर बतायें कि जो कार्य पूरे हो गये हैं, उनका अंतिम भुगतान भी समय से करायें। सीडीओ से कहा कि रूर्बन मिशन के कसहाई व मऊ क्लस्टर के कार्यो का निरीक्षण कर जो कार्य पूरे हो गए हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच करायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ, लोनिवि निर्माण खंड कृष्ण कुमार, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम, अधिशासी अभियंता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तबाह हुई फसलों का सरकार दे मुआवजा: अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र समेत चित्रकूट में ओलावृष्टि एवं बारिश तथा तेज हवा से किसानों की फसलें चौपट हुई हैं। उन्होंने आंकलन कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि किसानों की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है। किसान सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। बुन्देलखण्ड समेत जिले में ओलावृष्टि, बारिश व तेज हवा से किसानों की 80 फीसदी फसलें नष्ट हो गई हैं। आधी कटी फसल ओला पडने एवं बारिश से भीगने से खराब हो गई हैं।

# सेन्ट्रल जेल में विचाराधीन बंदी ने दी जेलर को धमकी, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**तलाशी** लेने पर गुस्साए शातिर बंदी ने जेलर को देख लेने की धमकी दे डाली । भयभीत जेलर ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। दरअसल केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ के जेलर बद्री प्रसाद नें मुकदमा दर्ज कराया कि सेन्ट्रल जेल में विचाराधीन बंदी दिलीप मिश्रा पुत्र रामगोपाल मिश्रा निवासी मोहगा लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज उच्च सुरक्षा बैरक द्वितीय में निरुद्ध है। बीते 18 अप्रैल 2023 को बंदी दिलीप न्यायालय विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट प्रयागराज के समक्ष पेशी पर गया था । समय रात्रि लगभग 22.25 बजे पेशी से वापस लौटने पर गेट कीपर मोहित तिवारी द्वारा मुझे अवगत कराते हुए दूरभाष पर सूचित किया गया कि विचाराधीन बन्दी दिलीप मिश्रा की पेशी से वापस आ गया है। सूचना प्राप्त होने पर मेरे द्वारा चीफहेड वार्डर सतेन्द्र सिंह तथा हवलदार शिव कुमार मौर्य हेड जेलवार्डर को बुलाकर अपने समक्ष तृतीय गेट पर सीसीटीवी कैमरे के सामने बन्दी दिलीप मिश्रा की तलाशी करायी गई। जेलर नें बताया की बन्दी दिलीप मिश्रा तलाशी का विरोध करते हुए उन लोगों से अभद्रता करने लगा। तलाशी कराकर बन्दी दिलीप मिश्रा को अन्दर भेज दिया गया। कारागार के नियंत्रण कक्ष पर पुन: उक्त बन्दी की तलाशी की गई जहां वह तलाशी पर तैनात सुरक्षा कर्मी विकास कुमार जेलवार्डर एवं दोनों हेडवार्डरों से अभद्रता करते हुए जोर.जोर से चिल्लाने लगा। मैंने वहां पहुंचकर उसको समझाकर नियमानुसार उसकी तलाशी करायी तथा बंदी को समझाकर नियंत्रण कक्ष से उच्च सुरक्षा बैरक की ओर भेज दिया। उच्च सुरक्षा बैरक की ओर जाते समय बंदी दिलीप मिश्रा ने चिगाते हुए कहा कि मैं तुमको छोडूंगा नहीं मैं सब जानता हू कि तेरे दो बच्चे हैं और वह कहां रहते हैं। बंदी द्वारा यह भी कहा गया कि मैं तुम्हारे ऊपर झूठा आरोप लगाकर हाईकोर्ट में खिचवा लूंगा। तुमने मेरे साथ ठीक नहीं किया है। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस नें मामले में 332, 353, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। जांच सेंट्रल जेल चौकी इंचार्ज जगदीश वर्मा को दी गयी है।

# मुठभेड़ में दो बदमाश हुए घायल पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**कोतवाली** पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान डकैती की योजना बनाते 5 अंर्तजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त टीम व बदमाशों के बीच हुई कई राउंड फायरिंग में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। जबकि पुलिस ने मौके से तमंचा व चोरी के सामान के अलावा कुछ नगदी भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी गिरजाशंकर के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी शिव कुमार सिंह एवं एसओजी प्रभारी योगेश पाठक सहित सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम क्षेत्र में चोर, लुटेरे, वांछित, वारंटियो के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों की खोज में लगी हुई थी। इसी दौरान संयुक्त टीम को मुखबिर द्वारा लूट की योजना बना रहे अंतर्जनपदीय 8 बदमाशों की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने



## ●सर्विलांस सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी और झांसी कानपुर हाईवे करमेर रोड़ ओवर ब्रिज के पास घेराबंदी कर डाली। तभी पुलिस बल देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद संयुक्त टीम ने पुलिसिया रुख दिखाते हुए बदमाशों से मुठभेड़ कर जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस व बदमाशों में हुई मुठभेड़ के दौरान इकराम व सलाम गुर्जर पुत्र शहाबुद्दीन, अनवर पुत्र इकबाल, शहजाद पुत्र कल्लू निवासीगण दलेलनगर अजीतमल औरैया व शहजाद पुत्र रियाज निवासी मूसानगर कानपुर देहात को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके से तीन बदमाश भागने में सफल हो गए। पुलिस टीम व वदमाशो के बीच कई राउंड हुई फायरिंग में शातिर बदमाश सलाम गुर्जर व अनवार के अलावा एक पुलिस का जवान भी गोली लगने से घायल हुआ है। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से तमंचा कारतूस, 3 छुरी, 5 जोड़ी पायल, 5 अंगूठी, 2 मोबाइल फोन व 11 हजार 250 रुपए बरामद किए। वहीं मौके से भागे तीन बदमाशों की पुलिस ने धरपकड़ तेज कर दी है। पकड़ने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी व एसओजी प्रभारी के अलावा समस्त टीम मौजूद रही।

# प्रभु श्रीकृष्ण की कथाएं सुन श्रोता हुए विभोर



**फतेहपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठें दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. शिवाकान्त महाराज ने महारास का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण वृंदावन में यमुना के तट पर महारास करने जा रहे थे। उसी समय कामदेव आ गये और कहा कि प्रभु आपकी परीक्षा लेंगे। परीक्षा में यदि आप सफल हो गए तो वह आपके पुत्र बन करके आएंगे और यदि मैं सफल हो गया तो आप मेरे पुत्र बन करके आओगे। भगवान श्री कृष्ण की परीक्षा लेने के बाद कामदेव पराजित हो गया और यही कामदेव भगवान श्री कृष्ण का प्रदुम्न नाम का पुत्र बन करके आया। कंस वध की कथा में व्यास जी ने कहा कि मथुरा के राजा कंस ने सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने के लिए ब्राह्मण गाय संतों पर अत्याचार एवं वेद पुराण शास्त्रों को जलाने का काम किया। इसलिए भगवान श्री कृष्ण को अवतरित होकर कंस एवं कंस जैसे स्वभाव के जितने आतताई थे उन सब का विनाश किया। आज भी सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश हो रही हैं। ब्राह्मण गाय संत एवं वेद पुराणों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वह समय दूर नहीं जब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर सनातन धर्म के खिलाफ कर रहे साजिशकर्ताओं का सर्वनाश करेंगे। सनातन धर्म को और अधिक मजबूत करेंगे। पूरे पंडाल का वातावरण भक्तिमय रहा।

# जिलाधिकारी ने दस पात्रों को बांटे पट्टा प्रमाण पत्र

**मौदहा,** हमीरपुर। तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद डीएम ने दस पात्र गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को भूमि पट्टा आवंटित कर उनके प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डीएम डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी ने आज मौदहा तहसील परिसर पहुंच वहां अभिलेखों की जांच कर जो खामियां थी उनको दुरुस्त कराने के लिए आदेश दिया। वही मौजूद मौदहा विकासखंड के किसवाही गांव निवासी 10 पात्र लोगों को आवासीय भूमि पट्टा आवंटित करा उन्हें चिन्हित कर कब्जा दिलाने के मकसद से भूमि के अभिलेख भी वितरित किए पट्टा मिलने वालों में मुन्नी, सुमित्रा, राजकुमारी, श्वेता, ललिता, माया, उर्मिला, कमतू, राजरानी व माया वर्मा आदि लोगों को 80 वर्ग मीटर आवासीय भूमि प्रदान की गई। तो वही भूमि पर कबजा मिलने से पात्रों के चेहरे खिल गए।

# औद्योगिक विकास कर सरकार दे रही युवाओं को रोजगार : तोमर



**संवाददाता।** चित्रकूट

## ●भुजौली गांव में हुई भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक

**भाजपा** के गनीवा मंडल के शक्ति केंद्र गौहानी कला की बैठक भुजौली गांव में मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि शक्ति केंद्र प्रभारी शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर कार्य कर रही है, राजनीति के माध्यम से भाजपा सेवा करना चाहती है। सोमवार को चित्रकूट के विकास की चर्चा करते हुए शक्तिप्रताप सिंह तोमर ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस चित्रकूट के विकास का द्वार है। इन्वेस्टर समिट मे 11000 करोड़ रुपए से 93 से अधिक व्यवसायी चित्रकूट में फैक्ट्री लगाएंगे, इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों की आमदनी दोगुना करने व उन्हें बीज तथा कृषि यंत्र अनुदान में देने के कार्य भी सरकार कर रही है। सामूहिक विवाह में प्रत्येक वर्ष लक्ष्य निर्धारण के बाद सरल प्रक्रिया से सामूहिक विवाह हो रहे हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भारत के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाकर 80 से ज्यादा देशों में निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का कार्य हो रहा है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी ने संगठनात्मक बूथ सशक्तिकरण अभियान को बढ़ाते हुए प्रत्येक बूथ पर ग्यारह की टीम पन्ना प्रमुख, युवा प्रमुख, मन की बात प्रमुख समेत सेक्टर की हर ग्राम पंचायत मे 2024 के लिए संगठन के कार्य तेज करने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। द्विवेदी ने कहा कि सांसद आरके सिंह पटेल के प्रयासों से चित्रकूट में बाईपास बनेगा।

## क्विक न्यूज

### दलजीत सिंह बने पाराचांद साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष



**घाटमपुर।** विकास खण्ड घाटमपुर की पाराचांद (बेंदा) साधन सहकारी समिति के चुनाव में दलजीत सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये, भाजपा कानपुर ग्रामीण के मंत्री दलजीत सिंह इसी समिति के अंर्तगत आने वाले राहा गांव के निवासी है उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिला मंत्री, बरीपाल मंण्डल के महामंत्री पुष्पेंन्द्र सिंह, राजा सिंह, योगेंन्द्र सिंह घुघुवा और समिति के सदस्य जर्राफ सिद्दीकी ने बधाई दी है।

### पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपने अधीनस्थ को जड़े थप्पड़

**उरई,** जालौन। इस समय कुठौंद का पशु चिकित्सालय पशुओं का इलाज ना कर अपनों का ही थप्पड़ मार इलाज करने में जुटा हुआ है। सोमवार को प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष राजपाल ने अपने अधीनस्थ पशुधन प्रसार अधिकारी को थप्पड़ जड़ दिए। पीड़ित कर्मचारी ने थाना पुलिस को तथा उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। थाना पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित पशुधन प्रसार अधिकारी दुष्यंत कुमार यादव पुत्र अमर सिंह यादव निवासी मिहोना ने बताया कि वह अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु अस्थाई गौशाला बस्तेपुर में गौवंशों का इलाज करने हेतु तैयार होकर जाने वाला था कि तभी ग्राम पंचायत हाजीपुर से सूचना आई एक गाय गंभीर रूप से बीमार है। जिस पर पशुधन प्रसार अधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि साहब आप किसी कर्मचारी को ले जाकर उक्त गौशाला को देख ले मैं बस्तेपुर गौशाला देखने जा रहा हूं। वह इसी बात पर आग बबूला होकर दीवारों से गहरा नाता रखने वाले चर्चित पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष राजपाल ने आव देखा न ताव देखा और अपने अधीनस्थ के गाल पर एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए।

### वर्मी कंपोस्ट बनाकर स्वावलंबी बने महिलाएं: श्रुति

**फतेहपुर।** थरियांव स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण एवं संचालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का जिलाधिकारी श्रुति ने दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण की प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझ ले और वर्मी कम्पोस्ट बनाकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बने। उन्होने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से मृदा भी स्वस्थ रहेगी और उससे पैदा होने वाला अन्न स्वस्थ होगा। जिससे हमारी पीढ़ी को बीमारियों से जूझना नहीं पड़ेगा। कीटनाशक के प्रयोग से हमारी पैदावार बढ़ी जरूर है परंतु गुणवत्ता में कमी आयी है जिससे अनेक बीमारियां फैलती हैं।

### बच्चों को स्कूल भेजकर घर में फांसी पर झूल गयी युवती

**माधौगढ़,** जालौन। रामहेतपुरा गांव निवासी 32 वर्षीय महिला ने फाइुसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली शव को लटकता देख परिजनों में कोहराम मचा और पुलिस को दी गई सूचना सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार 2007 में शेखपुरा अहीर की रहने वाली नीरू की शादी रामहेतपुरा में प्रेम सिंह से हुई थी जिसकी शादी को लगभग 14-15 साल हो चुके हैं और दोनों का जीवन अच्छे से गुजर रहा था लेकिन बीच में कुछ कारणों के चलते पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। परिणामतः नीरू ने आज फांसी लगा कर जान दे दी। नीरू के तीन लड़के हैं रितिक, सचिन और लोकेंद्र हैं। इसके बाद उसके पति प्रेम सिंह ने अपनी बहन की लड़की आकांक्षा को भी गोद ले रखा था।

### सहज यात्रा के लिए नया कैंपेन

**लखनऊ।** यात्रा ऑनलाईन लिमिटेड ने अपने उपभोक्ताओं को चिंता मुक्त यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए अपने नए कैंपेन जब यात्रा है तो काहे का डर ( बिंदास प्लान ) की शुरूआत की है। इस कैंपेन के तहत यात्रा डॉट कॉम पर कैंसिलेशन प्रोटेक्शन फीचर पेश किया गया है। जिसके साथ अगर किसी की यात्रा की योजना पूरी तरह से तय नहीं है या इसमें कोई रूकावट आ जाती है, तो भी यात्री यात्रा का सहज अनुभव पा सकते हैं। कैंसिलेशन प्रोटेक्शन एक इंश्योरेन्स पॉलिसी हैए जिसे यात्रा की वेबसाईटए मोबाइल साईट एवं मोबाइलऐप पर उड़ान की टिकट बुक करने वाले उपभोक्ताओं के लिए ष्लिबर्टी जनरल इंश्योरेन्स लिमिटेड् द्वारा पेश किया गया है।

# तीन शातिर बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चार वाहन बरामद



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाना पुलिस ने तीन लोगों को दबोचकर चोरी की चार मोटरबाइक बरामद की है। सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजापुर थाने के दरोगा रामवीर सिंह की टीम भंभेट गांव के बन्द पडे ईंटभट्ठा के कमरे से राजा उर्फ राजबहादुर रैदास पुत्र बुद्धूलाल, कामता प्रसाद पुत्र बिहारीलाल व विष्णू पुत्र स्व पंचा रैदास निवासी सिकरी अमान को दबोचकर चोरी की चार मोटरबाइकें बरामद की। पूंछताछ में राजा रैदास ने बताया कि वह चोरी की गाडियां बेंचता है। साढे 15 हजार रुपये गाडी खरीदने को दिये थे। पांच हजार रुपये कागज देने की बात हुई थी। चोरों ने पुलिस को बताया कि चारों मोटरबाइकें कौशाम्बी, फतेहपुर व बांदा से चोरी की हैं। चोरी की गाडियां बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। पुलिस ने चारों के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्जकर जेल भेजा है। पुलिस टीम में थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दीवान संतोष त्रिपाठी, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी, उज्जवल पाण्डेय, मनोज कुमार शामिल रहे। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि कोई भी मोटरबाइक अधिकृत विक्रेता से ही खरीदें। पुरानी बाइक खरीदने के पहले एआरटीओ कार्यालय में पड़ताल के बाद ही खरीदें।

# एबीवीपी छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आक्रोशित छात्र -छात्राओं ने आज जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने डीएम से भेंटकर वजीफा से वंचित करने वाले दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अनुज पांडे ने डीएम को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि प्रदेश में पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रति भूत के 273489 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। जिन्हें विश्वविद्यालयों का एपीलियेटिंग एजेंसी द्वारा निर्धारित समय पर 31 जनवरी तक पोर्टल पर लाक नहीं किया गया था। इसी कारण योजना से तमाम डिग्री कॉलेज के छात्र- छात्राएं समय से आवेदन करने पर भी वंचित रह गए। शिकायती पत्र में डीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को अवगत कराया गया कि आज भी ऐसे बहुत से विद्यार्थी हैं। जो अपनी पढ़ाई छात्रवृत्ति के सारे ही पूर्ण कर पाते हैं और ऐसे छात्र देश के गौरव के लिए भी बहुत कुछ कर पाते हैं।

### 23 वर्ष की उम्र में सिविल जज बनी बांदा की दूतिका उपाध्याय



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा की एक मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी सोशल मीडिया में छा रही है। बांदा की बेटी मध्यप्रदेश की सिविल जज परीक्षा में 47वी रैंक पाकर बांदा सैंटमैरी स्कूल का नाम रोशन किया। सुप्रीम कोर्ट में वकील दूतिका उपाध्याय मात्र 23 वर्ष की उम्र में सिविल जज बन गईं है। मां और पिता शिक्षक है, सोशल मीडिया में आजकल हजारों लोग बधाई दे चुके सैकड़ों कमेंट आ चुके है। दैनिक पायनियर लखनऊ पहुंचा दूतिका के ननिहाल इंदिरा नगर बांदा में नाना के यहां ही रहकर पढ़ाई की है। आपको बताते चलें कि दूतिका ने कम उम्र में पहले अटेंप्ट में सिविल जज परीक्षा में 47 वां स्थान प्राप्त करके मध्यप्रदेश में टॉप किया। एक मध्यम वर्गीय परिवार जिसकी फाइनैंशल स्थित बहुत अच्छी ना हो अच्छे संसाधन ना हो शिक्षा का बहुत अच्छा माहौल ना हो लेकिन गरीबी मेहनत और लगन उसे अपनी मंजिल पाने में रोक नहीं पाती है। कोई ना कोई उसे सहारा जरूर देता है।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से बालिका की मौत, मां और भाई घायल



**सुमेरपुर,** हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे से सरिया लाद कर इंगोहटा जा रहे ट्रैक्टर और ट्राली के पलटने से उसमे सवार एक बालिका की मौत हो गई जबकि उसकी मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, दोनों की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मां के साथ पुत्र और पुत्री फसल की कटाई के लिए खेत जा रहे थे। सोमवार को ट्रैक्टर चालक सरिया लादकर इंगोहटा की तरफजा रहा था। तभी तपोभूमि चौराहा के पास इमिलिया थोक निवासी मीरा (45) पत्नी छेदीलाल कुशवाहा उसकी पुत्री अनीता व पुत्र राकेश ट्रैक्टर में बैठ गए थे। जब ट्रैक्टर हंस फैक्ट्री के पास पहुंचा। तभी एक ट्रक ने ओवरटेक करते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली सहित पलट गया। जिससे ट्रैक्टर में बैठी अनीता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मीरा व राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पूर्व मंत्री हाजी याकूब की 31 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क होगी

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी पर पुलिस और प्रशासन का शिंकजा कसता जा रहा है। मेरठ पुलिस ने हाजी याकूब कुरैशी की 31.70 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी की है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने पिछले वर्ष थाना खरखौदा में मीट फैक्टरी के भीतर अवैध रूप से मीट पैकेजिंग के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा कंपनी के निदेशक और सदस्य के खिलाफ कार्वाई की थी। जांच में पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी द्वारा अवैध कमाई से खरीदी गई लगभग 31 करोड़ 70 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति का पता चला, जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई। सजवाण ने बताया कि जिलाधिकारी ने कुरैशी की इन चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्वाई का आदेश पारित किया है और जल्द ही कुर्की की कार्वाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चिह्नित संपत्तियों में जमीन और भवन दोनों शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इनमें 32 के करीब दोपहिया और चार पहिया वाहन तथा कुरैशी और उनके परिजनों के नाम पर खरीदे गए सात भवन भी शामिल हैं।

# कुलाधिपति ने किया सीसीएसयू विवि का पैदल भ्रमण

## अलसुबह कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के साथ भ्रमण पर निकलीं राज्यपाल आनंदीबेन

## पर्यावरण को देख कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की प्रशंसा

**संवाददाता।** मेरठ

**राज्यपाल** व कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल सोमवार को प्रात: कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के साथ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के भ्रमण पर पैदल ही निकल पड़ी। सबसे पहले वह चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंची उसके बाद वह पैदल चलते हुए मंदिर पर पहुंची । मंदिर में भगवान के दर्शन करने के पश्चात वह तपोवन की ओर पहुंची तपोवन देखने के बाद वह खेल मैदान पर पहुंची। वहां से होते हुए वह डिग्गी की ओर जाने वाले रास्ते की ओर गई और वहां पर हॉस्टलों को देखा। उसके पश्चात वह वापस अतिथि गृह पहुंची। इस दौरान उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण को देख प्रशंसा की और कहा कि यह अच्छी बात है कि विश्वविद्यालय ने प्रत्येक पेड़ पर बारकोडिंग व उसके वैज्ञानिक नाम को भी लिख रखा है। इससे लोगों की जानकारी तो




बढ़ेगी ही साथ ही कौन सा पेड़ किस चीज का है उसका नाम क्या है तथा उसका वैज्ञानिक नाम क्या है यह पता चलेगा । भ्रमण के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कुलाधिपति को बताया कि विश्वविद्यालय का 80 प्रतिशत भूभाग में ग्रीनरी है। बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के छह तथा छात्राओं के दो छात्रावास है सभी छात्रावासों के कमरे के बाहर एक एक पौधा लगा हुआ है यह पौधे छात्रों के द्वारा ही खरीदे गए हैं। गमलों पर छात्रों ने अपना नाम लिख रखा है उसकी देखभाल भी छात्र छात्राओं के द्वारा ही की जाती है। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल को बताया कि पर्यावरण के संरक्षण को लेकर विश्वविद्यालय में समय.समय पर अभियान चलाया जाता है। पॉलिथीन बैन को लेकर भी विश्वविद्यालय में हर वर्ष अभियान चलाया जाता है ।यह सभी अभियान छात्र में छात्राओं के द्वारा ही किए जाते हैं विश्वविद्यालय में एक इको क्लब भी बना हुआ है जिनके द्वारा लोगों को पॉलिथीन का कम से कम उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाता है।

# गायत्री मन्त्र सभी विद्याओं में शिरोमणि: पंडित श्याम बिहारी



**गाजीपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सुबह से ही यज्ञ हवन करने के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ यज्ञ स्थल रामलीला मैदान पर पहुंचने लगी। अचानक करवट लिए मौसम में भी श्रद्धालुओं ने पूरे उल्लास पूर्वक अपने सुख समृद्धि की कामना लिए यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। झमाझम बारिश के बीच यज्ञ के दौरान विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए। इस दौरान 250 लोगों ने गायत्री परिवार से दीक्षा भी ली। एवं 200 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गयाए तथा 10 बहनों का पुंसवन संस्कार एवं 15 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। दीक्षा संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रकांड विद्वान एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्याम बिहारी दुबे ने बताया कि ष्गायत्री सब मंत्रों तथा सभी विद्याओं में शिरोमणि है। उससे इंद्रियों की साधना होती हैद्य गायत्री कामधेनु के समान मनोकामना को पूर्ण करती हैद्य दुर्भाग्यए दरिद्रता आदि कष्टों को दूर करती है, पुण्य को बढ़ाती हैए पाप का नाश करती है। मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ष्भारत के झंडे में तीन रंग. केसरियाए सफेदए और हरा है। यह क्रमशः बलिदान एशांति एवं समृद्धि के प्रतीक हैं। राष्ट्रीय कर्तव्य को पूरा करने के लिए आज ही युवाओं की भावनाओं को भी इन तीन रंगों में रंगना होगा। युवाओं की बलिदानी भावना से ही राष्ट्र में शांति स्थापित होगी और तभी देश समृद्धि होगा। प्रत्येक युवा को अपने राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए स्वयं प्रेरित होकर दूसरों को भी प्रेरित करना होगा। इसके बाद 10ए000 दीपक से उत्कर्ष दीप महायज्ञ का आयोजन भी हुआ।

### जनजागरूकता कार्यक्रम में कवियों ने बिखेरे रंग

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के तत्वाधान में गांधी पार्क आमघाट में अपराध निरोधक जन जागरूकता कार्यक्रम के तहतए भव्य कवि सम्मेलन सम्मान समारोह रविवार की देर शाम संपन्न हुआ। समिति के चेयरमैन डॉ उमेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा बिहार के पूर्व कुलपति प्रोण् हरिकेश सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र नाथ सिंह तथा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते हुए लोगों से सतर्क रहने का आह्वान किया और आवश्यकता पड़ने पर शासन द्वारा जारी फोन नम्बरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मंचासीन कवियों ने कार्यक्रम में ऐसी शमां बांधी कि श्रोता देर रात तक उनकी कविताओं और गीतों पर झूमते रहे।

# पुतिन ने चिनफिंग का किया स्वागत

भाषा। मॉस्को



**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को तीन-दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचे चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का क्रेमलिन में स्वागत किया। चिनफिंग का स्वागत करने के साथ ही पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन में जारी संकट के समाधान की चीनी राष्ट्रपति की योजना का भी स्वागत करते हैं।

रूस-यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच चिनफिंग-पुतिन के बीच होने वाली बैठक को अहम माना जा रहा है। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को अलग-थलग करने के पश्चिमी देशों के प्रयासों के बीच चिनफिंग की उपस्थिति को पुतिन के लिए एक कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है।पुतिन ने यह भी कहा कि बैठक ने अमेरिका को संदेश दिया है कि दोनों देश उन्हें कमजोर करने के प्रयासों को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।उन्होंने कहा, रूस और चीन को भयभीत करने की अमेरिकी नीति लगातार उग्र और अधिक आक्रामक होती जा रही है। साथ ही उन सभी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया जा रहा है, जो अमेरिकी फरमान के आगे नहीं झुकते हैं। वहीं, चीन और रूस ने चिनफिंग की यात्रा को दोनों देशों की मित्रता को और प्रगाढ़ करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में वर्णित किया है। क्रेमलिन ने यूक्रेन के लिए चीन की शांति योजना का स्वागत किया है और कहा है कि इसपर पुतिन और चिनफिंग के बीच वार्ता के दौरान चर्चा की जाएगी। दोनों राष्ट्रपतियों के बीच सोमवार को रात्रिभोज के बाद बैठक शुरू होगी। गौरतलब है कि चिनफिंग की रूस यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा शुक्रवार को युद्ध अपराध के आरोपों में पुतिन की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। रूस ने इस वारंट को निष्प्रभावी करार दिया है। चीन अपनी ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था के लिए रूस को तेल और गैस के स्रोत के रूप में देखता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि सोमवार की बैठक के दौरान चिनफिंग और पुतिन यूक्रेन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति मौजूदा हालात पर मॉस्को के दृष्टिकोण को लेकर भी विस्तृत विवरण दे सकते हैं। पेस्कोव ने कहा कि मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच विभिन्न विषयों पर व्यापक बातचीत होगी। वहीं, बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति चिनफिंग का रूस दौरा मित्रता, सहयोग एवं शांति की यात्रा है।उन्होंने कहा, चीन, यूक्रेन संकट पर अपनी निष्पक्ष स्थिति को बनाए रखेगा और शांति वार्ता को बढ़ावा देने में रचनात्मक भूमिका निभाएगा।

## हाल का बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण द.कोरिया पर परमाणु हमले की नकल था : उ.कोरिया

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया ने** सोमवार को कहा कि उसने सप्ताहांत में एक बैलिस्टिक मिसाइल छोड़कर दक्षिण कोरिया पर परमाणु हमले की नकल की। यह अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हाल के वर्षों में सबसे बड़े संयुक्त सैन्य अभ्यास के विरोध में इस महीने उत्तर कोरिया का पांचवां मिसाइल परीक्षण था। सरकारी मीडिया के अनुसार, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपने शत्रुओं द्वारा आक्रामकता दिखाए जाने के कारण अपने परमाणु बलों की युद्ध संबंधी तैयारियों को तेज करने के लिए सेना को और अभ्यास करने का निर्देश दिया है। दक्षिण कोरिया और जापान की सेना ने बताया कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट पर रविवार को कम दूरी की एक मिसाइल का परीक्षण किया। यह कदम तब उठाया गया जब एक घंटे से भी कम समय पहले



अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के युद्धक विमानों के साथ प्रशिक्षण के लिए लंबी दूरी के बी-1बी बमवर्षक विमानों को भेजा था। उत्तर कोरिया का कहना है कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच अभ्यास उस पर हमला करने का पूर्वाभ्यास है जबकि दोनों देश इसे रक्षात्मक अभ्यास बताते हैं। प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि मिसाइल ने करीब 800 किलोमीटर की दूरी तय की।

## ईयू यूक्रेन को तोप के गोलों की आपूर्ति समझौते के प्रयास में

भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के मंत्री यूक्रेन को अत्यधिक जरूरी तोप के गोलों की आपूर्ति करने की योजना को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। रूस द्वारा यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक हिस्से पर हमलों को लेकर लगातार योजना बनाने के बीच यूरोपीय संघ के मंत्री सोमवार को बैठक कर अपने राष्ट्रीय भंडारों को पुन: भरने तथा यूरोप के रक्षा उद्योग को मजबूत करने की योजना भी बना रहे हैं। यूरोपीय संघ के 27 देशों के विदेश और रक्षा मंत्री ब्रसेल्स में एक संयुक्त सत्र में अपनी योजना पर चर्चा करने वाले हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्री कुलेबा इस बैठक में पिछले एक साल से अधिक समय से जारी युद्ध के ताजा घटनाक्रम के बारे में और अपने देश की सैन्य जरूरतों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। ईयू का उद्देश्य यूक्रेन को इस साल तोप के 155 मिलीमीटर के दस लाख गोले प्रदान करना है।

## ईयू ने तुर्किए, सीरिया में भूकंप के बाद धन जमा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदार सोमवार को ब्रसेल्स में जमा हुए है और तुर्किए तथा सीरिया में पिछले महीने भूकंप के बाद उनके लिए धन जमा करने का प्रयास कर रहे है। गत छह फरवरी को तुर्किए मे आए 7.8 तीव्रता के भयावह भूकंप के कारण 52,000 से अधिक लोगो की मौत हो गई थी। वही, दो लाख से अधिक इमारते या तो गिर गई या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मानवीय आपदाओ मे सहायता करने वाली इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) ने कहा कि क्षेत्र मे हालात अब भी गंभीर बने हुए है। उसने दानदाताओ से अपील की कि तुर्किए और सीरिया के लिए क्रमशः एक अरब डॉलर और 39.7 लाख डॉलर जुटाने की संयुक्त राष्ट्र की अपील के अनुसार धन जमा किया जाए।

## सोमालिया में पिछले साल सूखे से 43 हजार लोगों की मौत होने का अनुमान

**नैरोबी।** सोमालिया मे पिछले साल सबसे लंबे समय तक चले सूखे के कारण 43 हजार लोगो की मौत होने का अनुमान है, जिनमे ज्यादातर बच्चे थे। एक नई रिपोर्ट मे यह जानकारी सामने आई है। सोमालिया के ज्यादातर हिस्सो मे सूखे के कारण होने वाली मौतो के बारे मे पहली बार आधिकारिक घोषणा की गई है। पिछले साल के शुरुआती छह महीने मे कम से कम 18 हजार लोगो की मौत होने का अनुमान है।

## न्यूजीलैंड की विदेश मंत्री चीन की यात्रा पर जाएंगी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की विदेश मंत्री नानैया माहुता इस सप्ताह चीन की अपनी यात्रा के दौरान उस देश के विदेश मंत्री छिन कांग से मुलाकात करेंगी। अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड के किसी मंत्री की चार साल मे यह पहली चीन यात्रा होगी। यह यात्रा ऐसे समय मे हो रही है जब चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस सप्ताह मॉस्को यात्रा की योजना बना रहे है। चिनफिंग की इस यात्रा से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कूटनीतिक संबल मिल सकता है।

## अमेरिका में काउंटी कमिश्नर पद की दौड़ में भारतीय मूल के वकील शामिल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य अलबामा मे काउंटी आयुक्त पद की दौड़ मे भारतीय मूल के एक वकील और शिक्षक शामिल है। एक खबर मे यह जानकारी दी गई है। फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर अखबार की पिछले हफ्ते प्रकाशित खबर के मुताबिक, 36 वर्षीय नील मखीजा एक डेमोक्रेट, एक नागरिक अधिकार वकील और पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय मे व्याख्याता है तथा मॉन्टगोमरी काउंटी बोर्ड ऑफ कमिश्नर पद की दौड़ मे शामिल है। खबर के मुताबिक मखीजा ने एक बयान मे कहा योग्य लोगो को चुनने मे मदद करना मेरे जीवन का मिशन रहा है।


## पाकिस्तान पुलिस ने इमरान खान के भतीजे, समर्थकों को गिरफ्तार किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने सप्ताहांत मे यहां एक अदालत के बाहर सुरक्षाकर्मियो पर हुए हमलो मे संलिप्तता के आरोप मे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भतीजे और उनके कई समर्थको को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सुरक्षाकर्मियो पर यह कथित हमला उस समय किया गया था, जब खान भ्रष्टाचार के एक मामले मे एक अदालत के समक्ष पेश होने के लिए लाहौर से यहां पहुंचे थे। सोमवार की गिरफ्तारी के बाद इस्लामाबाद मे गिरफ्तार किए गए खान के समर्थको की कुल संख्या शनिवार से अब तक 198 हो गई है।

# संरा जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी, बस एक मौका

### बर्फ की पतली चादर पर है दुनिया

भाषा। बर्लिन



**संयुक्त राष्ट्र के** वैज्ञानिकों की एक शीर्ष समिति ने सोमवार को कहा कि मानवता के पास जलवायु परिवर्तन के भविष्य के सबसे गंभीर नुकसान को रोकने के लिए अब भी एक मौका है जो, आखिरी के करीब है। जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी समिति ने कहा कि हालांकि ऐसा करने के लिए 2035 तक कार्बन प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लगभग दो-तिहाई तक कम करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इसे और अधिक स्पष्ट करते हुए नए जीवाश्म ईंधन की खोज पर रोक और अमीर देशों को 2040 तक कोयला, तेल और गैस का उपयोग छोड़ने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा, मानवता बर्फ की पतली चादर पर है और यह बर्फ तेजी से पिघल रही है। हमारी दुनिया को सभी मोर्चों पर जलवायु कार्वाई की जरूरत है - सब कुछ, हर जगह, एक साथ। गुतारेस ने जीवाश्म ईंधन पर कार्वाई का अपना आह्वान तेज करते हुए न केवल नो न्यू कोलै (यानी अब कोयला ईंधन चालित किसी भी नए ऊर्जा संयंत्र का विकास नहीं किया जाए) बल्कि 2030 तक अमीर देशों और 2040 तक गरीब देशों द्वारा इसके उपयोग को समाप्त करने का भी आह्वान किया। उन्होंने 2035 तक दुनिया के विकसित देशों में कार्बन उत्सर्जन मुक्त बिजली उत्पादन का आग्रह किया, जिसका अर्थ है गैस से चलने वाला कोई बिजली संयंत्र भी नहीं हो। यह तिथि महत्वपूर्ण है क्योंकि देशों को जल्द ही पेरिस जलवायु समझौते के अनुसार, 2035 तक प्रदूषण में कमी के लक्ष्यों को पेश करना होगा। चर्चा के बाद, संयुक्त राष्ट्र की विज्ञान समिति ने गणना की और बताया कि पेरिस में निर्धारित तापमान की सीमा के तहत रहने के लिए दुनिया को 2019 की तुलना में 2035 तक अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 60 प्रतिशत की कटौती करने की आवश्यकता है। उसने साथ ही यह भी कहा कि 2018 से जारी छह रिपोर्ट में नए लक्ष्य का उल्लेख नहीं किया गया था।

रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन को मानव कल्याण और ग्रह के स्वास्थ्य के लिए खतरा बताते हुए कहा गया है, इस दशक में लागू किए गए विकल्पों और कार्यों का प्रभाव हजारों वर्षों तक रहेगा। रिपोर्ट की सह-लेखिका और जल वैज्ञानिक अदिति मुखर्जी ने कहा, हम सही रास्ते पर नहीं हैं, लेकिन अभी भी देर नहीं हुई है। हमारा इरादा वास्तव में आशा का संदेश है, न कि कयामत के दिन का। ऐसे में जब दुनिया तापमान को पूर्व-औद्योगिक समय से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के विश्व स्तर पर स्वीकृत लक्ष्य से कुछ ही दूर है, वैज्ञानिकों ने तात्कालिकता की भावना पर बल दिया। लक्ष्य को 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के हिस्से के रूप में स्वीकार किया गया था और दुनिया पहले ही 1.1 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। रिपोर्ट लिखने वालों सहित कई वैज्ञानिकों ने कहा कि यह नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिकों की 1.5 डिग्री के बारे में संभवत: अंतिम चेतावनी है क्योंकि उनकी अगली रिपोर्ट संभवत: तब आएंगी जब पृथ्वी इस निशान को पार कर चुकी होगी या जल्द ही इसे पार कर जाएगी। रिपोर्ट के सह-लेखक फ्रांसिस एक्स ने कहा कि 1.5 डिग्री के बाद "जोखिम बढ़ने लगेंगे। रिपोर्ट में उस तापमान के आसपास प्रजातियों के विलुप्त होने का उल्लेख किया गया है। जिसमें प्रवाल भित्तियां, बर्फ

## शीर्ष अफ्गान तालिबान नेता ने भाई-भतीजावाद के खिलाफ फरमान जारी किया

**इस्लामाबाद।** तालिबान के सर्वोच्च नेता ने भाई-भतीजावाद के खिलाफ एक फरमान जारी कर अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन में अधिकारियों को सरकारी पदों पर अपने रिश्तेदारों की भर्ती करने से रोक दिया है। तालिबान नेता मुल्ला हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने सभी तालिबानी अधिकारियों को उनके प्रशासन में पहले से ही काम कर रहे अपने बेटों तथा अन्य रिश्तेदारों को बर्खास्त करने का भी आदेश दिया है। यह फरमान तालिबान सरकार के ट्विटर अकाउंट पर शनिवार देर रात को पोस्ट किया गया। फरमान में कहा गया है, मंत्रालयों, विभागों में सभी अधिकारियों और स्वतंत्र प्राधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि किसी को भी सरकारी पदों पर परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों को नियुक्त करने की अनुमति नहीं है। इस ट्वीट में फैसले के पीछे की वजह का उल्लेख नहीं है, लेकिन अफवाहें हैं कि कई तालिबान अधिकारियों ने उच्च पदों पर अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करने के बजाय अपने बेटों तथा रिश्तेदारों की भर्ती कर दी है।

## शर्म अल-शेख की बैठक के बाद बाइडन ने इज़राइल के प्रधानमंत्री से बात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में इज़राइल और फलस्तीनी अधिकारियों के बीच बैठक के बाद रविवार को इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। व्हाइट हाउस ने फोन पर हुई बातचीत का ब्योरा देते हुए कहा कि बाइडन ने तनाव कम करने के उद्देश्य से इज़राइल, फलस्तीनी प्राधिकरण, मिस्र, जॉर्डन और अमेरिका के वरिष्ठ राजनीतिक व सुरक्षा अधिकारियों के बीच बैठक का स्वागत किया। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने सुरक्षा समन्वय बढ़ाने, आतंकवाद के सभी कृत्यों की निंदा करने और द्वि-राष्ट्र समाधान की व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए सभी पक्षों द्वारा तत्काल, सहयोगात्मक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। इज़राइल-फलस्तीन संघर्ष खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (टू नेशन थ्योरी) का प्रस्ताव दिया था, जिसके अंतर्गत विवादित क्षेत्र में 35 प्रतिशत भूभाग इज़राइल को और 65 प्रतिशत भूभाग फलस्तीन को दिया गया।

## ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति मा यिंग-जेउ अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेंगे

**ताइपे।** ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति मा यिंग-जेउ अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेंगे। मा यिंग-जेउ के एक प्रवक्ता ने इसे स्वशासित द्वीप और चीन के बीच तनाव कम करने का प्रयास बताया है। मा 2008 से 2016 तक ताइवान के राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान चीन और द्वीप राष्ट्र के संबंधों में सुधार हुआ था। हालांकि ताइवान में एक बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद चीन के साथ एक व्यापार समझौते को मंजूरी नहीं मिलने पर उन्होंने अपना पद छोड़ दिया था। मा की प्रस्तावित यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नियमित रूप से ताइवान की ओर लड़ाकू विमान भेज रही है और दोनों देशों की सरकारों के बीच आधिकारिक संचार ठप है। चीन की सत्तारूढ़ सरकार का दावा है कि ताइवान उसके राष्ट्रीय क्षेत्र का हिस्सा है।

## कनाडा में सिख छात्र पर हमला, पगड़ी उतार कर, बालों से खीचा

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में नफरतपूर्ण हमले में 21 वर्षीय सिख छात्र पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर उसकी पगड़ी उतार दी और उसे बालों से खींचते हुए सड़क के किनारे ले गए। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। सीटीवी की खबर के अनुसार, गगनदीप सिंह पर शुक्रवार रात उस समय हमला किया गया, जब वह अपने घर लौट रहा था। काउंसलर मोहिनी सिंह ने बताया कि उन्हें हमले के तुरंत बाद ही इसकी जानकारी मिली और वह गगनदीप से मिलने पहुंची। उन्होंने समाचार चैनल से कहा, मैं उसे देखकर हैरान रह गई। वह अपना मुंह भी नहीं खोल पा रहा था। सिंह ने बताया कि गगनदीवप की आंखे सूजी हुई थी और वह काफी दर्द में था। काउंसलर ने बताया कि गगनदीप रात करीब साढ़े 10 बजे किराने की खरीदारी के बाद घर जा रहा था, तभी बस में उसका 12-15 युवकों से सामना हुआ।

## पाकिस्तानः शरीफ ने सेना प्रमुख मुनीर के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान की निंदा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को अपने पूर्ववर्ती इमरान खान द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और देश के अन्य संस्थानों के खिलाफ छवि धूमिल करने के लिए घिनौना दुष्प्रचार अभियान चलाने की कड़ी निंदा की। शरीफ ने साथ ही विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों से इसके खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान ने जनरल मुनीर पर भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके खिलाफ पिछले सप्ताह देश के सुरक्षाकर्मियों द्वारा कार्वाई कराने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने शरीफ के हवाले से कहा, सेना प्रमुख के खिलाफ अभियान बर्दाश्त से बाहर है और संस्थानों के खिलाफ जारी साजिश का हिस्सा है।

# रामसहाय प्रसाद यादव ने नेपाल के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की



भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** मधेस क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रामसहाय प्रसाद यादव ने सोमवार को देश के तीसरे उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति के कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक विशेष समारोह में नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने 52 वर्षीय यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के उम्मीदवार रामसहाय प्रसाद यादव ने 17 मार्च को नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क ्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) की अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अष्ट लक्ष्मी शाक्य को हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। वह भारत की सीमा से लगे मधेस क्षेत्र के पहले नेता हैं, जो इस पद पर पहुंचे हैं। नेपाल की राष्ट्रीय पोशाक पहनकर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए यादव ने नेपाली भाषा में शपथ ग्रहण की। इस समारोह में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे, पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों और सांसदों समेत कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। यादव को उनकी अपनी पार्टी के अलावा, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर और सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट के साथ-साथ अन्य दलों का समर्थन प्राप्त था। नेपाल ने वर्ष 2008 में संघीय लोकतांत्रिक गणतंत्र व्यवस्था को अंगीकार किया था, जिसके बाद से उपराष्ट्रपति पद के लिए यह तीसरा चुनाव है। यादव की जीत से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की अगुवाई वाली सरकार को मजबूती मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पौडेल का समर्थन करने को लेकर मतभेद के बाद उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस ने पौडेल को नौ मार्च को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया था। राष्ट्रपति की तरह ही उपराष्ट्रपति का चुनाव संघीय संसद (प्रतिनिधि सभा और नेशनल असेंबली) तथा प्रांतीय विधानसभा के सदस्यों का एक निर्वाचक मंडल करता है। उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्ष होता है। मधेसी नेता यादव निवर्तमान उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन का स्थान

### धनखड़ ने बधाई दी

**काठमांडू।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अपने नवनिर्वाचित नेपाली समकक्ष रामसहाय प्रसाद यादव को उपराष्ट्रपति का पद संभालने पर बधाई दी और दोनो देशो के बीच द्विपक्षीय संबंधो को और मजबूत करने की उम्मीद जताई। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ट्वीट किया, रामसहाय प्रसाद यादव को नेपाल के उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई।

### नेपाली पीएम प्रचंड ने विश्वास मत हासिल किया



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद मे विश्वास मत हासिल कर लिया। उन्होने नई सरकार के गठन के बाद सदन मे पिछले तीन महीने मे दूसरी बार विश्वास मत हासिल किया। प्रचंड को 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा मे 172 मत मिले जबकि 89 सांसदो ने उनके खिलाफ मतदान किया, वही एक सदस्य ने मतदान मे भाग नही लिया। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओवादी सेंटर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी नेपाल, जनमत पार्टी, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय जनमोर्चा और आम जनता पार्टी ने प्रचंड के पक्ष मे मतदान किया। वही राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और सीपीएन-यूएमएल ने उनके खिलाफ मतदान किया। गौरतलब है कि सात दलो के गठबंधन मे से दो दलो राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और सीपीएन-यूएमएल के सरकार से समर्थन वापस लेने के कारण प्रचंड (68) को विश्वास मत का सामना करने की जरूरत पड़ी। ए दल राष्ट्रपति पद के लिए नेपाली कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल को समर्थन करने के प्रचंड के प्रस्ताव के खिलाफ थे। प्रचंड ने पिछले साल दिसंबर मे देश के प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था।

# 21वीं सदी में तेजी से बदल रहा विज्ञान

भाषा। मेलबर्न

**2019 में, इवेंट हो**राइजन टेलीस्कोप (ईएचटी) सहयोग ने ब्लैक होल की अब तक की पहली छवि दिखाई, जिसने दुनिया को चौंका दिया। अब वैज्ञानिक इसे और आगे ले जा रहे हैं। अगली पीढ़ी के इवेंट होराइज़न टेलीस्कोप (एनजी ईएचटी) सहयोग का उद्देश्य ब्लैक होल के उच्च-गुणवत्ता वाले वीडियो बनाना है।

लेकिन यह अगली पीढ़ी का सहयोग अन्य तरीकों से भी अभूतपूर्व है। यह प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी के दृष्टिकोणों को एक साथ लाने वाला पहला बड़ा भौतिकी सहयोग है। ग्रह पर फैली एक आभासी दूरबीन टेलीस्कोप जितना बड़ा होता है, वह दूर से छोटी दिखने वाली चीजों को बड़ा करके देखने में उतना ही बेहतर होता है। ब्लैक होल छवियों का उत्पादन करने के लिए,

### आभासी पृथ्वी के आकार के टेलीस्कोप का उपयोग से लगा अनुमान

हमें लगभग पृथ्वी के आकार के एक टेलीस्कोप की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि ईएचटी एक एकल, आभासी पृथ्वी के आकार का टेलीस्कोप बनाने के लिए दुनिया भर में फैले कई टेलीस्कोप और टेलीस्कोप सरणियों का उपयोग करता है। इसे बहुत लंबी बेसलाइन इंटरफेरोमेट्री के रूप में जाना जाता है। ईएचटी के संस्थापक निदेशक, हार्वर्ड एस्ट्रोफिजिसिस्ट शेप डोलमैन ने इस तरह के खगोल विज्ञान की तुलना एक टूटे हुए दर्पण के उपयोग से की है। एक दर्पण को चकनाचूर करने और दुनिया भर में उसके टुकड़े बिखेरने की कल्पना करें। फिर आप समय का ट्रैक



रखते हुए इनमें से प्रत्एक टुकड़े द्वारा पकड़े गए प्रकाश को रिकॉर्ड करते हैं, और उन डेटा को एक सुपरकंप्यूटर में एकत्रित करते हैं ताकि पृथ्वी के आकार के डिटेक्टर को फिर से बनाया जा सके। ब्लैक होल की 2019 की पहली छवि छह स्थलों पर मौजूदा दूरबीनों को उधार लेकर बनाई गई थी। अब, टूटे हुए दर्पण के अंतराल को बेहतर ढंग से भरने के लिए नए स्थलों पर नई दूरबीनों का निर्माण किया जा रहा है। सहयोग वर्तमान में साइटों की संख्या को लगभग 20 तक बढ़ाने के लिए, दुनिया भर में इष्टतम स्थानों का चयन करने की प्रक्रिया में है। इस महत्वाकांक्षी प्रयास के लिए तीन तकनीकी कार्य समूहों और आठ विज्ञान कार्य समूहों में संगठित 300 से अधिक विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इतिहास, दर्शन और संस्कृति कार्य समूह ने हाल ही में एक ऐतिहासिक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें बताया गया है कि कैसे मानविकी और सामाजिक विज्ञान के विद्वान किसी परियोजना के पहले चरण से खगोल भौतिकीविदों और इंजीनियरों के साथ काम कर सकते हैं। रिपोर्ट में चार फोकस क्षेत्र हैं: सहयोगी ज्ञान निर्माण, दार्शनिक नींव, एल्गोरिदम और विज़ुअलाइज़ेशन, और ज़िम्मेदार टेलीस्कोप साइटिंग।

हम डेटा की कल्पना कैसे करते हैं? अंतिम ब्लैक होल छवियों और वीडियो के बारे में सौंदर्य संबंधी विकल्प दृश्य संस्कृति के व्यापक संदर्भ में होते हैं। वास्तव में, नीली लपटें नारंगी या पीली दिखने वाली लपटों की तुलना में अधिक गर्म होती हैं।

### हम सब कैसे सहयोग कर सकते हैं?

अगर आपने कभी किसी और के साथ पेपर (या कुछ भीउ) लिखने की कोशिश की है, तो आप जानते है कि यह कितना मुश्किल हो सकता है। अब 300 से अधिक लोगो के साथ एक वैज्ञानिक पत्र लिखने की कल्पना करें। क्या प्रत्एक लेखक से अपेक्षा की जानी चाहिए कि वह कागज़ के प्रत्एक भाग और उसके निष्कर्षो पर विश्वास करे और उसका बचाव करने के लिए तैयार रहे? हम सभी को कैसे तय करना चाहिए कि क्या शामिल किया जाएगा? यदि सभी को शामिल किए जाने वाले निष्कर्ष से सहमत होना है, तो क्या इसका परिणाम केवल रूढ़िवादी, हलके किए गए परिणामो को प्रकाशित करना होगा? और आप व्यक्तिगत रचनात्मकता और लीक से आगे के विज्ञान की अनुमति कैसे देंगे (विशेषकर जब आप किसी चीज़ को पकड़ने वाले पहले व्यक्ति बनने का प्रयास कर रहे हो)

# थाईलैंड की संसद भंग, आम चुनाव मई में होंगे

भाषा। बैंकाक



**थाईलैंड** में एक सरकारी फरमान से सोमवार को संसद भंग कर दी गई और इसके साथ ही मई में आम चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया है। संसद भंग किए जाने को राजनीति में सेना के प्रभाव को कम करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

प्रतिनिधि सभा के चार साल के कार्यकाल की समाप्ति से कुछ दिन पहले संसद भंग करने की पहल प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओचा द्वारा की गई, जो सात या 14 मई को होने वाले संभावित चुनाव में एक नए जनादेश की मांग कर रहे हैं। चुनाव की तारीख की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। अरबपति थाकसिन शिनावात्रा द्वारा समर्थित विपक्षी फीयू थाईलैंड पार्टी, रूढ़िवादी प्रतिष्ठान का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों के खिलाफ सेना से निकटता से जुड़ी हुई है। संसद का कार्यकाल समाप्त होने से पहले उसे भंग करने से सांसदों को चुनाव से ठीक 30 दिन पहले पार्टी की संबद्धता बदलने की अनुमति मिलती है।

# महाराष्ट्र में सरकारी कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त की

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पूरी हुई वार्ता



भाषा। मुंबइ

**पुरानी पेंशन** योजना (ओपीएस) की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों ने यहां अपने प्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच हुई बैठक के बाद सोमवार को सप्ताह भर से जारी हड़ताल वापस ले ली। कर्मचारी यूनियन के एक नेता ने यह जानकारी दी। हड़ताल में शामिल यूनियन की समन्वय समिति के संयोजक विश्वास काटकर ने दावा किया कि राज्य सरकार नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का हिस्सा रहे कर्मचारियों को ओपीएस के बराबर आर्थिक लाभ देने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गई है। हालांकि, उन्होंने इस बाबत विस्तृत ब्योरा नहीं दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने हड़ताल वापस लेने के फैसले का स्वागत किया, जिससे सरकारी कार्यालयों और सरकारी अस्पतालों में कामकाज प्रभावित हुआ था। सरकारी कर्मचारी ओपीएस की बहाली की मांग को लेकर 14 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे, जिसे राज्य में 2005 में बंद कर दिया गया था। विधानसभा में शिंदे ने कहा, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और राज्य सरकार के कर्मचारियों की विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। आज (सोमवार) मैंने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिन्होंने मेरी अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और अपनी हड़ताल को वापस लेने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने ओपीएस बहाली की प्रमुख मांग का जिक्र किए बिना कहा कि सरकार उनकी मांगों के प्रति सकारात्मक है। उन्होंने कहा, मैं राज्य सरकार के सामने चुनौतियों के बीच हड़ताल वापस लेने के फैसले का स्वागत करता हूं। राज्य सरकार उनकी मांगों को लेकर पूरी तरह से सकारात्मक है। उनकी मांगों के समाधान के लिए पहले ही एक समिति का गठन किया जा चुका है। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।

वहीं, नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हड़ताल वापस लेने के लिए राज्य के कर्मचारियों का आभार जताया और कहा कि सरकार उनकी सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर काम करेगी।

### भाजपा एमएलसी ने ओपीएस की मांग के समर्थन में पेंशन स्वीकार नही करने का फैसला किया

**मुंबइ।** महाराष्ट्र विधान परिषद के एक नए सदस्य (एमएलसी) ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे शिक्षकों और राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों का समर्थन करते हुए सोमवार को उप सभापति से विधायक के रूप में उन्हें पेंशन नही देने का अनुरोध किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से संबंध रखने वाले ज्ञानेश्वर म्हात्रे पहली बार उच्च सदन के सदस्य बने हैं। वो कोंकण क्षेत्र के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है। म्हात्रे ने उप सभापति नीलम गोरहे को लिखे गए पत्र में कहा,मै महाराष्ट्र में शिक्षकों और गैर-शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लगातार समर्थक रहा हूं। मै भविष्य में एमएलसी के रूप मे मुझे दी जाने वाली किसी भी पेंशन को स्वीकार करने से इनकार करता हूं।

## न तो नीतीश प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं और न मैं मुख्यमंत्री : तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ काम करके बहुत खुश है। राजद नेता ने सड़क निर्माण विभाग के लिए बजटीय आवंटन पर बहस का जवाब देते हुए विधानसभा में यह बयान दिया। नीतीश कुमार के पिछले साल राजग से बाहर होने का जिक्र करते हुए यादव ने कहा, मैं यह निर्णय करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, उन्होंने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरना चाहता हूं। न तो वह प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं और न ही मैं मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं। हम जहां हैं, वहीं खुश हैं। विपक्ष हमारे बीच दूरी की कल्पना कर सकता है।



श्रीहरिकोटा से इसरो एलवीएम-3 36 सैटेलाइट लांच पैड तैयार

## झारखंड में पांच लाख के इनामी माओवादी नेता ने आत्मसमर्पण किया

**लातेहार (झारखंड)।** झारखंड के लातेहार जिले में प्रतिबंधित माओवादी संगठन तृतीय सम्मलेन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के एक उप-जोनल कमांडर ने सोमवार को सुरक्षा बलो के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उस पर पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी।माओवादी हमलो से संबंधित 60 मामलो में वांछित दशरथ उरांव उर्फ रोशन जी ने यहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महानिरीक्षक (पलामू) राजकुमार लकड़ा, लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन और सीआरपीएफ कमांडेट के.डी. जोशी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया।लकड़ा ने बताया, ए 60 मामले बालूमाथ, लातेहार, चंदवा, हेरहंज, मनिका, टंडवा और कुंडा थानों में दर्ज है। उरांव ने आत्मसमर्पण के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि वह पिछले 19 वर्षो से भाकपा (माओवादी) और टीएसपीसी की गतिविधियों से जुड़ा था। उरांव ने कहा, मै 2016 तक भाकपा (माओवादी) के साथ था और फिर टीएसपीसी मे चला गया।

## उच्च शिक्षा के लिए अभिभावकों की चिंता दूर होगी

**मुंबई।** उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय तैयारी को लेकर अभिभावकों की चिंताओं को ध्यान में रखकर कई कंपनियां योजनाएं ला रहीं है। इसी के तहत हाल में ही पीएनबी मेटलाइफ जीनियस प्लान लॉन्च किया गया है, जो एक व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेट, सेविंग, जीवन बीमा योजना है। इससे जहां जीवन बीमा का लाभ मिलता है, वहीं अभिभावकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप का भी अवसर देता है। इसमें सेवानिवृत्ति, सुरक्षा, बच्चे और लंबी अवधि की बचत सहित जीवन के सभी दौर में ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाले उत्पाद और समाधान मौजूद हैं। इसी के अनुरूप ग्राहकों की चिंताओं और सवालों के उत्तर देने के लिए पीएनबी सर्कल कार्यालय के सहयोग से कानपुर सर्कल में ''ग्राहक सेवा शिविर'' आयोजित किए गए हैं।

## गृह मंत्रालय ने हर्ष मंदर के एनजीओ के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर द्वारा स्थापित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) अमन बिरादरी के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच की सिफारिश की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य रहे मंदर ने अमन बिरादरी की स्थापना की थी।अधिकारियों ने बताया कि विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून के कई प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर एनजीओ के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। विदेशी फंड लेने वाले सभी एनजीओ के लिए जरूरी है कि वे एफसीआरए के तहत गृह मंत्रालय में पंजीकरण कराएं।

## विहिप ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब में कार्रवाई की सराहना की

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने खालिस्तान समर्थक एवं कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब मे पुलिस कार्वाई की सराहना की। विहिप ने कहा कि केंद्र के साथ मिलकर राज्य सरकार की कार्वाई से भारत की सम्प्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतों से निपटने का देश का संकल्प प्रदर्शित होता है। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने संवाददाताओ से बातचीत में कहा कि ऐसे तत्वो के खिलाफ कार्वाई करने से पंजाब सरकार की इच्छा शक्ति और प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। उन्होने कहा कि सभी को राजनीति से उपर उठना चाहिए और यह संदेश देना चाहिए कि देश किसी को फिर से पंजाब को आतंकवाद की आग में झुलसाने नहीं दे सकता है। कुमार ने कहा कि पिछले दो दिनों में जिस प्रकार से राज्य सरकार और केंद्र साथ आए है।

# कोविड-19 के 918 नए मामले, चार की मौत



भाषा। नई दिल्ली

**भारत में एक दिन** में कोविड-19 के 918 नए मामले पाए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 6,350 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 24 घंटे के भीतर संक्रमण के कुल 918 नए मामले सामने आए, जबकि चार और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,806 हो गई। देश में कोरोना वायरस से राजस्थान में दो और कर्नाटक में एक मरीज की मौत हुई। वहीं, केरल में कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए एक मामला जोड़ा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,96,338 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.8 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,59,182 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है। वेबसाइट के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

### जीवाणु संक्रमण के संदेह के बिना कोविड में एंटीबायोटिक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए : केंद्र के दिशानिर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र की ओर से कोरोना वायरस के वयस्क रोगियों के उपचार के लिए जारी संशोधित दिशानिर्देश में कहा गया है कि जब तक जीवाणु संक्रमण का नैदानिक संदेह न हो, तब तक एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। कोरोना वायरस के मामलों में तेजी के बीच रविवार को जारी संशोधित दिशानिर्देशों में कहा गया है कि भारत में कोविड-19 के वयस्क रोगियों के इलाज के लिए लोपिनेविर-रिटोनेविर , हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन आइवरमेक्टिन , मोल्नूपिराविर , फेविपिराविर , एजिथ्रोमाइसिन और डॉक्सीसाइक्लिन जैसी दवाओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। क्लीनिकल गाइडेंस प्रोटोकॉल को संशोधित करने के लिए एम्साआईसीएमआर-कोविड-19 राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की पांच जनवरी को बैठक हुई। इसमें चिकित्सकों को प्लाज्मा थेरेपी का उपयोग नहीं करने की भी सलाह दी

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को योगी मॉडल अपनाना चाहिए : टी राजा

भाषा। औरंगाबाद

**तेलंगाना में** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निलंबित नेता एवं विधायक टी. राजा सिंह ने कहा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उत्तर प्रदेश के अपने समकक्ष योगी आदित्यनाथ का अनुकरण करना चाहिए और सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

छत्रपति संभाजी नगर (पूर्व में औरंगाबाद) में रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि शिंदे को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों से अतिक्रमण हटाया जाए और वह बुलडोजर शिंदे के रूप में जाने जाएं। उन्होंने छत्रपति संभाजी नगर में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित एक मोर्चा को संबोधित करते हुए लव जिहाद के खिलाफ कानून की मांग की। हैदराबाद से विधायक सिंह ने कहा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नक्शेकदम पर चलना चाहिए। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की पहचान की जानी चाहिए और 100 बुलडोजर खरीद कर इनकी मदद से अतिक्रमण हटा देना चाहिए। सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र में सतारा जिले के प्रतापगढ़ किले में अफजल खान के मकबरे से जिस तरह से अतिक्रमण हटाया गया उसी तरह से छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों से अतिक्रमणों को भी हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, शिंदे को अपनी पहचान बुलडोजर एकनाथ शिंदे के रूप में बनानी चाहिए। शिवसेना का शिंदे गुट महाराष्ट्र में भाजपा के साथ सत्ता में है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर का हाल में नाम बदले जाने को लेकर कुछ लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर सिंह ने कहा, धर्मनिरपेक्ष लोग कहते हैं कि मुस्लिम शिवाजी महाराज की सेना में शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बिजली बिल ढाई प्रतिशत तक कम होगा: आरके सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं से स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे बिजली बिल में 2.5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने यहां स्मार्ट मीटर पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से बिजली आपूर्तिकर्ताओं के लिए परिचालन और वित्तीय लागत कम हो जाती है क्योंकि उपभोक्ता अपने खाते में अग्रिम राशि जमा कर देते हैं। सिंह ने कहा, अगर आपके पास स्मार्ट प्रीपेड मीटर है, बिजली की लागत दो से ढाई प्रतिशत तक कम होगी और इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर के उपयोग से व्यवस्था डिजिटल और स्वचालित बनेगी तथा कुल मिलाकर इससे दक्षता बढ़ेगी।

### टीपू सुल्तान विवाद: वोक्कालिगा समुदाय के संत ने समझाया, नही बनेगी फिल्म

**मांड्या ( कर्नाटक )।** वोक्कालिगा समुदाय के सरदारों उरी गौड़ा और नांजे गौड़ा को लेकर उठे विवाद के बीच समुदाय के एक प्रमुख संत ने इस संबंध में ऐतिहासिक साक्ष्यों की कमी का हवाला देते हुए सोमवार को इस मुद्दे को समाप्त करने की अपील की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेता समेत एक वर्ग का दावा है कि इन दोनों वोक्कालिगा सरदारों ने पूर्ववर्ती मैसुरू के शासक टीपू सुल्तान की हत्या की थी। वोक्कालिगा समुदाय से जुड़े श्री आदि चुनचुनगिरि महासंस्थान मठ के प्रमुख संत निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी ने किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले दोनों के बारे में सूचनाएं, ऐतिहासिक रिकॉर्ड एकत्रित करने की जरूरत बताई है। उन्होंने सोमवार को फिल्म निर्माता और राज्य के मंत्री मुनिरत्न को उरी गौड़ा और नांजे गौड़ा पर कोई फिल्म नहीं बनाने को कहा।

### छावनी बोर्ड ने अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया: अजय भट्ट

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद छावनी बोर्डों ने रक्षा भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के नाम हटाकर अपनी मतदाता सूची में संशोधन किया है। संसद के उच्च सदन के एक सदस्य ने पूछा था कि क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि छावनी क्षेत्रों में रहने वाले कई लोगों को मतदान के अधिकार से बाहर रखा गया है और क्या सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर छावनी बोर्ड चुनाव कराने की कोई योजना है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक लिखित जवाब में कहा कि 27 सितंबर 2016 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में छावनी बोर्डों ने रक्षा भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के नाम हटाकर अपनी मतदाता सूची में संशोधन किया है। मंत्री ने कहा कि छावनी अधिनियम, 2006 के तहत, प्रत्एक व्यक्ति, जो केंद्र सरकार द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तय किया जाता ह।

### 100 छात्रों को मिलेगा जूनियर फेलोशिप

**जयपुर।** आश्रय फाउण्डेशन द झा ग्रुप और सेन्टर फॉर इनोवेशन एण्ड सोशल एंटरप्रेन्योरशिप ऑफ दिल्ली यूनिवर्सिटी के सहयोग से 100 छात्रों के लिए शांति झा सीआईएसई जूनियर फेलोशिप इन इनोवेशन एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप शुरू करने की घोषणा की है। सेन्टर फॉर इनोवेशन एण्ड सोशल एंटरप्राइज ने मार्च 2020 में केएमसी किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी के अधीन स्थापित किया गया था। जिसका मकसद इनोवशन की प्रक्रिया में संलग्न होनाए रचनात्मक विचारों को बढ़ावा देना और सामाजिक परिवर्तन के लिए स्थायी रणनीति बनाना था। फैलोशिप की घोषणा एक गैर सरकारी संगठन आश्रय के अध्यक्ष सतीश झा ने की थी। यह एनजीओ विगत दस वर्षों से भारत के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में शैक्षिक सुधार लाने के लिए लगातार काम कर रहा हैए इस अवसर पर सीआईएसई के संस्थापक और संयोजक प्रोण् रूपिंदर ओबेरॉय और दिल्ली के केएमसी विश्वविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश खट्टर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### मप्र चंबल त्रासदी: सोमवार को दो शव और बरामद होने से मरने वालों की संख्या सात हुई

**मुरैना ( मप्र )।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में चंबल नदी में हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। सोमवार को दो शव और बरामद किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुरैना के तेंतरा थाने के निरीक्षक धर्मेंद्र मालवीय ने बताया कि सोमवार को लवकुश सिंह (12) व ब्रजमोहन (17) के शव मिले हैं।

# पश्चिम बंगाल भारत का मार्गदर्शन करेगा : ममता



भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जीतने के लिए मोहन बागान को सम्मानित करते हुए सोमवार को कहा, अबार खेला होबे (हम फिर से खेल खेलेंगे)। साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल देश को राह दिखाता रहेगा।बनर्जी ने कोलकाता के प्रसिद्ध मैदान में अपने हस्ताक्षर वाली फुटबॉल समर्थकों पर फेंकते हुए यह टिप्पणियां कीं। उनकी 2021 के विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी के नारे से जुड़ी इस टिप्पणी को 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने याचिका में प्रधान न्यायाधीश को पक्षकार बनाने को लेकर आपत्ति जताई

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका में भारत के प्रधान न्यायाधीश को पक्षकार बनाने पर सोमवार को आपत्ति जताई।न्यायमूर्ति एस.के. कौल, न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने अन्य लोगों के साथ याचिका दायर करने वाले वकील मैथ्यूज जे. नेदुमपारा से पूछा कि कैसे उन्होंने भारत के प्रधान न्यायाधीश और शीर्ष अदालत के सभी न्यायाधीशों को सेक्रेटरी जनरल के माध्यम से प्रतिवादी पक्षकार के रूप में पेश किया है। पीठ ने कहा, पक्षकारों की सूची देखिए। आप 40 साल का अनुभव रखने वाले वकील हैं। आप प्रतिवादी संख्या दो (प्रधान न्यायाधीश) और तीन (पूर्ण अदालत) को पक्षकारों के रूप में कैसे शामिल कर सकते हैं? आप पहले पक्षकारों के मेमो में संशोधन करें। पीठ ने कहा कि वह शीर्ष अदालत के लिए इस तरह के रवैए को स्वीकार नहीं करेगी। अदालत ने नेदुमपारा से कहा कि जिस समय शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने इस पर आपत्ति जताई थी, याचिकाकर्ताओं को इसमें संशोधन करना चाहिए था।पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत को रजिस्ट्रार के जरिए पक्षकार बनाया जा सकता है। पीठ ने नेदुमपारा से पक्षकारों के मेमो में संशोधन करने को कहा। पीठ ने कहा कि याचिका उसके बाद ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी।नेदुमपारा ने कहा कि वह उन्हें पक्षकारों की सूची से हटा देंगे और एक दिन के भीतर संशोधन करेंगे। पीठ ने कहा कि अगर ऐसा किया जाता है, तो याचिका को 24 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। इस मुद्दे पर तीन न्यायाधीशों की पीठ पूर्व में फैसला दे चुकी है और याचिकाकर्ताओं को अदालत को आश्वस्त करना होगा।

# केरल में वामपंथी, कांग्रेस नेता भारत के पक्ष में बयान देने वाले ईसाई नेताओं पर निशाना साध रहे: भाजपा

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि केरल में सत्तासीन वाम दल और विपक्षी कांग्रेस राज्य के ईसाइयों को वोट बैंक की तरह देखते हैं और यदि समुदाय के लोग केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में बोलते हैं तो उन्हें स्वतंत्रता से विचार नहीं रखने दिया जाता। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने संवाददाता सम्मेलन में केरल के एक वरिष्ठ पादरी के इस बयान का स्वागत किया कि यदि भाजपा किसानों की समस्याओं पर ध्यान दे तो उनका समुदाय पार्टी की सहायता कर सकता है। हालांकि, उन्होंने वाम दल और कांग्रेस पर, भाजपा का समर्थन करने वाले बयान देने पर ईसाई समुदाय के धार्मिक नेताओं पर निशाना साधने का आरोप लगाया।प्रभावशाली सिरो-मालाबार कैथलिक चर्च के थालासेरी आर्क बिशप मार जोसफ पैम्प्लानी ने कहा कि यदि केंद्र सरकार रबर खरीद के दाम बढ़ाकर 300 रुपए प्रति किलोग्राम करने का वादा करे तो इस दक्षिणी राज्य में भाजपा का कोई सांसद होने की संभावना पर ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर मुरलीधरन के साथ भाजपा प्रवक्ता टॉम वडक्कन और पूर्व केंद्रीय मंत्री के जे अल्फोंस भी थे।

# भूजल संसाधन प्रबंधन को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता, जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के लिए ठोस कदम उठाएं

भाषा। नई दिल्ली

**संसद की एक** समिति ने देश के कई प्रदेशों में भूजल स्तर की गंभीर स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा है कि भूजल संसाधनों के प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा भूजल संरक्षण एवं जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। लोकसभा में पेश भारतीय जनता पार्टी सांसद परबतभाई सवाभाई पटेल की अध्यक्षता वाली भूजल : एक मूल्यवान किन्तु घटता हुआ संसाधन विषय पर जल संसाधन संबंधी स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का भूजल संसाधन देश की पेयजल और सिंचाई जरूरतों को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका है, जिसमें 80 प्रतिशत ग्रामीण पेयजल, 50 प्रतिशत शहरी पेयजल और दो तिहाई सिंचाई जल की आवश्यकता भूजल से पूरी होती है।

# ईडी ने पुणे के शिक्षण समूह की 98 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने सोमवार को कहा कि उसने धन शोधन रोधी कानून के तहत पुणे स्थित शिक्षण समूह के प्रवर्तकों की जमीन और एक स्कूल के भवन समेत चार संपत्ति कुर्क की है। एक स्थानीय सहकारी बैंक के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में जांच के तहत यह कार्वाई की गई है। जांच एजेंसी ने बताया कि ए संपत्ति रोजरी एजुकेशन ग्रुप और इसके मुख्य सहयोगियों विनय अरन्हा और विवेक अरन्हा से संबंधित हैं। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चार संपत्ति को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। बयान में कहा गया है, कुर्क संपत्ति की मौजूदा बाजार कीमत करीब 98.20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। विनय अरन्हा को ईडी ने 10 मार्च को गिरफ्तार किया था।विनय अरन्हा और विवेक अरन्हा के खिलाफ कॉस्मस बैंक के शिवाजी विट्ठल काले द्वारा की गई शिकायत के आधार पर पुणे पुलिस की प्राथमिकी के बाद धन शोधन का मामला आया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने संपत्ति के फर्जी दस्तावेज जमा कर बैंक से 20.44 करोड़ रुपए का कर्ज लिया।

# कश्मीर जैसा हो गया ओलावृष्टि से निमाड़ का इलाका

भाषा। खरगोन

**मध्यप्रदेश के** खरगोन जिले में झिरन्या तहसील के पहाड़ी इलाके में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्फ की सफेद चादर बिछ गई जिससे यहां कश्मीर जैसा नजारा दिखाई दिया और बच्चों व लोगों को बर्फ से खेलने का मौका मिला। कोठारा गांव के सरपंच रमेश वास्कले ने कहा कि रविवार को बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने निमाड़ इलाके को पूरी तरह से बर्फ से ढक दिया।उन्होंने कहा कि आमतौर पर मार्च के महीने में क्षेत्र का तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है लेकिन बेमौसम बारिश और



ओलावृष्टि ने वातावरण को ठंडा कर दिया है, जिससे लोगों और बच्चों को कश्मीर की तरह यहां बर्फ से खेलने का मौका मिल गया।जिला पंचायत सदस्य एवं कोठारा गांव के निवासी सिकता भाई सोलंकी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आजादी के बाद पहली बार हमने क्षेत्र में ऐसी ओलावृष्टि देखी है जिसने पूरे इलाके को बर्फ से ढक दिया है।सोलंकी ने बताया कि इस आपदा में कुछ किसानों की कुछ फसलों को नुकसान भी हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि ए क्षेत्र वन गांवों में आते हैं इसलिए फसलों को अधिक नुकसान नहीं हुआ है। एक स्थानीय किसान म्यान सिंह ने बताया कि जिन फसलों को काटा नहीं गया है, उन्हें नुकसान हुआ है और नुकसान का आकलन करने के लिए प्रशासन से एक सर्वेक्षण कराने की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बच्चों और लोगों को बर्फ से खेलते और बर्तनों में ओले भरते हुए देखा गया। लोगों ने अपने मोबाइल फोन पर बर्फ से खेलने और बर्फ से ढके पहाड़ों व खेतों के वीडियो भी शूट किए और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। इस बीच, खरगोन के जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान की सूचना नहीं है क्योंकि अधिकतर किसान फसल काट चुके हैं।

## पंजाब सरकार निर्दोष सिख युवकों की गिरफ्तारी करना बंद करे : एसजीपीसी प्रमुख

**अमृतसर।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस की कार्वाई के बीच शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सोमवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह निर्दोष सिख युवकों को गिरफ्तार करना बंद करे।शीर्ष गुरुद्वारा निकाय ने पिछले कुछ दिनों से राज्य में सिख युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा किए जा रहे अत्याचारों की भी कड़ी निंदा की। पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ बड़ी कार्वाई शुरू की थी और उसके नेतृत्व वाले संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों सहित 112 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है।

# यूपी वारियर्स ने प्लेऑफ का टिकट पक्का किया

## ग्रेस हैरिस की दमदार पारी से जाइंट्स को हराया

भाषा। मुंबई

**ग्रेस हैरिस की** 41 गेंद में 72 रन की आक्रामक पारी के अलावा तहलिया मैकग्रा (38 गेंद में 57 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 और सोफी एकलस्टन (13 गेंद में नाबाद 19) के साथ छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर यूपी वारियर्स को सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में गुजरात जाइंट्स पर एक गेंद शेष रहते तीन विकेट की रोमांचक जीत दिला दी। वारियर्स की इस जीत से जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। वारियर्स के साथ मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों ने प्लेऑफ में जगह पक्की की। जाइंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 178 रन बनाए। वारियर्स ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 181 रन बनाकर मैच के साथ प्लेऑफ का टिकट भी अपने नाम किया। ग्रेस ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ मैच का रूख मोड़ दिया। वह किम गार्थ की गेंद पर हरलीन देओल को कैच देकर जब पवेलियन लौट रही थी



तब टीम का स्कोर 172 रन था। आखिरी ओवर में वारियर्स को सात रन चाहिए थे और सिमरन शेख के रन आउट होने से आखिरी दो गेंद में दो रन की जरूरत थी। एकलस्टन ने स्नेह राणा (47 रन पर एक विकेट) की गेंद पर चौका जड़ गुजरात को खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। यूपी वारियर्स की टीम ने पांचवें ओवर में 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिया था। मैकग्रा ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए ग्रेस पर दबाव नहीं बनने दिया। उन्होंने 38 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े कर टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। लक्ष्य का बचाव करते हुए मोनिका पटेल (27 रन पर एक विकेट) ने दूसरे ओवर में ही वारियर्स की कप्तान अलिसा हीली (12) का विकेट चटकाकर जाइंट्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। किम गार्थ (29 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद किरण नवगिरे (चार) और तनुजा कंवर (32 रन पर एक विकेट) ने देविका वैद्य (सात) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद जाइंट्स के खिलाड़ी मैच पर पकड़ बनाए रखने में विफल रहे और हैरिस ने मैकग्रा के साथ शानदार साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इससे पहले डी हेमलता (33 गेंदों पर 57 रन) और एशले गार्डनर (39 गेंदों पर 60 रन) के बीच 93 रन की शानदार साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। हेमलता ने 33 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। गार्डनर ने भी अपनी आक्रामक पारी में इतने ही चौके और छक्के लगाए। इस साझेदारी को पार्श्वी चोपड़ा ने हेमलता को आउट कर तोड़ा। पार्श्वी ने इसके बाद गार्डनर को भी एलिसा हीली के हाथों स्टंप करवाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट और सोफिया डंकली ने शुरुआती चार ओवरों में 41 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। वोल्वार्ट ने पारी की तीसरी गेंद पर ही अंजली सरवानी के खिलाफ चौका जड़ा दिया। उन्होंने राजेश्वरी गायकवाड़ के खिलाफ छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए। इसके बाद डंकली ने कुछ आकर्षक चौके लगाए। अंजली ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वुलवार्डट को बोल्डकर टीम को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में राजेश्वरी ने डंकली और हरलीन देओल (चार रन) को आउट कर वारियर्स को दोहरी सफलता दिलाई। टीम ने नौ रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए जिससे पावरप्ले में बाद स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया। इन विकेटों का हालांकि जाइंट्स की रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा। हेमलता और गार्डनर की आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने 11वें ओवर में रनों का सैकड़ा पूरा किया। वारियर्स ने हालांकि आखिरी चार ओवर में हेमलता, गार्डनर और अश्वनी कुमारी के विकेट लेकर टीम को 180 रन के अंदर रोक दिया। वारियर्स की तरफ से राजेश्वरी गायकवाड़ और पार्श्वी चोपड़ा ने दो-दो विकेट चटकाए। अंजली और एकलस्टन को एक-एक सफलता मिली।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात जाइंट्स पारी:** डंक्ली का अंजली बो राजेश्वरी 23, वुलवार्डटबो अंजली 17, देओल का सिमरन बो राजेश्वरी 04,हेमलताका मैक्ग्रा बो पार्शवी 57,गार्डनर स्टं. हीली बो पार्शवी 60,सुषमा नाबाद 08,अश्वनीपगबाधा एक्लस्टन 05, गार्थ, नाबाद 01,अतिरिक्तः (लेगबाईः 02, वाइडः 01) 03,कुल योगः (20 ओवर मे छह विकेट पर) 178 रन, **विकेट पतनः** 1-41, 2-45, 3-50 , 4-143, 5-166 , 6-177, **गेंदबाजीः** अंजली 3-0-21-1,राजेश्वरी 4-0-39-2, एक्लस्टन4-0-27-1, दीप्ति 4-0-49-0, पार्शवी 4-0-29-2,हैरिस 1-0-11-0

**यूपी वारियर्स पारी:** वैद्य का सुषमा बो तनुजा 07, हीली का हरलीन बो मोनिका 12, किरण का वुलवार्डटबो गार्थ 04, मैक्ग्रा का राणा बो गार्डनर 57,हैरिस का हरलीन बो गार्थ 72, शर्मा का गार्डनर बो राणा 06, एक्लस्टननाबाद 19, शेखरन आउट 01, सरवानी नाबाद 00, अतिरिक्तः (वाइडः 03) 03, **कुल योगः** (19.5 ओवर में सात विकेट पर) 181 रन , **विकेट पतन** : 1-14, 2-19, 3-39, 4-117, 5-130 , 6-172 , 7-177 ,**गेंदबाजीः** गार्थ 4-0-29-2, मोनिका 3-0-27-1, गार्डनर 4-0-29-1, तनुजा 4-0-32-1,राणा 3.5-0-47-1, हरलीन 1-0-17-0

# हिमा और सोजान ने आईजीपी में स्वर्ण जीता



## कई स्पर्धाओं में बमुश्किल तीन प्रतियोगियों ने भाग लिया

भाषा। तिरुवनंतपुरम,

**स्टार फर्राटा** धाविका हिमा दास ने सोमवार को यहां इंडियन ग्रां प्री-एक एथलेटिक्स स्पर्धा के 200 मीटर में 23.79 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि लंबी कूद में एंसी सोजान ने 6.49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से सुर्खियां बटोरीं। असम की हिमा ने यहां लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा (24.81) और केरल की बीके विस्मया (24.82) को हराकर स्वर्ण जीता। इस बीच, सोजन ने छह मीटर से लंबी छलांग लगाई और 6.49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की, जो एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक 6.45 मीटर से अधिक है। इस आयोजन में हालांकि बहुत कम शीर्ष एथलीटों भाग ले रहे है। कई स्पर्धाओं में सिर्फ तीन एथलीट ही चुनौती पेश कर रहे थे। महिलाओं की ऊंची कूद और पुरुषों की त्रिकूद में केवल दो प्रतियोगी थे, पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में चार, महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में तीन खिलाड़ियों ने ही हिस्सा लिया। महिलाओं की गोला फेंक में तीन, 800 मीटर महिला में तीन और महिलाओं की 5000 मीटर में तीन प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा के कृष्ण कुमार पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने एक मिनट 47.26 सेकंड का समय लिया। सेना के इस धावक ने एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक एक मिनट 49.05 सेकंड से काफी कम समय लिया।

## जेहान दारूवाला ने दोनों रेस में पोडियम पर जगह बनाई

**जेद्दा।** भारत के जेहान दारूवाला ने फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के सऊदी अरब राउंड में दोनों रेस में शीर्ष तीन में जगह बनाई। डच टीम एमपी मोटरस्पोर्ट के ड्राइवर जेहान शनिवार को स्प्रिंट रेस में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने फीचर रेस में भी पोडियम पर जगह बनाई। वह दोनों रेस में शीर्ष तीन में रहने वाले अकेले ड्राइवर रहे। अब फार्मूला 2 चैम्पियनशिप 31 मार्च से दो अप्रैल तक आस्ट्रेलिया में होगी जहां मेलबर्न के अलबर्ट पार्क पर पहली बार रेस आयोजित की जा रही है।

## इथियोपिया के जमाल ने लॉस एंजिलिस मैराथन जीती

**लॉस एंजिलिस।** इथियोपिया के जमाल यिमेर ने लॉस एंजिलिस मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि महिला वर्ग में कीनिया की स्टासी एंडिवा विजई रही। यिमेर ने 42 . 2 किलोमीटर की दौड़ दो घंटे 13 मिनट 13 . 58 सेकंड में पूरी की। इथियोपिया के एमाने सेगे दूसरे और कीनिया के बार्नाबा किप्कोच तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में कीनिया की मार्था अकेनो दूसरे और ग्रेस क्हूरा तीसरे स्थान पर रही।

## मैनचेस्टर युनाइटेड एफए सेमीफाइनल में

**मैनचेस्टर।** फुल्हम एफए कप फुटबॉल में मैनचेस्टर युनाइटेड के खिलाफ बड़े उलटफेर की ओर बढ़ रही थी लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर उसे नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, उसके मैनेजर को बाहर किया गया और उसने दो गोल गंवा दिए। युनाइटेड ने 3-1 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बना ली। उसका सामना फाइनल में मैनचेस्टर सिटी से हो सकता है क्योंकि दोनों को अलग अलग सेमीफाइनल खेलने है। दूसरी ओर एफए कप से बाहर हुई आर्सनल की नजरें अब 19 साल में पहले प्रीमियर लीग खिताब पर लगी है।

## मुंबई इंडियंस ने मेजर क्रिकेट लीग में न्यूयॉर्क की टीम खरीदी

**न्यूयॉर्क।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में शुरू होने जा रही मेजर क्रिकेट लीग में न्यूयॉर्क की टीम खरीदी है। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार , सारी औपचारिकताएं पूरी करने पर टीम पहली एमएलसी में खेलेगी। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के मालिक जीएमआर समूह ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के साथ सिएटल ओरकास टीम में निवेश किया जबकि चेन्नई सुपर किंग्स टैक्सास टीम का हिस्सा है। मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा , मुंबई इंडियंस के परिवार में न्यूयॉर्क टीम का स्वागत करके काफी खुशी हो रही है।

## अलकाराज ने मेदवेदेव को हराकर इंडियन वेल्स खिताब जीता

**इंडियन वेल्स।** स्पेन के 19 वर्ष के कार्लोस अलकाराज ने दानिल मेदवेदेव को 6 . 3, 6 . 2 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन खिताब जीत लिया और नंबर वन की रैंकिंग फिर हासिल कर ली। एटीपी टूर की सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में वह दूसरे से पहले स्थान पर पहुंच जाएंगे जबकि नोवाक जोकोविच दूसरे स्थान पर खिसक जाएंगे। जोकोविच कोरोना का टीका नही लगवाने के कारण अमेरिका में प्रवेश नही कर सके महिला फाइनल में एलेना रिबाकिना ने एरिना सबालेंका को 7 . 6, 6 . 4 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका की साल में यह दूसरी हार थी। अलकाराज पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद एटीपी के इतिहास में सबसे युवा शीर्ष खिलाड़ी बने थे।

# दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से रौंदा

## मुंबई ने नौ विकेट पर 109 रन पर बनाए थे

भाषा। नवीं मुंबई

**दिल्ली कैपिटल्स** ने महिला प्रीमियर लीग मैच में सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस को नौ विकेट की करारी शिकस्त दी। दिल्ली की टीम ने मुंबई को नौ विकेट पर 109 रन पर रोकने के बाद महज नौ ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए, एलिस कैप्सी ने नाबाद 38, शेफाली वर्मा ने 33 रन और कप्तान मेग लानिंग ने नाबाद 32 रन का योगदान दिया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज मरीजान काप की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 109 रन पर रोक दिया। अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले के तीसरे ओवर में ही काप ने लगातार गेंदों पर यास्तिका भाटिया (एक) और नैट साइवर-ब्रंट (शून्य) को आउट कर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम इन झटको से उबर नहीं पाई। काप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो सफलता हासिल की। उन्हें शिखा पांडे और जेस जॉनासेन का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दो-दो विकेट लिए। मुंबई के लिए पूजा वस्त्राकर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और इस्सी वोंग ने 23-23 का योगदान दिया। हरमनप्रीत और वस्त्राकर के बीच पांचवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी मुंबई के लिए सर्वाधिक रही। काप की अंदर आती गेंद को पढ़ने में यास्तिका चूक गई और विकेटकीपर तानिया भाटिया ने आसान कैच लपका। इसके बाद उन्होंने साइवर-ब्रंट को बोल्ड किया। अगली गेंद पर हरमनप्रीत कौर ने शानदार डिफेंस से उन्हें हैट्रिक पूरा करने से रोक दिया। मुंबई को जल्दी ही एक और झटका लगा। अगले ओवर में हेले मैथ्यूज (पांच) को शिखा पांडे ने चलता किया। जेमिमा रोड्रिग्स एक हाथ से शानदार कैच लपक कर टीम को जश्न मनाने का मौका दिया चौथे ओवर में मुंबई का स्कोर तीन विकेट पर 10 रन था और पावर प्ले में टीम 19 रन ही बना सकी। यह पावरप्ले में इस टीम का सबसे कम स्कोर है सातवें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने अमेलिया केर (आठ) को पवेलियन की राह दिखा दी। इसके बाद क्रीज पर आई वस्त्राकर ने छक्का और चौका लगाया। पूनम यादव के द्वारा किए गए पारी के इस 10वें ओवर से 18 रन आए। हरमनप्रीत जहां संभलकर खेल रही थी वही वस्त्राकर ने दो और चौके जड़ दिए। उनकी यह पारी हालांकि ज्यादा लंबी नहीं चली। जॉनासेन की गेंद पर राधा ने उनका कैच लपका। बड़ा शॉट खेलने की चक्कर में हरमनप्रीत ने शिखा की गेंद पर जेमिमा को कैच थमा दिया।



### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियन्स पारी:** भाटिया का तानिया भाटिया बो काप 01, मैथ्यूज का जेमिमा बो शिखा 05,साइवर-ब्रंट बो काप 00, कौर का जेमिता बो शिखा 23, केर का तान्या बो अरुंधति 08,वस्त्रकार का राधा बो जॉनासेन 26, वोंग का लानिंग बो जॉनासेन 23,अमनजोत रन आउट 19 ,काजी नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 02,**कुल योग** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 109 रन,**विकेट पतनः** 1-6, 2-6, 3-10, 4-21, 5-58, 6-74, 7-104, 8-109,**गेंदबाजीः** काप 4-0-13-2,कैप्सी 1-0-4-0,शिखा 4-0-21-2,जॉनासेन 4-0-25-2, अरुंधति 3-0-10-1,राधा 3-0-18-0,पूनम 1-0-18-0

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:** लानिंग नाबाद 32,शेफाली स्टं. यास्तिका बो मैथ्यूज 33, कैप्सी नाबाद 38,**अतिरिक्तः** 07,**कुल योगः** (नौ ओवर मे एक विकेट पर) 110 रन,विकेट पतनः 1-56,**गेंदबाजीः** साइवर-ब्रंट 2-0-21-0,वोंग 2-0-20-0,इशाक 2-0-36-0,मैथ्यूज 2-0-27-1,केर 1-0-2-0

## मुझे बाहर करने का टाइटस ने जो कारण दिया, उससे हैरान हूं : डोटिन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन ने महिला प्रीमियर लीग से बाहर रहने पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिए गुजरात जाइंट्स ने जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है। वेस्टइंडीज की 31 वर्ष की हरफनमौला डोटिन को अडानी समूह की टीम ने 60 लाख रुपए में खरीदा था लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें चिकित्सा कारणों से बाहर कर दिया गया। जाइंट्स ने कहा डोटिन निर्धारित समय सीमा तक चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जिसकी वजह से उनकी जगह आस्ट्रेलिया की किम गार्थ को शामिल किया गया। डोटिन ने हालांकि ट्विटर पर कहा , मैं पहली महिला प्रीमियर लीग से मेरे बाहर होने को लेकर लग रही अटकलों पर संक्षिप्त बयान देना चाहती हूं।

# जीत की राह पर लौटने उतरेगी सिंधू

## स्विस ओपन आज से

भाषा। बासेल

**खराब फॉर्म से** जूझ रही गत चैम्पियन पी वी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के जरिए जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगी। पिछली बार उपविजेता रहे दुनिया के नौवे नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे जो आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से दूसरे दौर में ही बाहर हो गए थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को हालांकि पहले दौर में 2018 विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता चीन के शि युकी का सामना करना है जो बर्मिंघम में पिछले सप्ताह उपविजेता रहे। प्रणय एकल वर्ग में भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं जबकि सिंधू और लक्ष्य सेन इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझते रहे हैं। चोट के कारण लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के बाद अच्छे नतीजे नहीं आने से सिंधू ने अपने कोरियाई कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ लिया था। वह पिछले सप्ताह चीन की झांग यि मान से



हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी जेंजिरा स्टाडेलमान से खेलेंगी। वहीं मलेशिया ओर इंडिया ओपन में शुरुआती दौर से बाहर हुए सेन ने पिछले सप्ताह चोट तिएन चेन को हराया लेकिन दो बार के विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हार गए। उनका सामना हांगकांग के ली चेयुक यू से होगा। भारत के ही किदाम्बी श्रीकांत चीन के 23 वर्ष के वेंग होंग यांग के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में सेमीफाइनल तक पहुंची त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधंती से होगा।

# लवलीना, साक्षी क्वार्टर फाइनल में

## मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

भाषा। नई दिल्ली

**तोक्यो** ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत जीत से करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। लवलीना के साथ सोमवार को यहां साक्षी (52 किग्रा) ने भी 5-0 की दमदार जीत के साथ अंतिम आठ में अपनी जगह सुनिश्चित की। लवलीना ने जहां मेक्सिको की वनेसा ओर्टिज को पछाड़ा, वहीं साक्षी ने कजाखस्तान की जजीरा उरावाएवा को मात दी। भारतीय अभियान को हालांकि प्रीति की हार से झटका लगा।



उन्हें करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में प्रीति की जगह को लेकर विवाद हो गया था क्योंकि वह उसने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिताब नहीं जीता था। इस 19 साल की खिलाड़ी ने 54 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन पिछले साल की रजत पदक विजेता थाईलैंड की जितपोंग जुटामास से रोमांचक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पिछले सत्र में 52 किग्रा वर्ग में पदक जीतने वाले थाईलैंड की खिलाड़ी ने प्रीति को 4-3 से मात दी। यह मुकाबला इतना करीबी था कि आखिरी नतीजे के लिए रिव्यू का सहारा लेना पड़ा। प्रीति ने आक्रामक शुरुआत करते हुए मुकाबले में पहले



दौर के मुकाबले में 4-1 से बढ़त बनाई लेकिन अगले दो दौर में वह लय बनाए रखने में विफल रही। प्रीति ने कहा, मैंने इस बाउट से बहुत कुछ सीखा। मेरी प्रतिद्वंद्वी काफी मजबूत थी। मुझे और मेहनत करने की जरूरत है। मैं पहले दौर में आक्रामक थी और मुझे इसे जारी रखना चाहिए था और मुझे बाउट पर हावी होना चाहिए था। लवलीना को 75 किग्रा के नए भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने अपना पहला मुकाबला जीतकर पदक की ओर कदम बढ़ाया। विश्व चैम्पियनशिप में दो बार की कांस्य पदक विजेता अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ थोड़ी रक्षात्मक दिखीं। लवलीना को अधिक लंबाई के कारण दूर से खेलने के लिए मजबूर किया गया।

# नीरज के लिए धन मुहैया कराएगा टॉप्स

## तुर्की में प्रशिक्षण

भाषा। नई दिल्ली



**ओलंपिक** स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा 61 दिनों तक तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण लेंगे जिसके खर्च का वहन टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के जरिए होगा। खेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस 25 बरस के इस खिलाड़ी ने पिछले साल भी यहीं अभ्यास किया था। मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 16 मार्च को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना, तुर्की में 61 दिनों की अवधि के लिए प्रशिक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा, टॉप्स की ओर से जारी राशि में नीरज, उनके कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और उनके फिजियोथेरेपिस्ट का हवाई किराया, रहने और खाने का खर्च, चिकित्सा बीमा और स्थानीय परिवहन लागत शामिल होगी। एमओसी सदस्यों ने बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शंकर मुथुसामी और बधिर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोल्फ खिलाड़ी दीक्षा डागर को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी वित्तीय सहायता में गोल्फ के उपकरण की खरीद और दीक्षा के लिए एक व्यक्तिगत कोच, फिटनेस और पोषण प्रशिक्षक की नियुक्ति शामिल है। इसमें स्विस ओपन, स्पेन मास्टर्स और ऑरलियन्स मास्टर्स में राजावत की भागीदारी और ओरलेन पोलिश ओपन और स्लोवेनिया योनेक्स ओपन में शंकर की भागीदारी पर होने वाला खर्च शामिल है।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पारी से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीती

भाषा। वेलिंगटन

**धनंजय डिसिल्वा** और दिनेश चांदीमल की अर्धशतकीय पारियों के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों की धैर्यपूर्ण खेल के बाद भी श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में पारी की हार को नहीं टाल सकी। फॉलोऑन खेलते हुए श्रीलंका की टीम ने ने चौथे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 113 रन से की थी। बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरे दिन छकाया लेकिन आखिरी ओवरों की चुनौती से नहीं निपट सके। न्यूजीलैंड को आखिरी दो विकेट झटकने के लिए ढाई घंटे तक गेंदबाजी करनी पड़ी। पहली पारी में महज 67 ओवर में 164 रन पर आउट होने वाली श्रीलंका की टीम ने दूसरी पारी में 142 ओवर तक बल्लेबाजी की और 358 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन पर घोषित की थी। धनंजय ने 98 और दिनेश ने 62 रन बनाकर श्रीलंका को पूरे दिन बल्लेबाजी करने में मदद की।

# इंडियन आयल मुम्बई ने खिताब जीता





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**40वीं** अखिल भारतीय केडीसिंह "बाबू" पुरुष आमंत्रण प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच इण्डियन आयल बनाम पीएसबी के मध्य खेला गया। जिसमें इण्डियन आयल ने पीएसबी को 3-0 से पराजित कर 40वीं अखिल भारतीय पुरुष आमंत्रण प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इण्डियन आयल ने दोबारा विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। मैच के 20वें मिनट में ही इण्डियन आयल की ओर से गुरजिंदर सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से गोल करते हुए अपनी टीम का स्कोर 1-0 कर दिया। मैच के 47वें मिनट में दीपक ठाकुर ने शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को 2-0 पर ला खड़ा कर दिया। मुख्य अतिथि नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव रहे निदेशक खेल आपी सिंह मौजूद रहे। ीआरपीएफने कम्बाइण्ड हास्टल यूपी को 1-0 गोल से पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आईटीएफवर्ल्ड टूर के मुख्य दौर के मैच आज स

### यूपी के यश पहुंचे क्वालीफाइंग राउंड के फाइनल राउंड में



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच के दूसरे के मैच में उलटफेर का दौर रहा। यूपी के यश चौरसिया ने द्वितीय वरियता प्राप्त कनाडा के केलसी स्टीवेनसन को सीधे सेटों में 6-1,7-6 6 से हरा दिया। इसके अलावा भारत के लोहिताक्ष बद्रीनाथ ने शीर्ष वरीयता जैकब ब्रैडशॉ से पार पाते हुए क्वालीफाइंग के अंतिम राउंड में जगह बना ली है। जैकब ने दूसरे सेट के बाद रिटायमेंट ले लिया। आज हुए एक रोचक मैच में थाइलैंड के प्रूच्या इसारो ने भारत के शिवांक भटनागर को हरा दिया। खास बात ये है कि शिवांक के पास दो मैच प्वाइंट थे पर इसारो ने वहां से मैच जीत लिया। इसके अलावा फैसल कमर ने अमरीका के टॉमी जैपलिंस्की को सीधे सेटों में 6-4,6-2 से हरा दिया। इसके अलावा नीदरलैंड्स स्टीन पेन और बेल्जियम के रोमेन फॉकन ने अपने मैच जीतकर क्वालीफाइंग के आखिरी राउंड में जगह बना ली है। इसी तरह भारत के ऋषभ अग्रवाल, कजाकिस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिनए कोरिया के वूबिन शिन ने भी क्वालीफाइंग के आखिरी दौर में जगह बना ली है।

## राजस्थान रॉयल्स के साथ बने रहेंगे संगकारा, मोन ब्रोकमैन होंगे मानसिक प्रदर्शन कोच

भाषा। नई दिल्ली,

**कुमार संगकारा** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स में क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका निभाते रहेंगे जबकि ट्रेवर पेनी उनके सहायक होंगे। श्रीलंका के लसिथ मलिंगा तेज गेंदबाजी कोच होंगे जबकि जुबिन भरूचा रणनीति, विकास और प्रदर्शन निदेशक होंगे। जाइल्स लिंडसे विश्लेषण और तकनीक कोच, सिद्धार्थ लाहिड़ी सहायक कोच और दिशांत याग्निक क्षेत्ररक्षण कोच होंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम ने जॉन ग्लोस्टर (मुख्य फिजियो), रॉब यंग (टीम डॉक्टर), एटी राजामनी प्रभु (अनुकूलन कोच) की सेवाएं भी बरकरार रखी है। मोन ब्रोकमैन टीम के मानसिक प्रदर्शन कोच होंगे जबकि नील बैरी सहायक फिजियो होंगे। राजस्थान रॉयल्स को पहला मैच दो अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।